डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹73300 10 ग्राम

₹97000 01 किलो

सेंसेक्स 81,526.14 +16.09

डॉलर 84.785 -0.098

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 12 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-58, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 इंडस्ट्री के मामले में दुनिया....

## एक नजर

### झारखंड में लगातार बढ़ रही ठंड, अगले पांच दिनों तक मौसम रहेगा साफ

**रांची।** झारखंड में बारिश के बाद लगातार ठंड बढ़ रही है। साथ ही, ठंडी हवाओं के साथ तापमान लगातार गिर रहा है। इसमें अभी और गिरावट की संभावना है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। राज्य में कम से कम 4 डिग्री तक तापमान में गिरावट आएगी। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। सुबह में कोहरा रहेगा, लेकिन बाद में मौसम साफ हो जायेगा। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान बुधवार को 9.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान जमशेदपुर के अधिकतम तापमान में छह डिग्री की वृद्धि हुई है। राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री, डालटनगंज में 1.4 डिग्री और बोकारो में 3.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। न्यूनतम तापमान की बात करें, तो रांची में 3.9 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 3.4 डिग्री, डालटनगंज में 2.7 डिग्री और बोकारो में 3.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

### क्रशर व्यवसायी से मांगी गई 20 लाख की रंगदारी

**रांची।** रांची के बरियातू के हरिहर सिंह रोड स्थित अंजली अपार्टमेंट में रहने वाले शैलेंद्र प्रताप सिंह उर्फ अनूप सिंह से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी के जरिये 20 लाख की रंगदारी की मांग की गई है। रुपये नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी गई है। प्राथमिकी में शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि टाटीसिलवे थाना क्षेत्र तथा अपने चाचा स्व. राधा मोहन सिंह के सिकिदरी के कुचू स्थित क्रशर का भी संचालन करता हूं। मेरे मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह देवा गिरोह का सदस्य अविनाश तिवारी बोल रहा है। उसने धमकी भरे लहजे में कहा कि तुम्हारा पुत्र संत थॉमस स्कूल में पढ़ता है और तुमलोग हरिहर सिंह रोड में अंजली अपार्टमेंट में रहते हो। फोन करने वाले के पास हमारी संबंध में पूरी जानकारी थी। उसके बाद उसने कहा कि 20 लाख रुपये इंतजाम करके रखो, वरना जान से मरवा देंगे। इसके पूर्व भी 29 सितंबर 24 को धमकी भरा फोन आया था, इस संबंध में मैंने सिकिदरी थाने में सन्हा दर्ज कराया था।

## जमीन विवाद में गोलीबारी, युवक की जान बची

### दिनदहाड़े गोलीबारी से मेदिनीनगर में दहशत, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मुहल्ला में दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना में एक युवक घायल हो गया। पहाड़ी के मुस्लिम नगर निवासी सदाम कुरैशी (28 वर्ष) को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। गोली उसके बाएं हाथ के कंधे में लगी है। घायल सदाम को पहले मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, बाद में परिजनों ने उसे बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों के अनुसार, सदाम सुबह अपने लगभग एक वर्षीय बच्चे के साथ टहल रहा था, तभी तेली पट्टी की ओर से आए दो बाइक सवारों ने उस पर गोलियां चला दी। गोली से बचने के प्रयास में गोली उसके कंधे में लगी। अपराधी काले रंग की बाइक पर सवार थे और चेहरा ढंके हुए थे। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए। परिजनों का कहना है कि सदाम पहाड़ी मुहल्ला में सलीम सदर के घर के पास एक जमीन का एग्रीमेंट करना चाहता था, जिसको लेकर पहले भी कुछ विवाद हुआ था। घटना की सूचना पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टीओपी 1 प्रभारी सरस कुमार मौके पर पहुंच कर जाँच शुरू की। सदर डीएसपी मणिभूषण प्रसाद और थाना प्रभारी ने निजी अस्पताल में जाकर घायल से जानकारी ली। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। सद्दाम कुरैशी पलामू के चर्चित नमिता देवी हत्याकांड का आरोपी रहा है और कुछ दिनों पहले ही जेल से रिहा हुआ है। उन्होंने बताया कि सद्दाम ने दो अपराधियों की पहचान की है। इनमें साबिर अंसारी ने गोली चलाई थी, जबकि मिंटू रंगसाज बाइक चला रहा था।





घायल सदाम कुरैशी

## मंडल डैम निर्माण कार्य में देरी पर सांसद ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना के लंबित निर्माण कार्य का मुद्दा उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से झारखंड राज्य सरकार को निर्देशित करने की मांग की, ताकि परियोजना का निर्माण शीघ्र पूरा हो सके। सांसद ने कहा कि झारखंड के लातेहार जिले में स्थित यह परियोजना पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के साथ-साथ बिहार के गया और औरंगाबाद जिलों की 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई, पेयजल और औद्योगिक जरूरतों के लिए पानी उपलब्ध कराने की परिकल्पना पर आधारित है। उन्होंने बताया कि 2014 में केंद्र सरकार ने इस परियोजना के पुनर्निर्माण के लिए 1622.27 रुपये करोड़ की स्वीकृति दी थी और 5 जनवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शिलान्यास किया। लेकिन डूब क्षेत्र के प्रभावित ग्रामीणों के मुआवजे और पुनर्वास में राज्य सरकार की उदासीनता के चलते कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। सांसद ने कहा कि डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के मुआवजे और पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार ने संशोधित लागत राशि स्वीकृत की थी, जो राज्य सरकार को मिल चुकी है। बावजूद इसके, राज्य सरकार ने राशि वितरित नहीं की है, जिससे परियोजना अधूरी पड़ी है। उन्होंने केंद्र सरकार से राज्य सरकार को निर्देश देने की मांग की, ताकि मंडल डैम परियोजना का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा हो सके। यह जानकारी संसद के निजी सचिव अलखा पांडेय ने दी।



### षष्ठम विधानसभा के पहले सत्र में राज्यपाल ने सदस्यों को किया संबोधित, कहा

# सरकार हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने के लिए है प्रतिबद्ध

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड विधानसभा के सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए सबसे पहले सत्र में मौजूद सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विधानसभा चुनाव जीतकर आए नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा, आप में से कई सदस्य पूर्व में भी विधानसभा के सदस्य रहे हैं, जबकि कई सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे हैं। इस विधानसभा में अनुभवी और नए सदस्यों का समागम हुआ है। सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाएं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है। विधानसभा की आदर्श परंपराओं और कीर्ति को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य के परस्पर सहयोग से ही राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास संभव है, इस अवधारणा के हम पक्षधर हैं। हमारी सरकार संघीय ढांचे की स्वस्थ परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करेगी तथा भारत की गरिमामयी विरासत का सम्मान करते हुए कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना के अनुरूप जनहित के व्यापक कार्य करेगी। आप सभी के माध्यम से राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए गरिमामय और गौरवपूर्ण चर्चा का साक्षी बनेगा। यह सदन अपने विधायी कार्यों से झारखंड को प्रगति के शिखर तक ले जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि, जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति के प्रतीक होते हैं। षष्ठम विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में एक मजबूत और स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है। यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ेगी। हमारी सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज के वंचितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों एवं गरीबों की खुशहाली के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के त्याग और बलिदान को हृदय में आत्मसात करते हुए द्वेष, घृणा, अहंकार, प्रतिशोध से दूर रहने का प्रण लेकर कार्य करेगी। झारखंडी अस्मिता को केंद्र में रखकर सजग, सुलम, स्वच्छ, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से राज्य को प्रगति के उच्च शिखर पर ले जाने के लिए संकल्पित है।



### बोले राज्यपाल

- *नई विधानसभा में अनुभवी और नए सदस्यों का है समागम*
- *हमें आदर्श परंपराओं और कीर्ति को मिलकर बढ़ाना है आगे*

### 11,697 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**रांची।** झारखंड विधानसभा के सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11,697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए 6,390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ऊर्जा विभाग के लिए 2,577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### अभिभाषण की महत्वपूर्ण बातें

- केंद्र सरकार एवं उनकी कंपनियों के पास पड़ा राज्य का बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये वापस लाने के लिए राज्य सरकार कानूनी रास्ता भी अपनाएगी।
- हो, मुंडारी, कुड़ुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करेंगे।
- सरकार आदिवासी-मूलवासी को स्थानीय नीति बनाकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है।
- पांचवीं विधानसभा ने सर्वसम्मति से पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, आदिवासी को 28 प्रतिशत और दलित को 12 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक एवं सरना-आदिवासी धर्म कोड को पारित कर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है, जो अभी गृह मंत्रालय में लंबित है। इस कार्यकाल में केंद्र सरकार से इन विषयों को स्वीकृत कराने का हर संभव प्रयास करेंगे।
- वर्षों से खासमहल एवं जमाबंदी की जमीनों पर रह रहे परिवारों को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ-साथ गैरमजरूवा जमीन पर बसे रैयतों की भूमि जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गई थी, उसे प्रारंभ किया जाएगा।
- राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा।
- सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी, जब तक राज्य के सभी निवेशकों का भुगतान न हो जाए।
- राज्य के जिन सहारा पीड़ितों ने अपने प्राण गंवाए, याद दुःख-अवसाद में आत्महत्या करने को मजबूर हुए, उनके परिजनों को सरकारी स्तर पर आर्थिक सहयोग दिया जाएगा।
- किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है। इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के साथ-साथ राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी, जिससे उन्हें न्यूनतम 350 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिल सके।
- राज्य में अवस्थित विभिन्न नदियों एवं डैम के पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई लिफ्ट इरिगेशन योजना को आगे बढ़ाते हुए 10,000 करोड़ रुपये की योजनाएं प्रारंभ की जाएंगी।
- राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना करेंगे। सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही, 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किए जाएंगे।
- राज्य में प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं प्रत्येक अनुमंडल में पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- राज्य में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए 15 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।
- सभी प्रखंडों और जिलों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी सह शिक्षा सहयोग केंद्रों की स्थापना की जाएगी।
- केजी क्लास से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। **शेष पेज 11 पर**

## झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है : हेमंत सोरेन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में कहा, झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। हमने लड़कर जीत हासिल की है और कभी हार नहीं मानी है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, गत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के साथ करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद से झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पंहुचाकर मजबूत करने का काम करना है। वंचित और शोषित सहित समाज के सभी वर्गों को हक-अधिकार देने का काम करना है।

### बोले सीएम

- हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है
- हमने लड़कर जीत हासिल की और कभी हार नहीं मानी



रांची में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में शामिल होने आए पार्टी के नेताओं के साथ विधायक कल्पना सोरेन।

## जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र करे सरकार : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार अति शीघ्र झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करे। कोर्ट ने यह बात बुधवार को जेपीएससी 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार एवं रिजल्ट जल्द प्रकाशन करने को लेकर दाखिल पवन कुमार वर्मा की रिट याचिका की सुनवाई के दौरान कही।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झारखंड सरकार को जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी में अध्यक्ष का पद पिछले तीन माह से रिक्त रहने से कई नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हो रही है। झारखंड वेलफेयर स्टेट है। यहां विधानसभा चुनाव होने के बाद एक पॉपुलर सरकार भी बन चुकी है। एक बेहतर स्टेट होने के नाते झारखंड में जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरे जाने की उम्मीद की जा रही है। कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी के कैलेंडर के तहत अगस्त माह में साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी हो जानी थी। जेपीएससी के अध्यक्ष के पद रिक्त होने से कई अभ्यर्थियों को उम्र सीमा के नुकसान होने एवं उनके करियर पर असर पड़ने की भी संभावना है। झारखंड में नई सरकार का गठन हो चुका है। कैबिनेट की बैठक भी हो रही है और सदन की कार्रवाई भी चल रही है। इसके अलावा, संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ऐसे में जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर क्यों अब तक नियुक्ति नहीं हो रही है? सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया **शेष पेज 11 पर**

## इंडिया

## नारी सुरक्षा कानूनों को हथियार बनाकर दुरुपयोग पर सवाल



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सुप्रीम कोर्ट ने विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पतियों और ससुराल वालों को स्वार्थ के लिए परेशान करने के लिए क्रूरता कानून के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज करते हुए की, जिसमें एक महिला द्वारा अपने पति, उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को उनके ससुराल वालों की क्रूरता से बचाने वाले कानूनों के 'दुरुपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति' को चिह्नित किया और कहा कि अदालतों को निर्दोष लोगों के अनावश्यक उत्पीड़न को रोकने के लिए दहेज उत्पीड़न के मामलों का फैसला करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।बेंगलुरु में आत्महत्या से पहले अतुल सुभाष ने 80 मिनट का एक वीडियो रिकॉर्ड किया था जिसमें उन्होंने अपनी अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया और उनके परिवार पर पैसे ऐंठने के लिए उन पर और उनके परिवार पर कई मामले दर्ज करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा अतुल ने अपने 24 पेज के सुसाइड नोट में न्याय व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और न्याय न मिलने पर अस्थियां गटर में प्रवाहित करने को कहा। दारा लक्ष्मी नारायण और अन्य बनाम तेलंगाना राज्य और अन्य की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए, जो विवाहित महिलाओं के खिलाफ पतियों और उनके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता को दंडित करती है का दुरुपयोग किया जा रहा है। मामले की सुनवाई करते हुए, जस्टिस बीवी नागरत्ना और एन कोटिस्वर सिंह की शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि कभी-कभी प्रावधान, जिसका उद्देश्य मूल रूप से महिलाओं को घरेलू हिंसा और उत्पीड़न से बचाना था, का कुछ महिलाओं द्वारा अपने पति और उसके परिवार को अनुपालन करने के लिए मजबूर करने के लिए शोषण किया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने पत्नी द्वारा अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दायर क्रूरता और दहेज के मामलों को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। पति द्वारा तलाक मांगे जाने के बाद पत्नी ने मामला दर्ज कराया था। सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पत्नी ने व्यक्तिगत शिकायतों को निपटाने के लिए मामले दायर किए थे और वह कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग कर रही थी, जिसका उद्देश्य उसकी रक्षा करना था। भारत में मध्यकाल में महिलाओं की स्थिति बहुत खराब हो गई थी इसलिए समाज में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और संरक्षण के लिए 2005 के घरेलू हिंसा अधिनियम जैसे कई नए कानून बने ताकि उन्हें उनके पति और ससुराल वालों द्वारा उत्पीड़न और यातना से बचाया जा सके। भरण-पोषण अधिनियम ने महिलाओं को तलाक लेने के बाद एक सभ्य जीवन जीने में मदद की। बलात्कार पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय दंड संहिता में धारा 375 को जोड़ा गया। महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए और भी कई कानून हैं।ये कानून महिलाओं को विभिन्न प्रकार के भेदभाव, यौन उत्पीड़न और अन्याय से बचाने के उद्देश्य से बनाए गए थे। पर समय बीतने के साथ-साथ ऐसे कई मामले सामने आए जहां इन कानूनों का दुरुपयोग किया गया था। कुछ महिलाएं अपने फायदे के लिए इन कानूनों का दुरुपयोग करती हैं।भारत में बनाए गए कानून लिंग-विशिष्ट हैं, जिसका अर्थ है कि कुछ कानून महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं लेकिन कोई भी कानून पुरुषों के अधिकारों की रक्षा नहीं करता है। महिलाएं पुरुषों के खिलाफ अपनी सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग करती हैं, जिसके कारण कभी-कभी एक निर्दोष पुरुष भी दोषी माना जाता है।लेकिन अब ऐसा नहीं है, हिंसा अब सिर्फ. महिलाओं तक ही सीमित नहीं है। पुरुषों पर भी शारीरिक, भावनात्मक और यौन हमला होता है। वे इस अपमानजनक व्यवहार की रिपोर्ट नहीं करते क्योंकि भारत में कानून महिलाओं के पक्ष में है।महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए सख्त कानून का अब दुरुपयोग होने लगा है। स्थिति यह है कि तीन साल में डेढ़ गुना मामले पंजीबद्ध हुए हैं। इनमें कुछ प्रारंभिक जांच में ही खारिज हो गए तो कई ट्रायल में खत्म। फर्जी मामलों में आरोपी को पहले तो पुलिस की प्रताड़ना उसके बाद जमानत होने तक कम कम तीन माह जेल में ही रहना पड़ता है। इनके बाद कानूनी रूप से बरी होने पर सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। कानून में प्रावधान है कि यदि कोई कानून का दुरुपयोग करते हुए झूठा केस करता है और न्यायालय में झूठा सिद्ध हो जाता है तो प्रभावित व्यक्ति इसके लिए दावा पेश कर सकता है। अब तक किसी भी मामले में बरी हुए किसी भी आरोपी ने दावा पेश नहीं किया। महिला को भगा ले जाने पर या फिर राजी-मर्जी होते हुए भी ब्लैकमेलिंग के लिए मामला दर्ज करा दिया जाता है।महानगरों में धनाढ्य परिवारों में प्रेम विवाह के बाद क्रूरता का मामला दर्ज कराने के कई मामले हैं जिनके प्रचार के बाद सचमुच की पीड़िता और पीड़ित होगी।



## एक नजर

### शिव मंदिर में चोरी की कोशिश, श्रद्धालुओं की भावना आहत



**मोहम्मदगंज।** प्राचीन गीता भवन परिसर में स्थापित महादेव-विश्वकर्मा मंदिर पर चोरों की कुदृष्टि लग गई है। लोगों की आस्था के महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक इस धार्मिक स्थल के शिव मंदिर से सोमवार की रात्रि में चोरी करने का प्रयास सामने आया है। बताया गया कि अज्ञात चोरों ने इसके प्रयास में लोहे के गेट के हैंडिल को टेढ़ा कर दिया है। चोरों की नजर मंदिर में लगे पीतल के घंटा और अन्य सामानों पर टिकी है। इसके पहले इस मंदिर से पीतल की एक बाल्टी चोरी कर चोरों ने हाथ आजमा लिया है। इस मंदिर में चोरी की बढती वारदात से श्रद्धालुओं की भावना आहत हैं।

# दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

## पुलिस की कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** अंचल अधिकारी संतोष कुमार व अन्य वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार की सुबह चार बजे स्थानीय पुलिस ने हैदरनगर-पंसा मुख्य पथ पर कोसीआरा नहर पुल व हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर इंटवा गांव लउवाखांड़ के अलग-अलग स्थानों से बगैर रजिस्ट्रेशन नंबर के दो अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। प्रभारी थाना प्रभारी आदित्य प्रसाद ने बताया कि जपला मुख्य पथ के बाद पुलिस बल को मिली गुप्त सूचना के सत्यापन के बाद कोसीआरा में नहर पुल के समीप दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। दोनों वाहन पंसा स्थित सोन से बालू का उठाव कर हैदरनगर की ओर आ रहा था। संबधित वाहन चालकों से वाहन व बालू के कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने पर दोनों वाहनों को थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबध में जिला खनन पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई के लिये सूचना दे दी गई है। इस बालू के परिवहन में संलिप्त इटवा गांव निवासी प्रकाश कुमार व कोसीआरा गांव निवासी रामू पासवान को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस बालू माफियाओं के विरूद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रखेगी। क्षेत्र में अवैध बालू का खनन, भंडारण करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है।

### मानवाधिकार संगठन को सहायता नहीं मिलने से बढ़ी हताशाः रामचंद

**मोहम्मदगंज।** विश्व मानवाधिकार दिवस 10 दिसंबर होने के बाद भी कोई विचार गोष्ठी का आयोजन नहीं किया गया। स्थानीय स्तर पर 2007 से सक्रिय मानवाधिकार विकास मंच की ओर से इस बार कोई भी कार्यक्रम आयोजन नहीं किया। इसकी वजह मंच के संस्थापक सचिव रामचंद्र मिश्र ने किसी भी स्तर से आर्थिक सहायता का नहीं मिलना बताया है। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में संगठन के बीच निराशा बढ़ी है। हालांकि दुर्घटना में घायल होने से उनके कमजोर होने के कारण संस्था की ओर से इस बार इस मौके पर कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ है। उन्होंने ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन के हित में सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मंच के निदेशक अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, कोर कमेटी के अध्यक्ष डा. प्रभु प्रसाद, उपाध्यक्ष जयकुमार सिंह के अलावा रामदेव मेहता, डा. नंदू मेहता, हीरालाल शर्मा, शिवनारायण मेहता, कामता मेहता (रिटायर शिक्षक) सहित अन्य सभी सदस्यों की हौसला अफजाई करते हुए मानवाधिकार हनन के खिलाफ कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया है।

# शहर में सड़क व फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू )।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में प्रतिदिन लग रहे जाम से निजात पाने के लिए अंचल कार्यालय तथा नगर पंचायत कार्यालय द्वारा सड़क व फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इस दौरान बुधवार को सीओ मनीष कुमार सिन्हा तथा नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने थाना से अररूआ खुर्द मध्य विद्यालय तक सड़क के दोनों ओर के दुकानदारों को सड़क तथा नाला के बीच वाहन नहीं लगाने तथा फुटपाथ पर समान रखकर आवागमन बाधित करनेवालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। सीओ ने बताया कि गुरुवार से सड़क तथा फुटपाथ पर अतिक्रमण करनेवालों से दण्ड शुल्क वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन बाइक व आटो पार्किंग के लिए स्थान की व्यवस्था कर रही है। मालूम हो कि हरिहरगंज शहर के लोग प्रतिदिन सड़क पर लगने वाले जाम से परेशान हैं। वहीं कई लोगों द्वारा फुटपाथ का भी अतिक्रमण कर लिया जाता है। जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। मौके पर अंचल सीआई संजीव कुमार व नगर पंचायत के कर्मी के साथ पुलिस बल उपस्थित थे।

# भाली गांव के अधेड़ की ट्रेन के चपेट में आने से मौत, शोक




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भजनिया गांव के बैरियाडीह टोला के पास मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक किनारे से भाली गांव के अधेड़ योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह (55) का शव पुलिस ने बरामद किया गया है। सूचना पर स्थानीय थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के निर्देश पर एएसआइ शेख अमानुल्लाह ने सदलबल पहुंच घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी रेल पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर जपला पोस्ट से आरपीएफ पहुंची। घटना की जानकारी ली। तब तक ग्रामीणों की भी काफी भीड़ जमा हो गई। इस घटना में पप्पू सिंह की मौत से लोग शोक में डूबे नजर आए। जबकि शव की शिनाख्त के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर उसके पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतक के पास से पुलिस को डालटनगंज-मोहम्मदगंज का एक रेल टिकट मिला है। ऐसे में ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत को लेकर अलग-अलग तरह से क्यास लगाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि स्टेशन से रेलवे ट्रैक के किनारे से घर जाने के दौरान या झपकी आ जाने के बाद स्टेशन में नहीं उतरने के कारण घटनास्थल (खंभा संख्या-384/4) के पास उतरने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई है।

# पैसेंजर ट्रेनों के नंबर में बदलाव, एक जनवरी से प्रभावी

## फिर से चलेगी 0 नंबर वाली पैसेंजर ट्रेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पूर्व मध्य रेलवे की '0' से शुरू होने वाली 30 पैसेंजर ट्रेनों को एक जनवरी 2025 से नियमित ट्रेन नंबर के रूप में पुनः क्रमांकित किया जाएगा। इस संबंध में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार (पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल) ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी है। इन ट्रेनों में गढवा रोड-डेहरी ऑनसोन रेलखंड के मध्य चलने वाली पैंसेजर ट्रेनें भी शामिल हैं। इससे संबंधित जानकारी में वर्तमान और पूर्ववर्ती नंबर के साथ बताया गया है कि 03311-53611 बरवाडीह- डेहरी ऑन सोन पैसेंजर, 03312-53612डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह पैसेंजर,03341-53357 बरकाकाना-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर,03342-53358 डेहरी ऑन सोन- बरकाकाना पैसेंजर, 03363 53349 बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन पैसेंजर, 03364-53350 डेहरी ऑन सोन- बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन के भी नाम और नंबर शामिल हैं।

# ग्रामीणों ने उपायुक्त से पथ निर्माण में अनियमितता जांच की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन से दक्षिण हैदरनगर से बिन्दू बिगहा पथ निमाण में भारी अनियमितता किये जाने की शिकायत उपायुक्त पलामू से ग्रामीणों ने की है। उन्होंने इस पथ में मानक व प्राक्कलन विरुद्ध काम कराये जाने की जांच व संबधित संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीण राम असरेस सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, पिंटू सिंह, वरिष्ठ समाज सेवी मन्नान खान व सज्जू खान ने बताया कि इस में कुल डेढ़ फीट डब्ल्यूबीसी के तहत डेढ़ फीट के बजाया मात्र आठ इंच ही मेटल पथ में डाला गया हैं। पानी का छिड़काव व रोलिंग कराये जाने के बाद एक फीट उंचाई पथ की तैयारी चाहिये। इस पथ के बीच मार्ग में कलवर्ट प्राक्कलन अनुरुप अब तक नहीं डाले गये हैं। इससे पथ निर्माण की गुणवता पर सवाल खड़ा होने लगा है। उन्होंने कहा कि इस पथ के निर्माण होने से बिन्दू बिगहा के अलावा चौकड़ी, भिखा बिगहा, बिलासपुर, नौडीहा गांव व इसके कई टोलों के आवागमन में दूरी कम होगी। किन्तु घटिया पथ बनने से उक्त गांवों के ग्रामीणों को कम समय में जर्जर व धराशयी होने की आशंका से कई लाभ नहीं मिल पायेगा।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए उपयुक्त है वातावरण

## केंद्र सरकार की योजना को धरातल पर उतारने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्र सरकार की केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की योजना को स्थानीय सिंचाई विभाग परिसर में धरातल पर उतारने की मांग की जाने लगी है। लोगों का कहना है कि यहां इसके लिए पर्याप्त भूमि और अनुकूल वातावरण मौजूद हैं। प्राकृतिक सौंदर्य और पौराणिक स्थलों की भरमार है। पर्यटक स्थल के रूप में अलग पहचान बन गई है। ऐसे में शैक्षणिक दृष्टिकोण से भी उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना के सैकड़ों एकड़ में खाली पड़े अस्थाई आवासीय परिसर केंद्र सरकार के नई केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने के प्रस्तावित योजना के लिए आवश्यक संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं। स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण के बीच सुरमई हरे भरे पहाड़ी वादियों से घिरा और कलकल करती कोयल नदी के किनारे उक्त स्थल अध्ययन के लिए उपयुक्त है। पलामू जिला मुख्यालय से करीब 60 और गढ़वा जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी पर अवस्थित मोहम्मदगंज से 30 किमी पर बिहार राज्य की सीमा, 60 किमी पर छतीसगढ़ और 80 किमी पर उत्तरप्रदेश की सीमा लगती है। रेलवे और रोड कनेक्टिविटी के मामले में भी यह स्थान समृद्ध है। जहां केंद्रीय विश्वविद्यालय खोले जाने से पलामू गढ़वा जिला क्षेत्र के अलावा राज्य के सीमावर्ती बिहार राज्य के औरंगाबाद ,रोहतास और छतीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के छात्र-छात्राओं को बेहतर उच्च शिक्षा का लाभ मिल सकता है। साथ ही इससे पिछड़ापन दूर होगी। विकास के पथ पर अग्रसर जिले से एक नया आयाम जुड़ेगा। इसे देखते हुए यहां केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग करने वालों में जिला पार्षद अंजू देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यनारायण सिंह, रामजन्म राम, कांग्रेस सहकारिता विभाग के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन राहुल सिंह, उपप्रमुख नगीना सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दिकी, कमला देवी, प्रिया सिंह, उमेश राम, पंसस ममता देवी, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, शुभम्‌ कुमार सिंह, सुशील कुमार मेहता,मंटू दास, रौशन कुमार और पूर्व मुखिया पंचम खान व अन्य कई लोग शामिल हैं।

# कबरा खुर्द में प्रमुख ने की बालू घाट की पूजा

- सरकारी व निजी भवन निर्माण कार्य में मिली राहत
- प्रशासन ने की सभी पंचायतों में दरों का निर्धारण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** बालू के अभाव में प्रखंड क्षेत्र में छह माह से रुके निजी व सरकारी भवनों के निर्माण में गति आने के आसार मिलने लगा है। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर बुधवार को परता पंचायत के तटवर्ती कबरा खुर्द गांव स्थित सोन नदी में बालू घाट का शुभारंभ बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, प्रमुख कलावती देवी, मुखिया कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने विधिवत पूजा पाठ के बाद शुरू किया है। उन्होंने कहा कि इस घाट से प्रति ट्रैक्टर सौ रुपये रॉयल्टी का भुगतान क्रेता को करना होगा। पांरपरिक तौर पर इस वर्ष गत 10 जून को एनजीटी के जारी निर्देश पर बालू के खनन व ढुलाई पर रोक लगने के बाद सभी विकास अवरुद्ध हो गये थे। इस मौके पर उपस्थित मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह व नाजमा खातून, समाजसेवी नावाजिश खान, परवेज आलम, पूर्व मुखिया जितेन्द्र पासवान, अनुज कुमार रवि, सिनेश साव, रंजीत सहित कई प्रतिनिधियों की उपस्थिति में क्षेत्र में बालू की कालाबाजारी को रोकने के लिये इसके दरों का निर्धारण भी सभी पंचायतों के लिये प्रशासन की मौजूदगी में कर दिया गया है। जिसमें परता 800, खरगाड़ा 1200-1500, हैदरनगर पश्चिमी व पूवी पंचायत में 1700 - 2000 रुपये प्रति टैक्टर बालू पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। जबकि बभंडी व चौकड़ी 2000-2300, इमामनगर बरेवा 2300-2500, मोकहर कला व बिलासपुर पंचायत के ग्रामीणों को सुलभता से बालू मुहैया कराने के लिये 2500-2800 रुपये प्रति ट्रैक्टर बालू मिलेंगे। वहीं संड़ेया, कुकही व बरडंडा पंचायत के लोगों को 2800-3000 रुपये प्रति ट्रैक्टर बालू देना सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### मुखिया ने निजी खर्च से जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा

**नावाबाजार।** ठंड को देखते हुए कंडा पंचायत मुखिया नरेंद्र सिंह ने जरूरतमंद गरीबों के बीच अपने निजी राशि से कंबल वितरण करने की शुरूआत की है। इसकी शुरूआत अपने पैतृक गांव कंडा से किया है। बुधवार को कंडा गांव में वार्ड नंबर 11, 12, 13 के जरूरतमंदों के बीच स्वयं पहुंच कर सैकड़ों कंबल वितरण किया। कंबल वितरण के दौरान असहाय परिवार सत्येंद्र पासवान के घर पहुंचे। वहां परिवार के लोगों को आर्थिक सहयोग भी किया। मुखिया नरेंद्र सिंह ने कहा कि गरीब निर्धन व असहाय का सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। गरीबों का भी अपना कर्तव्य होता है। वह अपने बच्चों को शिक्षित करे, जिससे वह शिक्षित बनकर देश व समाज की सेवा कर सके। उन्होंने कहा कि कंबल वितरण का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

### छात्रा लापता, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के शिवा बीघा गांव निवासी दिलीप पासवान की पुत्री अराधना कुमारी घर से हुसैनाबाद प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय जाने के लिए निकली छात्रा 9 दिसंबर से लापता हो गई है। इस संबंध में परिजनों के खोजने पर भी जब उसका कुछ भी पता नहीं चलने पर हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी की रिर्पोट दर्ज कराई है। पुलिस ने छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि उसके परिजनों के लिखित शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। छात्रा के परिजनों ने बताया कि 9 दिसंबर की सुबह उक्त छात्रा प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय जाने के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। कुछ भी पता नहीं चलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

## न्यूज बॉक्स

### बांग्लादेश में सनातनियों पर अत्याचार के खिलाफ हुसैनाबाद में जनसभा आज

**हुसैनाबाद।** बांग्लादेश में सनातनियों पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ जनसभा सह रैली गुरुवार को दोपहर में जपला महावीर जी भवन से नगर भ्रमण करते हुए छठ पोखरा तक आयोजित की गई है। जपला सर्व सनातन नगर कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की माता, बहनों, समाजिक कार्यकर्ताओं को बांग्लादेश में सनातनी समाज (हिन्दू, सिक्ख, जैन, बौद्ध) और मठ मंदिरों पर हो रहे बर्बरतापूर्ण अत्याचार के खिलाफ इस कार्यक्रम में महावीर जी भवन में एकजुट होकर आत्याचार और अन्याय के खिलाफ अपनी एकता का परिचय देने की अपील की गई है। साथ ही अत्याचारियों को होश में आने का आह्वान किया गया है। विहिप के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केशरी ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए निर्धारित कार्यक्रम में समय पर अपनी दैनिक कार्यो को छोड़कर अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई हैं।

### भाजपा नेता ने कंबल व अलाव व्यवस्था की मांग किया

**हरिहरगंज।** पलामू में बढ़ते ठंड में कंबल वितरण में देरी को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने झारखंड सरकार व जिला प्रशासन से जरूरतमंदों के बीच शीघ्र कंबल वितरण करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यस्था की भी मांग की है। वह बुधवार को पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ठंड से बचने के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीबों व असहायों को बांटे जाने वाले कंबल वितरण में देर होने से बढ़ते ठंड में जरूरतमंदों की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हरिहरगंज सहित पलामू जिले में पिछले दिनों से ठंड लगातार बढ़ रही है। बढ़ती ठंड को देखते हुए सरकार व जिला प्रशासन जल्द से जल्द इस ओर ध्यान दें । प्रेस वार्ता में संजय जायसवाल, शंभू यादव, गोपाल प्रसाद गुप्ता, शंभू सिंह, विजय पासवान, रामचंद्र चौधरी, सत्येंद्र पासवान, राजकुमार चौधरी, केदारनाथ ठाकुर तथा कपिल यादव आदि शामिल थें।

### सेवा कार्य दिवस के रूप में मनाई गई शिक्षाविद की पुण्यतिथि

**नीलांबर पीतांबरपुर।** शिक्षाविद व राजकीयकृत उच्च विद्यालय लेस्लीगंज के पूर्व प्रधानाध्यापक रहे पंडित रमाबल्लभ तिवारी की छठी पुण्यतिथि बुधवार को उनके लेस्लीगंज स्थित आवास पर मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, राजकीयकृत उच्च विद्यालय लेस्लीगंज के प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार सिंह ने पूर्व प्रधानाध्यापक रमाबल्लभ तिवारी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रमाबल्लभ तिवारी ने 1954 में लेस्लीगंज उच्च विद्यालय की स्थापना काल से इस क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का काम किये थे। उन्हीं की देन है कि आज कई पीढ़ी शिक्षा के क्षेत्र के साथ अन्य क्षेत्रों से आगे है। शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ उनका हमेशा सामाजिक सरोकार भी रहा और समाज के विभिन्न वंचित लोगों को लिए भी उन्होंने कार्य किया। इस कड़ी को उनके परिवार के लोग आगे बढ़ा रहे हैं। परिवार के लोगों ने स्वर्गीय तिवारी के पुण्यतिथि को सेवाकार्य दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है, जो प्रसंसनीय है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किया गया योगदान पूरे क्षेत्र के लोग बहुत लंबे समय तक याद रखेंगी। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक के परिजनों द्वारा निर्धन जरूरत मंद छात्रों के लिए 15000 का सहयोग राशि राजकीयकृत उच्च विद्यालय लेस्लीगंज के प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार सिंह को दिया।कार्यक्रम में शिक्षक सुशील कुमार तिवारी,सतीश तिवारी, सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी,मोहम्मद अलीमुद्दीन अली अहमद ,डॉ कृष्णकांत दुबे,तारकेश्वर पासवान,रामप्रसाद राम, राम प्रकाश तिवारी,मंगलकिशोर दुबे,सतीश मिश्रा,परमदेव दुबे,राजेंद्र दुबे,सत्यदेव दुबे,रामनाथ राम,अंकू ब्यास,विकाश तिवारी, रजनीकांत पाठक सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# ट्रांसजेंडरों का जन्म से मृत्यु तक मानवाधिकारों का हनन होता हैः डॉ. रेशमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**छत्तरपुर।** वर्तमान परिपेक्ष्य में मानवीय मूल्यों के संरक्षण की नितांत आवश्यकता है। मानव मूल्यों के जीवन विधि में व्यहारिक जीवन जीने की आवश्यकता है। उक्त बातें गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा हाइब्रिड मॉड में भारत में मानवाधिकारः जागरूकता, समस्या और समाधान विषय पर आयोजित एक दिवसीय व्याख्यान माला में पटना विश्विद्यालय, पटना के सिनेट सदस्य डॉ. रेशमा प्रसाद ने कही। उक्त व्याख्यान माला का शुभारंभ सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार का हनन यदि सबसे ज्यादा होता है तो ट्रांसजेंडर समुदाय का, क्योंकि उन्हें मनुष्य समझा ही नहीं जाता। इनके जन्म से मृत्यु तक के सारे अधिकारों का हनन होता है। विशिष्ट वक्ता मधु कुमारी (शोध छात्रा, राजनीति विज्ञान विभाग-एनपीयू, मेदिनीनगर) ने कहा कि हमारे भारतीय संविधान में प्रस्तावना, नीति निर्देशक तत्व, मौलिक अधिकारों में मानवाधिकार के सुरक्षा की गारंटी देता है। इसके बाद भारत में अशिक्षा, आर्थिक, सामाजिक पिछड़ापन के कारण अपने अधिकारों के जागरूकता के अभाव के कारण आम जनों के मानवाधिकारों का हनन होता है। स्वागत भाषण देते हुए परीक्षा नियंत्रक प्रो. अमित कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में मानवाधिकारों के अधिकार और हनन पर सार्थक गोष्ठी होनी ही चाहिए। सामाजिक संगठन और कार्यकर्ता समाजिक जागरूक के लिए प्रयासरत है उनके साथ चलने की जरूरत है। विषय प्रवेश करते हुए समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. राज मोहन ने कहा कि मानवाधिकार व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन का स्त्रोत है। मानव के जन्म के उपरांत से ही सभी प्रकार के मिलने वाले अधिकार से है, जो मनुष्य के नाते सभी प्रकार के अधिकार स्वतः प्राप्त होते है। उक्त व्याख्यान माला में प्रो मुन्नी देवी, प्रो रोहित कुमार, प्रो सुनीता कुमारी, प्रो अपराजिता प्रकाश, सुषमा कुमारी, सिमा कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, मनीष कुमार, सोनाली, कौशल्या, गौतम कुमार, मिथलेश कुमार कंचन कुमारी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे। कार्यक्रम में ऑनलाइन और ऑफलाइन लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन आयोजक प्रो. राज मोहन ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मुन्नी देवी ने किया।

## चिंता

### पैक्स में पंजीकृत किसान धान बिक्री करने का कर रहे हैं इंतजार

# क्षेत्र से प्रतिदिन पांच ट्रक अन्य राज्यों में जा रहा है धान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में पैक्स के क्रियान्वयन नहीं होने से इसमें पंजीकृत किसान खुले आकाश के नीचे धान के फसल बोरा में बंद कर रखे हैं। उन्हें पैक्स के चालू होने व उनके धान की बिक्री रुकने से चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी दर पर पैक्स के माध्यम धान बेचने की आस में उनके फसल बेचने के लिये खुले आकाश के नीचे खलिहान सहित अन्य स्थानों पर पड़े हैं। इस दौरान हल्की बूंदाबांदी होने से उनकी सारी मेहनत पर पानी फिर जायेगा। साथ ही उन्हें भारी भरकम आर्थिक नुकसान होने का भय सता रहा है। पैक्स अध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार सिंह का कहना है कि प्रशासनिक निर्देश के तहत 15 दिसंबर से व्यापार मंडल में धान का क्रय शुरू हो जायेगा। इसके बाद प्रखंड के सभी पैक्स केन्द्र पर पंजीकृत किसानों के धान लिये जायेंगे।

### उपज धान का आधा निर्यात हो चुका है

किसान अरविन्द कुमार सिंह, योगेन्द्र सिंह, अनील सिंह, अनूप कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, अरुण कुमार मेहता आदि ने कहा कि अब तक क्षेत्र में उपज धान का आधा हिस्सा बंगाल सहित कई अन्य राज्यों में निर्यात हो चुका है, जिसे खुले बाजार में मनमाने दर पर किसानों ने विवशता से बेचकर खेती के समय खाद बीज के लिये कर्ज उधार का भुगतान करना शुरू कर दिया है।

# एक ही कमरे में चार कक्षाओं के छात्राएं पढ़ने को विवश

**हमीदगंज स्थित राज्यकृत बालिका मध्य विद्यालय का हाल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हमीदगंज में स्थित राज्यकृत बालिका मध्य विद्यालय, जिसकी स्थापना 1965 में हुई थी, आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लगभग 59 वर्षों से संचालित यह विद्यालय दिनोंदिन बदतर स्थिति में पहुंचता जा रहा है। छात्राओं की घटती संख्या शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़े करती है। वर्तमान में विद्यालय में केवल दो शिक्षिकाएं कार्यरत हैं, जबकि छात्राओं की संख्या 103 है। यहां केवल दो कक्षाएं हैं, जिनमें कक्षा 1 से 8 तक की छात्राएं एक साथ बैठकर पढ़ाई करती हैं। प्रतिदिन औसतन 45 से 70 छात्राएं ही विद्यालय में उपस्थित होती हैं।




प्रधानाध्यापिका सुषमा दुबे ने बताया कि विद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध है, लेकिन खेल मैदान न होने के कारण बच्चों को विद्यालय के सामने स्थित मैदान में भेजना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि मिड-डे मील के तहत अंडा और फल वितरित होने वाले दिनों में बच्चों की उपस्थिति अधिक रहती है।

जब एक सेवानिवृत्त शिक्षक से इस समस्या के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि कई अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराते हैं, लेकिन उन्हें निजी विद्यालयों में पढ़ने भेजते हैं। इन अभिभावकों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति, बैग, ड्रेस और स्वेटर जैसी सुविधाओं का लाभ उठाना होता है।

## तापमान में गिरावट से बढ़ी ठिठुरन

**मेदिनीनगर।** बुधवार को मेदिनीनगर में ठंड का असर तेज हो गया। तापमान में भारी गिरावट के कारण ठिठुरन बढ़ गई, और लोग सर्द हवाओं से परेशान नजर आए। इस मौसम में पहली बार न्यूनतम तापमान 10°C से नीचे चला गया, जिससे ठंड ने अपने चरम का संकेत दिया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.2°C था, जबकि बुधवार को यह हल्की गिरावट के साथ 24.8°C पर दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट देखने को मिली। मंगलवार को जहां यह 12.3°C था, वहीं बुधवार को यह 9.9°C पर पहुंच गया।

**मौसम विभाग की चेतावनी :** मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। सर्द हवाओं और ठिठुरन के चलते लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

**सड़कों पर कम हुई रौनक :** दिनभर ठंडी हवाओं के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम नजर आई। सुबह के समय कार्यालय जाने वाले लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए, जबकि बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भी सन्नाटा पसरा रहा।

# भागवत कथा के चौथे दिन भक्त झूमे, भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के 17वें अधिवेशन के चौथे दिन श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। श्रीधाम वृंदावन से पधारी कथा वाचिका स्तुति दीदी जी ने मंगलाचरण और भजन-कीर्तन के साथ कथा का आरंभ किया। कथा के दौरान स्तुति दीदी जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का जीवंत वर्णन किया। माखन चोरी और गोपियों के साथ उनकी लीलाओं ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें यह सिखाती हैं कि सच्चा आनंद भक्ति में निहित है, न कि भौतिक वस्तुओं में। चौथे दिन गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा व्यास ने कहा कि यह प्रसंग हमें जीवन की कठिन परिस्थितियों में भगवान की शरण में जाने का महत्व समझाता है। उन्होंने इसे मानव जीवन की चुनौतियों और उनके समाधान की दृष्टि से प्रेरणादायक बताया। भक्तों ने कथा के बीच प्रस्तुत भजनों पर झूमकर भक्ति का आनंद लिया। भजन 'झलक दिखलाये वो, दीवाना बनाये वो' और 'बाकी बिहारी के बोल' पर श्रद्धालुओं की भावनाएं उमड़ पड़ीं। कथा में उमड़े श्रद्धालुओं ने भक्ति और आध्यात्म का गहरा अनुभव किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि भागवत कथा से आध्यात्मिक शांति और सद्गुणों का प्रसार होता है। मौके पर समिति के संरक्षक विजय तिवारी, मीडिया प्रभारी नितेश तिवारी, रूपेश तिवारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पलामू के किसान उद्यानिकी फसलों में हो सकते हैं आत्मनिर्भर : आयुक्त

**संतरा और अमरूद की खेती से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे पलामू के किसान**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र (जेड.आर.एस), चियांकी परिसर में स्थित संतरा बागान का दौरा कर फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कम बारिश और उच्च तापमान वाले पलामू जैसे क्षेत्र में संतरे की खेती को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

जेड.आर.एस. के सह निदेशक डॉ. अखिलेश साह ने आयुक्त को अनुसंधान केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। आयुक्त ने संतरे के साथ-साथ मेढ़ विधि से की जा रही अरहर की खेती, विभिन्न प्रजातियों के गेहूं और पॉलीहाउस में उगाई जा रही फसलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नागपुरी संतरे के मुकाबले यहां के संतरे के स्वाद की जानकारी ली और किसानों को बेहतर उत्पादन और उद्यानिकी फसलों की ओर प्रेरित करने की सलाह दी। इसके अलावा, आयुक्त ने हरिहरगंज प्रखंड के कटकोंबा गांव में किसान अजय मेहता के बागानों का दौरा किया। बंजर भूमि पर मौसंबी, अमरूद और अन्य उद्यानिकी फसलों की सफल खेती देखकर उन्होंने किसान की सराहना की। किसान अजय मेहता ने बताया कि उनके बागान में थाई प्रजाति की अमरूद की फसल पटना, गया और अन्य शहरों में बेची जाती है। आयुक्त ने कहा कि पलामू प्रमंडल के किसान कृषि और उद्यानिकी फसलों में आत्मनिर्भर हो सकते हैं। क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र और कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण और उन्नत बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना से किसान अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिकों की सलाह लेने, मिट्टी की जांच कराने और ट्रायल के बाद फसलों का विस्तार करने का सुझाव दिया। इस दौरे में जेड.आर.एस. के सह निदेशक अखिलेश साह और सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी बिजय कुमार ठाकुर भी मौजूद थे।

## उप विकास आयुक्त ने पाटन के उताकी पंचायत का किया औचक निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को पाटन प्रखंड के उताकी पंचायत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत में बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिए पूरी व्यवस्था मौजूद होने के बावजूद, पंचायत कार्यालय में पदस्थ किसी भी कर्मचारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की थी। इसके अलावा, जनसेवकों द्वारा भी कहीं उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, उप विकास आयुक्त ने उताकी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक बीडीओ को शो-कॉज नोटिस जारी किया और सभी को अपने निर्धारित स्थल पर हाजिरी लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवक का वेतन भी रोक दिया गया। निरीक्षण के दौरान, डीडीसी ने पंचायत में संचालित मनरेगा और आवास योजनाओं की समीक्षा भी की। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# शहरी क्षेत्र में ऑटो रोकने के विरोध में चालकों का मशाल जुलूस



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ की पलामू इकाई ने ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के आदेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए बुधवार शाम मशाल जुलूस निकाला। महासंघ का कहना है कि शहरी क्षेत्र से बाहर ऑटो स्टैंड बनाने का निर्णय ऑटो चालकों के हितों के खिलाफ है। सैकड़ों ऑटो चालकों ने जीएलए कॉलेज से छह मुहान तक मशाल जुलूस निकाला, जो बाद में एक सभा में बदल गया। जुलूस के दौरान ऑटो चालक नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में ऑटो प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध को वापस लेने और पहले बस स्टैंड को शहर के बाहर शिफ्ट करने की मांग कर रहे थे। जुलूस के बीच पहुंचे ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ऑटो चालक नाराज हो गए। समाल अहमद ने बताया कि नगर निगम के पूर्व निर्णय में महासंघ की सहमति थी, और अब इसका विरोध करना समझ से परे है। सभा को संबोधित करते हुए महासंघ के केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह ने ट्रैफिक पुलिस पर अन्यायपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की असली वजह बीच शहर में स्थित बस स्टैंड और बढ़ती जनसंख्या है, लेकिन प्रशासन ऑटो चालकों को बलि का बकरा बना रहा है। संघ के जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे ने घोषणा की कि महासंघ के नेतृत्व में ऑटो चालक जिला समाहरणालय में धरना देंगे। इस अवसर पर जयप्रकाश शुक्ला, नागेंद्र गुप्ता, अनुज मिश्रा, संतोष शुक्ला, कुंदन उपाध्याय, गोल्डन खां, राजू अंसारी, लव तिवारी, गौतम पासवान, अजीत कुमार समेत सैकड़ों ऑटो चालक मौजूद थे।

# ग्रामीण ऑटो पर रोक : शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने का प्रयास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में जाम की समस्या से निजात पाने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए नगर आयुक्त के आदेश पर बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ऑटो को पूर्व निर्धारित पड़ाव स्थलों पर रोकने की कार्रवाई शुरू की।

पांकी रोड से आने वाले ऑटो को पोखराहा, छतरपुर से आने वाले ऑटो को बीसफूटा, चैनपुर से आने वाले ऑटो को कोयल नदी पुल, और पाटन से आने वाले ऑटो को अन्य निर्धारित पड़ावों पर रोका गया। इस व्यवस्था का उद्देश्य शहर के मुख्य हिस्सों में ग्रामीण ऑटो के प्रवेश को सीमित कर ट्रैफिक जाम को नियंत्रित करना है।

### नियम से यात्रियों और चालकों को हुई परेशानी

इस नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अन्य ऑटो का सहारा लेना पड़ा। कई यात्री नए नियमों से अनभिज्ञ थे, जिससे उन्हें देरी और असुविधा का सामना करना पड़ा। शहर के कई हिस्सों में यात्री और चालक असमंजस की स्थिति में नजर आए। ट्रैफिक पुलिस ने निर्धारित पड़ावों पर जवानों को तैनात किया और ऑटो को सड़कों के किनारे व्यवस्थित रूप से खड़ा किया। हालांकि, इससे संबंधित रूटों पर यात्रियों की भीड़ और यातायात दबाव के कारण अस्थायी जाम की स्थिति बन गई।

### आदेश का पालन शुरू, जाम में आई कमी

शहर के मुख्य स्थलों जैसे छह मुहान और अन्य ऑटो स्टैंड्स पर बुधवार को कम संख्या में ही ऑटो नजर आए। इस दौरान कुछ ऑटो चालकों ने अपने वाहनों पर रूट संबंधी स्टिकर भी चिपका लिए।

### तीन महीने बाद हुई कार्रवाई

गौरतलब है कि तीन महीने पहले ही इस आदेश को लागू करने का निर्णय लिया गया था। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' अखबार में इस आदेश की अनदेखी और ग्रामीण ऑटो के लगातार शहर में प्रवेश से संबंधित खबर प्रकाशित की गई थी। शहरवासियों ने उम्मीद जताई है कि इस नई व्यवस्था से ट्रैफिक जाम की समस्या में सुधार होगा, हालांकि इसे पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए व्यापक जागरूकता की जरूरत है।

# अकराही में कैंप के जरिए 29 लाभुकों से गृह जल संयोजन शुल्क वसूला

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के हरभोंगा अकराही गांव में ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना के तहत गृह जल संयोजन शुल्क वसूली के लिए आयोजित तीन दिवसीय कैंप का समापन हुआ। इस दौरान 29 लाभुकों ने अपने पानी कनेक्शन के लिए नगर निगम से अनुबंध किया और जनवरी से दिसंबर 2024 तक का शुल्क जमा कराया।

कैंप के माध्यम से नगर निगम ने ग्रामीणों को जल संयोजन शुल्क समय पर जमा करने के लिए जागरूक किया। नगर निगम ने उन लाभुकों को चेतावनी दी है जिन्होंने अभी तक शुल्क जमा नहीं किया है। निगम ने प्रचार-प्रसार के जरिए सूचना दी कि इस सप्ताह के अंत तक शुल्क जमा नहीं करने वालों के खिलाफ घर-घर जांच अभियान चलाया जाएगा। जांच में पकड़े जाने पर संबंधित लोगों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, कई ग्रामीणों ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर 2025 से शुल्क वसूलने की मांग की, लेकिन निगम की ओर से स्पष्ट किया गया कि वर्तमान व्यवस्था के तहत शुल्क समय पर जमा करना अनिवार्य है। आज के प्रचार-प्रसार अभियान में नगर प्रबंधक दिलीप कुमार, पाइपलाइन निरीक्षक छोटे लाल गुप्ता, और टैक्स कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने नगर निगम से इस योजना को लेकर अधिक जागरूकता अभियान चलाने की मांग की।

# निमिया और आस-पास गांवों में जलापूर्ति शुरू कराने की मांग



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के निमिया और आस-पास के गांवों में लंबे समय से ग्रामीण जलापूर्ति योजना शुरू न होने के कारण स्थानीय लोगों को गंभीर पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने उपायुक्त पलामू को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है।

पत्र में उन्होंने कहा है कि निमिया गांव, जो अब नगर क्षेत्र में शामिल हो चुका है, में जलापूर्ति के लिए 29 दिसंबर 2020 को योजना का शिलान्यास किया गया था। चार साल बीत जाने के बावजूद इस योजना के तहत निर्माण कार्य अधूरा है। जलापूर्ति टंकी का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो पाया है, जिससे वहां के निवासियों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परशुराम ओझा ने बताया कि इस क्षेत्र में 600 फीट बोरिंग के बावजूद पानी नहीं मिल रहा है। नई बस्तियों में बढ़ती जनसंख्या के चलते जल संकट और गहरा गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के बावजूद विभाग समय पर जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं कर सका है। पत्र में यह भी कहा गया कि जहां टंकी निर्माण हो रहा है, वहां होर्डिंग लगाकर यह जानकारी दी जाए कि पाइपलाइन किस-किस क्षेत्र में बिछाई गई है। पाइपलाइन जमीन के अंदर बिछने के बाद स्थानीय निवासियों को इसकी जानकारी नहीं हो पाती है। उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द जलापूर्ति योजना का कार्य पूरा किया जाए और गर्मी के मौसम से पहले इसे शुरू किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। साथ ही योजना से संबंधित जानकारी को सार्वजनिक करने के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रेम और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भाषा : डॉ. अनुराधा



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर स्थित पं. जगनारायण त्रिपाठी बी.एड. कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव सप्ताह का आयोजन किया गया। इस साप्ताहिक उत्सव के दौरान भारतीय भाषा, साहित्य, समुदाय संस्कृति और भाषा प्रौद्योगिकी से जुड़े विभिन्न विषयों पर कविताएं, कहानियां, निबंध, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुराधा कुमारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रशिक्षणार्थियों में भारतीय भाषाओं के प्रति प्रेम और लगाव उत्पन्न करते हैं। उन्होंने बताया कि भाषाई विविधता के बावजूद एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए भाषाओं और संस्कृतियों का सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान 'भाषा, संस्कृति और हमः एक क्षेत्रीय उत्सव' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी हुआ, जिसमें सभी प्राध्यापकों और प्रशिक्षणार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. शोभा कुमारी, अनुप कुमार यादव, अनिल मौर्या, सुभाषचंद्र पांडेय सहित महाविद्यालय के सभी शैक्षिक और गैर-शैक्षिक कर्मचारी उपस्थित थे। यह उत्सव भाषा और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करने और परस्पर आदरभाव बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# वार्ड नंबर 7 में शहरी सुविधाओं की झलक पर अतिक्रमण और लापरवाही बनी समस्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 7 शहरी स्वरूप की झलक दिखाता है। यहां अधिकतर गलियों में पीसीसी और टेवर ब्लॉक से बने रास्ते हैं। हालांकि, सड़क पर अतिक्रमण और निर्माण कार्यों में लापरवाही के कारण वार्ड की समस्याएं उजागर हो रही हैं।



### सड़कें संकरी, नालियों का निर्माण अनियमित

सड़कों पर अतिक्रमण के चलते गलियां संकरी हो गई हैं, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं। नगर निगम द्वारा नालियों का निर्माण कराया गया है, लेकिन संवेदक की लापरवाही और देखरेख के अभाव में नालियां बेतरतीब बनी हैं। इस वजह से सड़कों को भी नुकसान पहुंचा है।

### सफाई और बिजली व्यवस्था

नगर निगम का कचरा इकट्ठा करने वाला वाहन प्रतिदिन आता है, लेकिन सफाई कर्मियों की कमी महसूस की जा रही है। वार्ड के अधिकतर बिजली पोल पर स्ट्रीट लाइट लगी हैं और अच्छी स्थिति में हैं। हालांकि, कई स्थानों पर खुले तारों से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

### जनसंख्या और विकास की स्थिति

2018 में वार्ड नंबर 7 की आबादी लगभग 4400 थी, जो अब बढ़कर 5500 के करीब हो गई है। वार्ड के उत्तर में नहर, दक्षिण में पीसीसी पथ शिव मंदिर, पूर्व में बारालोटा पीसीसी पथ से पांकी रोड पेट्रोल पंप होते हुए शिव मंदिर, और पश्चिम में भीम तिवारी के घर से सुरेश सिंह चौक तक सीमित है। वार्ड में अधिकतर मकान पक्के हैं, जिससे कच्चे आवासों की संख्या कम है। प्रधानमंत्री आवास योजना और वृद्धा व विधवा पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ अधिकांश लोगों तक पहुंचा है।

### वार्ड नंबर 7 के जनता की राय






चंदन तिवारी ने बताया कि पार्षद कार्यकाल के दौरान सुविधाएं मिलीं, लेकिन फिलहाल इनमें कमी हो गई है। हेमंत कुमार ने कहा कि नए नाली निर्माण से सड़क की स्थिति खराब हो गई है। संवेदक ने काम अधूरा छोड़ दिया है। अंकिता कुमारी ने बिजली के खुले तारों को दुर्घटनाओं के लिए खतरनाक बताते हुए नगर निगम और बिजली विभाग से इसे दुरुस्त करने की मांग की। प्रेमतोष पांडेय ने कहा कि जरूरतमंदों को सरकारी सुविधाएं काफी हद तक उपलब्ध कराई गई हैं।

### पार्षद का दावा



*वार्ड पार्षद राजीव शुक्ला उर्फ गोल्डी शुक्ला ने कहा कि उन्होंने जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। उनके कार्यकाल में हर गली में सड़क और नाली निर्माण का काम हुआ। आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर वह आशान्वित हैं। हालांकि, वार्डवासियों का कहना है कि समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों में गुणवत्ता की ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।*

# अयोग्य राशन कार्डधारियों से 20 दिसंबर तक कार्ड सरेंडर करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने आर्थिक रूप से संपन्न राशन कार्डधारकों से 20 दिसंबर तक अपना कार्ड आपूर्ति विभाग के समक्ष स्वेच्छा से सरेंडर करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और वसूली की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि जिले में कई सक्षम परिवार ऐसे हैं जो राशन कार्ड का अनुचित लाभ उठा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद परिवार योजना से वंचित हो रहे हैं। जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत कुल 18,28,926 सदस्यों को आच्छादित करने का लक्ष्य है। वर्तमान में सभी लाभुक शामिल हैं, लेकिन नए योग्य आवेदकों का नाम जोड़ने में दिक्कत हो रही है।

सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के तहत, अपात्र राशन कार्डधारकों को अपना कार्ड सरेंडर करना अनिवार्य है। उपायुक्त ने ऐसे लाभुकों से प्रपत्र-10 जी के माध्यम से संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन जमा करने की अपील की।

**20 दिसंबर के बाद कार्रवाई :** यदि अयोग्य कार्डधारक तय समय तक कार्ड सरेंडर नहीं करते, तो जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2024 की धारा 7(11) और 7(111) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

राशन की तिथि से बाजार दर पर 12% वार्षिक ब्याज सहित वसूली।

पूर्वयदि लाभुक केंद्र/राज्य सरकार या स्वायत्त निकायों में कार्यरत हैं, तो विभागीय कार्रवाई भी होगी।

इसके अलावा दोषी पाए जाने पर 15 दिनों के भीतर नियमानुसार निष्पादन किया जाएगा।

उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि निगरानी सतर्कता समिति की बैठक आयोजित कर अयोग्य कार्डधारकों से 20 दिसंबर तक कार्ड सरेंडर सुनिश्चित करें। इसके बाद, 25 दिसंबर तक अपात्र लाभुकों की सूची पंचायत मुखिया की अनुशंसा के साथ तैयार कर डिलिशन के लिए प्रखंड कार्यालय में जमा कराएं।

## एक नजर

### थाना प्रभारी ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**चिनियां।** थाना चौक पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस गाड़ी के कागजात सहित गाड़ी के डिक्की वगैरह व अन्य कागजात देखे गए वहीं पुलिस के चेकिंग को देखकर कई वाहन चालक इधर से उधर भागते हुए नजर आए। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है, जिसमें चालक हेलमेट लगाकर वाहन चलाएं तो दुर्घटना से बचा जा सकता है। लोगों की मृत्यु दर में कमी आएगी। कई लोगों को हेलमेट पहनने को लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार से बगैर हेलमेट पहने लोग मिलेंगे तो उन्हें कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार ओमप्रकाश व पुलिस बल शामिल थे।

### पूर्व मुखिया के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भवनाथपुर।** अरसली पंचायत के प्रथम मुखिया सीता राम विश्वकर्मा का बुधवार की सुबह निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर सुनते ही पास पड़ोस के पंचायत में शोक की लहर व्याप्त है। पंचायत मुखिया इसरत जहां, पूर्व मुखिया श्यामसुंदर गुप्ता, केडी चौबे, समाज सेवी तासबीन अंसारी, उपेंद्र यादव, दयानंद प्रजापति, पिंटू आलम,मनोज बैठा, जयराम पासवान,शंभू सेठ, शैलेश चौबे, रविंद्रनाथ चौबे, जावेद, उदय गुप्ता, डोमन चन्द्रवंशी, पप्पू राम, अरुण गुप्ता, जितेंद्र चौबे, जहीर अंसारी, सुदामा विश्वकर्मा, अख्तर अंसारी, सुदर्शन प्रजापति सहित काफी संख्या में लोगों ने उनके शव पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को सराहा। मृतक का दाह संस्कार अरसली श्मशान घाट पर किया गया। उनके बड़े पुत्र रामाशीष विश्वकर्मा ने मुखाअग्नि दी।

### आनंद मार्ग ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा

**मेराल।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ शाखा मेराल,गढ़वा झारखंड की ओर से बढ़ते ठंड के मद्देनजर व्यापक स्तर पर जरूरतमंदों के बीच मेराल के विभिन्न क्षेत्रों में कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित आचार्य अनुरागानंद अवधूत ने बताया कि विश्व हमारा परिवार है। विश्व के प्रत्येक जीव की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। सभी जानते हैं कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।अतः प्रत्येक मनुष्य में नारायण है।सेवा निस्वार्थ होना चाहिए। सरकार एवं समाज को यथाशीघ्र जरूरतमंदों के बीच कंबल ,स्वेटर आदि का समुचित वितरण कर राहत पहुंचना चाहिए ताकि किसी भी व्यक्ति को ठंड से ठिठुरना नहीं पड़े। संस्था द्वारा जिन व्यक्तियों को कंबल उपलब्ध कराया गया है वे वास्तव में असहाय, मानसिक विक्षिप्त तथा वृद्ध जन हैं।

# मंईयां सम्मान योजना में फर्जी तरीके से लाभुक नाम जुड़वा रहे हैं

## मामला पकड़ में आने के बाद बीडीओ ने जांच का आदेश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजना 'मंईयां सम्मान योजना' में प्रखंड कर्मियों की लापरवाही के कारण बड़ा भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मामला प्रखंड अंतर्गत पंडरिया पंचायत का है। इसका खुलासा उस समय हुआ जब उक्त पंचायत निवासी हरि साव अपनी पत्नी और बेटी का मंईयां सम्मान योजना फार्म भरने प्रखंड कार्यालय पहुंचे, तो उन्हें संबंधित कर्मियों द्वारा पता चला कि आपके वर्णित राशन कार्ड का फर्जी तरीके से उपयोग कर कोई दूसरे समुदाय की महिला की खाते में मईया सम्मान योजना की लाभ ले रही है। इसके बाद हरि साव ने अपना राशन




का फर्जी तरीके से उपयोग कर योजना का लाभ उठाने वाली महिलाओं के विरुद्ध बीड़ीओ को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि पंडरिया पंचायत के सरैया निवासी हरि साव के माता सबुछन देवी के नाम राशन कार्ड संख्या 20200021545 है। उक्त कार्ड में परिवार के कुल 9 सदस्यों का नाम अंकित है। लेकिन पिछले दिनों ऑन लाईन के माध्यम से भरे जा रहे मईया सम्मान योजना में शम्मा बेगम, तलब जहां, विमला देवी, रीना देवी, रशीदा खातून, रेजिना खातून, नबिना खातून, गोलप्सा प्रवीण व नीलम कुमारी ने फर्जी तरीके से मईया सम्मान फार्म में उक्त सभी महिलाओं ने सबुछन देवी के ही राशन कार्ड संख्या भरकर योजना का लाभ लेने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि मईया सम्मान योजना के फार्म में फर्जी तरीके से नौ महिलाओं ने एक ही राशन कार्ड का उपयोग कर लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। मामले को लेकर उक्त राशन कार्डधारी द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसका जांच के लिए उन्होंने जिला को पत्राचार करने की बात कही।

### जेंडर कैंपेन के तहत रैली निकाला

**श्री बंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस जेंडर कैंपेन के अंतर्गत नई चेतना 3.0 एक साथ, एक आवाज, हिंसा के खिलाफ ,जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2024 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में जेंडर शपथ कराया गया अनुमंडलीय अस्पताल से से लेकर कचहरी मोड़ तक रैली निकाला गया जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर राजेश कुमार, एमपीडब्ल्यू असफाक आलम,बीपीएम अविनाश शुक्ला, डीईओ नीरज मिश्रा,अनुज सिंह,भरत कुमार,सत्येंद्र कुमार,सीसी मनोज कुमार,राजकुमार राम पुष्पा कुमारी,जेंडर सीआरपी अस्तरून निशा,ममता कुमारी,सुनीता देवी,परी देवी,समता देवी,पूजा देवी, पूनम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रधानाध्यापक ने नहीं सौंपा प्रभार




**खरौंधी।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाकर बनवाने के आरोपों से घिरे प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने प्रभार हस्तांतरण में लापरवाही बरती है। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा 30 नवंबर को जारी आदेश के बावजूद, अब तक वरीय शिक्षक दीनानाथ त्रिपाठी को प्रभार नहीं सौंपा गया है। इस देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीईओ ने 11 दिसंबर को पत्र जारी कर मनोज कुमार सिंह से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। दीनानाथ त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने जिला शिक्षा विभाग को जानकारी दी है कि प्रभार अब तक हस्तांतरित नहीं हुआ है। डीईओ ने इस मामले की जानकारी लेने पर पुष्टि की कि प्रभार हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबित है। गौरतलब है कि विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार सिंह ने मनोज कुमार सिंह पर छात्रों की हाजिरी बढ़ाकर बनाने का आरोप लगाया था। इसके बाद मनोज कुमार सिंह ने स्वयं प्रभार मुक्त करने का अनुरोध किया था, लेकिन आदेश जारी होने के 12 दिन बाद भी इसे लागू नहीं किया गया है। प्रशासनिकअव्यवस्था को देखते हुए अब डीईओ ने कड़ा रुख अपनाया है और कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### सिलाई व ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत चचेरिया बैल बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस के निकट रूप सौंदर्य ब्यूटी पार्लर, कॉस्मेटिक,सिलाई सेंटर एवं ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। पार्लर का उद्घाटन संचालक नीलम कुमारी ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काट कर किया। मौके पर पार्लर के संचालक नीलम व काजल कुमारी ने कहा कि महिलाओं की सुविधा के लिए शहर के पोस्ट ऑफिस के ठीक बगल में पार्लर खोला गया है, जो एयर कंडिशन है। इसमें ब्लीचिंग, फेशियल, बालों की कटिंग, वैक्सिंग, बालों को कलर व स्ट्रेट करना, पेडिक्योर और मेनिक्योर आदि के लिए एक्सपर्ट मौजूद होंगे। जो किफायती दर पर बेहतरीन सेवा देने में माहिर हैं। ब्यूटी पार्लर व सैलून के सभी कार्य प्रोपराइटर काजल कुमारी की देखरेख में एक घरेलू वातावरण में कार्य होगा और लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर जैसे छोटी जगह में इस तरह का प्रतिष्ठान खुलने से यहां की महिलाओं को काफी फायदा मिलेगा। अब उन्हें कही बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उद्घाटन के अवसर पर पूजा कुमारी, स्नेहा कुमारी,वंदना कुमारी,आर्या कुमारी,जुली कुमारी, खुशबू कुमारी,अर्चना कुमारी,समृद्धि कुमारी,परी कुमारी,चाहत कुमारी,अंजलि कुमारी,खुशी कुमारी,रेनू कुमारी,जुली कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

### विद्यालयों में 12 से 19 दिसंबर तक चलेगा गणितीय साक्षरता अभियान

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में 12 दिसंबर से 19 दिसंबर तक बालवाटिका से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए गणितीय साक्षरता अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में गणितीय समझ और कौशल को विकसित करना है। कार्यक्रम के तहत गणित से संबंधित रोचक गतिविधियां और सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे बच्चों को गणित विषय में रुचि और आत्मविश्वास प्राप्त हो।इस अभियान में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान गतिविधियों से संबंधित फोटो और वीडियो भी साझा किए जाएंगे। सभी विद्यालयों को इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।इस संबंध में बीपीएम नवीन प्रकाश ने जानकारी दी और सभी विद्यालयों से अपील की कि वे इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दें। इस पहल से बच्चों की गणितीय समझ और भविष्य की शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

### जिम खुलने का लुत्फ उठा रहे हैं बच्चे

**मेराल।** प्रखंड परिसर में एक सप्ताह पहले खुला जिम का लुत्फ बड़े बुढ़े से अधिक बच्चे ले रहे हैं। आसपास के बच्चे शाम को एक्सरसाइज करने के लिए लगे जिम का प्रयोग खेल-खेल में कर रहे हैं। उन्हें पता नहीं की कौन सा एक्सरसाइज शरीर के लिए किस एक्सरसाइज में करना है। वह इसे मनोरंजन के लिए लगाया गया झूला समझकर झूल रहे हैं। कुछ भी हो प्रखंड मुख्यालय में पहली बार जिम के लिए प्रखंड परिसर में लगाया गया है। एक्सरसाइज महिला, बच्चे, बूढ़े को काफी प्रेरित कर रहा है। थाना व प्रखंड परिसर के बीच में होने के कारण इसका निःशुल्क प्रयोग अंचल तथा प्रखंड और थाना को भी मिल रहा है। इससे स्वास्थ्य सुधारने का भी लोगों को बेहतर समय मिल जाएगा। शहरों में जिम के लिए प्रति व्यक्ति महीना में शुल्क देना होता है। यह सुविधा प्रखंड मुख्यालय में निःशुल्क होने से लोगों में खुशी दिख रही है।

## प्रखंड कर्मियों के कार्यालय नहीं आने से ग्रामीणों को हुई परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** चुनावी कार्यों से मुक्त होने के बाद भी कर्मी और पदाधिकारी का प्रखंड कार्यालय में आगमन नहीं हो पा रहा है। उक्त कारण भिन्न भिन्न कार्यों को लेकर प्रत्येक दिन प्रखंड कार्यालय आ रहे ग्रामीणों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। बुधवार को अपने-अपने कार्यों को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों का पदाधिकारी व कर्मियों से मुलाकात नहीं होने पर उक्त लोगों ने कार्यालय परिसर में जमकर बवाल काटा। कहा कि प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मी काम लायक नहीं हैं। आम जान की समस्या से उन्हें कोई लेना देना नहीं रह गया है। बुधवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे मुतुर्जा अंसारी, मनीष ठाकुर ,प्रमोद राम, हदीस अंसारी, निसार अंसारी, रोहित यादव ,लालू यादव, रवि यादव ने बताया कि प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी व कर्मियों की लापरवाही से काफी परेशान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव बीते अब दो माह का समय गुजर गया। अभी तक उक्त लोगों की ड्यूटी प्रखंड कार्यालय में नियमित नहीं हो पाई है। 15वें वित्त योजना के कनीय अभियंता जितेंद्र गंजू से मुलाकात हो पाई है और न हीं मनरेगा ऑपरेटर विनय कुमार व वीरेंद्र कुमार के साथ बीपीओ रंजन कुमार और आवास समन्वयक अभिषेक कुमार व उनके ऑपरेटर रमाशंकर ठाकुर से। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार को भी हम सभी प्रखंड कार्यालय आए लेकिन किसी से भी हम लोगों की मुलाकात नहीं हो पाई। वहीं आवास समन्वयक व उनके ऑपरेटर के प्रति उक्त लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आवास समन्वयक से अभी तक हम लोगों की मुलाकात नहीं हो पाई है।

## प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए युवा 13 तक कर सकते है आवेदन

### 11 तरह की प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नेहरु युवा केंद्र जिला खेल कार्यालय व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिसंबर को श्री सदगुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग लेंगे। इसमें कुल 11 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रतिभागी गढ़वा जिला का निवासी होना चाहिए। जिला स्तरीय युवा उत्सव में नृत्य, गायन, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला, मोबाइल फोटोग्राफी आदि अन्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वित्तीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र दिया जायेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव के प्रथम विजेता प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे एवं प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को 11 और 12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस में शामिल होने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 दिसंबर है। इच्छुक नेहरु युवा केंद्र गढ़वा के जिला कार्यालय से संपर्क कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

#### इस तरह होगी पुरस्कार की राशि

कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, कहानी लेखन, लोकगीत प्रस्तुति (एकल) एवं लोकनृत्य प्रस्तुति (एकल) में प्रथम, द्वित्तीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 2500, 1500 एवं 1000 रुपये पुरुस्कार रूप में दिया जायेगा। वही भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वित्तीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 5000, 2500 और 1500 रुपये पुरुस्कार रूप में दिया जायेगा। विज्ञान मेला (एकल) के प्रथम, द्वित्तीय एवं तृतीय विजेता को 3000, 2000 और 1500 रुपये दिया जायेगा।विज्ञान मेला (सामूहिक) एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति (सामूहिक नृत्य एवं सामूहिक गायन) में प्रथम, द्वित्तीय एवं तृतीय को 7000, 5000 और 3000 रुपये पुरुस्कार रूप में दिया जायेगा।

## हाथियों के झुंड ने ग्रामीण का घर किया क्षतिग्रस्त

### घर में रखा अनाजा को किया चट

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया (गढ़वा)।** भंडरिया प्रखंड मुख्यालय के भुरकादोहर स्थित कोरहटी टोले में मंगलवार की रात हाथियों के झुंड ने स्वर्गीय अमरनाथ कोरवा के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखा अनाज को चट कर गए। उक्त परिवार के समक्ष खाने पीने का लाला पड़ गया। ठिठुरती हुई ठंड में उनका आशियाना भी छीन गया है। पीड़ित परिवार मजूदरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण करता था। सूचना मिलने के बाद पंचायत के मुखिया विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, समाज सेवी आनंदी सिंह सुबह उनके घर पहुंच घटना की जानकारी ली। इसकी सूचना वन विभाग को दिया। वनकर्मी कमलेश कुमार पीड़ित परिवार के घर पहुंच सहायता के रूप में 25 किलो चावल परिवार को प्रदान किया। साथ ही सरकारी प्रक्रिया के तहत मिलने वाला मुआवजा देने का आश्वासन दिया। उक्त टोला के समाज सेवी आनन्दी सिंह ने बताया कि हाथियों का झुंड पिछले चार पांच दिनों से आंतक



मचा रखा है, जिससे लोगों में काफी दहशत व्याप्त हो गया। लोग किसी तरह इस कड़कड़ाती ठंड मे रात भर जग कर रात गुजारने को विवश है। साथ ही अपने जान की रक्षा कर रहे हैं। समय रहते अगर इस पर काबू नहीं पाया गया तो बड़ी घटना घट सकती है। हाथी बगल के जंगल से रात को बस्ती में आते हैं तथा सारी रात उत्पात मचाने के बाद सुबह होते ही जंगल में चले जाते हैं। मंगलवार की रात भी हाथियों का झुंड जंगल से निकल कर बस्ती में आ धमके तथा स्व अमरनाथ कोरवा के एक कमरे के मकान को क्षतिग्रस्त करने लगा। जिस समय हाथियों का झुंड उक्त मकान को चारों तरफ से घेरकर क्षतिग्रस्त कर रहा था उस वक्त उस घर में महिला बच्चे सहित पांच लोग अंदर फंसे हुए थे। ग्रामीणों द्वारा बम पटाखा फोड़ने व मशाल जलाने के बाद हाथियों का झुंड धीरे-धीरे जंगल में चलें गए।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का 19वां स्थापना दिवस मना



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया। (गढ़वा)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का 19वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय परिवार की तरफ से मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व वार्षिक कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्राओं ने नेपाली, पंजाबी,उड़िया, सम्भलपुरिया, दक्षिण भारत, हरियाणा, राजस्थानी गीत पर एक से बढ़कर एक नृत्य झांकी पेश किया गया। कार्यक्रम को देख अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए। ताली बजाकर छात्रों का हौसला अफजाई किया है। मैट्रिक इंटर की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले व विद्यालय के विभिन्न कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वार्डन अमला प्रतिमा तिर्की ने किया। मौके पर बीपीएम रवि कुमार, सत्यनारायण यादव, रामकंडा वार्डन मेरी किरण कच्छप, रंका वार्डन अनिमा बेग, डडई वार्डन तनुजा कुमारी, आरती कुमारी, अपर्णा कुमारी, कंचन कुमारी, रितेश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयाक शिक्षिका चन्द्रावती सिंह, शिरोमणि तिर्की,रेणुबाला, मोमीना खातुन, एकता तिर्की, रामप्रीत टोप्पो, नुतन सरिता, कमलता कुमारी, लेखापाल मोती गुप्ता, गार्ड धर्मेंद्र कुमार,अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह का सराहनीय है।

## परेशानी

## 28 वर्षों से बंद लिफ्ट एरिगेशन योजनाओं के पुनरुद्धार की मांग

### पदाधिकारियों की लापरवाही की वजह से सिर्फ पांच वर्षों तक ही सक्रिय रही योजनाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में वर्ष 1985-86 के दौरान लघु सिंचाई योजना के तहत नौ लिफ्ट एरिगेशन प्रोजेक्ट्स स्थापित किया गया था। इन योजनाओं से प्रखंड के लगभग 5,000 एकड़ भूमि की सिंचाई होती थी और स्थानीय किसान खुशहाल जीवन जी रहे थे। लेकिन पदाधिकारियों की लापरवाही के चलते ये योजनाएं केवल पांच वर्षों तक ही सक्रिय रहीं। धीरे-धीरे सभी लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम खराब हो गए और पिछले 28 वर्षों से बंद पड़े हैं।स्थानीय किसानों का कहना है कि इन लिफ्ट एरिगेशन योजनाओं के बंद होने से उनकी हजारों एकड़ जमीन बंजर हो गई है। जब ये योजनाएं चालू थीं, तो किसान बंजर भूमि पर भी उपजाऊ खेती कर अपना जीवनयापन करते थे। लेकिन वर्तमान में सिंचाई के अभाव में खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

#### दुर्भाग्य है योजनाओं का बंद होना:डॉ. पी.डी. शर्मा

झालको के पूर्व चेयरमैन सह खरौंधी निवासी डॉ. पी.डी. शर्मा ने बताया कि बिहार सरकार के कार्यकाल में उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुमोदन कराकर लिफ्ट एरिगेशन योजनाओं की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि वह एक किसान का बेटा हूं और किसानों की समस्याओं को अच्छी तरह समझता हूं। मैंने पलामू जिले में कई स्थानों पर यह योजना लागू करवाई थी, जिनमें सबसे अधिक खरौंधी प्रखंड में परियोजनाएं स्थापित की गईं। लेकिन दुर्भाग्यवश ये सभी योजनाएं बंद हो गईं। मैंने 1997 में बिहार सरकार और 2003 में झारखंड सरकार को पत्र लिखकर इन्हें पुनः चालू करने की मांग की थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### डोमनी बराज भी अधर में

सरकार द्वारा 10 वर्ष पूर्व डोमनी बराज निर्माण की घोषणा की गई थी, जिससे खरौंधी, राजी, बजरमरवा, हरियरी, और चंदनी के किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद थी। लेकिन यह परियोजना भी अभी तक अधर में लटकी हुई है। स्थानीय किसान और पूर्व पदाधिकारी अब सरकार से मांग कर रहे हैं कि बंद पड़ी लिफ्ट एरिगेशन योजनाओं को पुनः चालू किया जाए। इन योजनाओं के पुनरुद्धार से हजारों किसानों की आजीविका सुधर सकती है और बंजर भूमि फिर से खेती योग्य हो सकती है।

#### किसानों में निराशा

स्थानीय किसान कृष्णा राम और रामचंद्र प्रसाद रजक ने बताया कि लिफ्ट एरिगेशन के बंद होने से उनकी खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, जब ये योजनाएं सक्रिय थीं, तो हमें सीधे खेतों में पानी मिलता था और हम खुशहाल जीवन जीते थे। लेकिन अब हमारी जमीन बंजर हो गई है। हमने कई बार सरकार से इन्हें चालू करने की मांग की, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले।

## फूड सेफ्टी ऑफिसर ने दुकानों में की जांच

### नमूनों को जब्त कर जांच के लिए भेजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी और रमना प्रखंड में जिले की फूड सेफ्टी ऑफिसर अंजना रानी मिंज ने अपनी टीम के साथ खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बंशीधर नगर की दो और रमना की दो दुकानों से कुल पांच उत्पादों के नमूने लिए गए। इसके तहत श्याम शॉपिंग सेंटर, बंशीधर नगरः गजक पट्टी, मां वैष्णवी शॉपिंग, बंशीधर नगरः हल्दी पाउडर और गोलकी पाउडर मां भगवती ट्रेडर्स, रमनाः सेवई रवि रंजन कुमार की दुकान, रमनाः बिंगो टेढ़े-मेढ़े। ये सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम (रांची) भेजे जाएंगे।



#### फूड लाइसेंस और एक्सपायरी सामान की जांच

फूड सेफ्टी ऑफिसर ने दुकानों के फूड लाइसेंस की जांच की और दुकानों में रखे गए सामानों की एक्सपायरी डेट की भी जांच की। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिया कि फूड लाइसेंस के बिना कोई भी खाद्य सामग्री की खरीद-बिक्री न करें। साथ ही, एक्सपायरी सामान के रखरखाव और बिक्री पर सख्त मनाही है। यदि दुकानों में ऐसे सामान पाए जाते हैं, तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में फूड सेफ्टी कार्यालय के विवेक तिवारी, संतोष कुमार और अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी: पीडीजे ने जिला अधिकारियों के साथ की बैठक

**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार व झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के निर्देश पर अगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। इसकी तैयारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रही है। इस क्रम में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने जिला के जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए निर्देश किया। उन्होंने पूर्व के राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए वादों का निपटारा के आंकड़ों का जिक्र करते हुए इस बार और ज्यादा वादों के निष्पादन का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि प्री-लिटिगेशन वादों के निपटारा में सक्रियता दिखायें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे वाद में आम जनता परेशान रहती है। जानकारी के अभाव में उन्हें वादों के निष्पादन में दिक्कतें आती है। ऐसे में जिला अधिकारी लोगों को सही जानकारी देकर एवं उनके वादों का निष्पादन करके रहत देने का काम करें।

### एक सप्ताह के अंदर पुलिस को मिली दूसरी बड़ी सफलता

# हाईटेंशन टॉवर काटते पांच अपराधी गिरफ्तार

**चार पिकअप जब्त**

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने मंगलवार की देर रात कार्रवाई करते हुए एक संगठित अपराधिक गिरोह को हाईटेंशन टॉवर की कटिंग करते गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने मौके से पिकअप वाहन को भी जब्त किया है। पुलिस ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि चंदवा पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महुआ स्थान पर छापेमारी अभियान चलाकर हाईटेंशन टॉवर का कटिंग करते पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में राहुल ठाकुर (26) पिता मनोज ठाकुर ग्राम रुद थाना चन्दवा, समीर खान (19) पिता इजाबुल खान कुजरी थाना चन्दवा, मंगलदेव उरांव (38) पिता रति उरांव चितरपुर थाना बालूमाथ, फुलदेव उरांव (32) पिता स्व मंगरा उरांव चितरपुर थाना बालूमाथ, संगु भुइयां (37) पिता कुंजू भुइयां डेमटोली थाना चन्दवा सभी लातेहार जिला के निवासी हैं। पुलिस ने मौके से चार पिकअप को जब्त किया है। एक पर 1.5 टन टॉवर का एंगल लोहा लदा था, दूसरे पर 20 पीस ऑक्सीजन सिलेंडर,गैस कट्टर पाईप सहित 7 पीस लदा था। इसके अलावा दो पिकअप भी जब्त किया गया है। पुलिस ने सभी चोरी का मामला दर्ज कर सभी चोर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि एक संगठित गिरोह द्वारा लगातार क्षेत्र में हाईटेंशन टॉवर की कटिंग कर कबाड़ी दुकानों में हाल के कुछ दिनों से बेचा जा रहा था। सभी चोर स्क्रैप और टॉवर का लोहा बेचकर करोड़ों का धन अर्जित कर लिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये सभी चंदवा थाना क्षेत्र से चोरी का लोहा और टॉवर काटकर चंदवा-बालूमाथ-कुडू के कबाड़ खाने में खपाते हैं। बताते चले कि एक सप्ताह पूर्व भी पुलिस ने अभिजीत ग्रुप प्लांट के अंदर टॉवर कटिंग करते चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। छापेमारी दल में पुअनि श्रवण कुमार सिंह,सअनि अरविन्द कुमार सिंह, सअनि अंजन कुमार राय समेत सैट 44 चंदवा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।



### डीएमओ ने कोयला लदे हाइवा को जब्त किया

**बालूमाथ।** लातेहार जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने कोयला लदे हाइवा को जब्त किया है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन के मामले में कार्रवाई करते हुए बालूमाथ में कोयला लदे हाइवा को जब्त किया गया है। उक्त गाड़ी तुबेद कोल माइंस से कोयला लेकर बालूमाथ कुशमाही साइडिंग जा रही थी। इस दौरान वाहन जांच अभियान चलाकर गाड़ी को पकड़ा गया है। हाइवा में लदे खनिज का कागजात जांच करने पर डीएमओ चालान फेल था, जो अवैध मानते हुए हाइवा को जब्त कर लिया गया। बालूमाथ मकईयाटांड़ पुलिस पीकेट पर गाड़ी को खड़ा करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन, भंडारण व परिवहन किसी भी परस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अगर इस तरह का प्रयास किया जाता है तो जिला खनन विभाग पूरी मुस्तैदी से उसे नाकाम करेगी। जिला खनन पदाधिकारी की कार्रवाई में जिला खनन पदाधिकारी मो. नदीम सैफी के साथ खान निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार आदि शामिल थे।

## फोर लेन सड़क निर्माण में उचित मुआवजे की मांग को लेकर प्रभावित रैयतों ने निकाली रैली



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** एनएचएआई प्रभावित संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को सैकड़ों प्रभावित रैयतों ने जिला परिषद बस स्टैंड से प्रखंड कार्यालय तक रैली निकाली। रैली में लातेहार जिप अध्यक्ष पूनम देवी भी शामिल हुई। रैली बस स्टैंड से निकल कर इंदिरा गांधी चौक होते प्रखंड कार्यालय तक पहुंची। इस दौरान प्रभावित रैयतों ने एनएचएआई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रयैत उचित मुआवजा की मांग को लेकर नारबाजी कर रहे थे। रैली का नेतृत्व समिति के सतेंद्र प्रसाद यादव, चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी,रवि कुमार डे,लाल रणविजय नाथ शाहदेव आदि संयुक्त रूप से कर रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि कुडू से उदयपुरा तक प्रस्तावित फोर लेन सड़क निर्माण कार्य में प्रभावित रैयतों की अनदेखी कर कार्य शुरू कर दिया गया है, जो उचित नहीं है। कार्य करा रहे कंपनी और एनएचएआई विभाग समेत अंचल विभाग से लगातार यह मांग की जा रही है कि पहले जमीन का उचित मुआवजा तय करने और हाल सर्वे में हुई त्रुटि को ठीक करने के बाद ही जमीन का अधिग्रहण किया जाये। इस पर अभी तक किसी प्रकार की कोई पहल नहीं की गई है। इस कारण रैयतों में भारी अंसतोष है। रैयतों ने कहा कि कौड़ी के भाव जमीन को लेने की कोशिश की जा रही है। रैली को लातेहार जिप अध्यक्ष पुनम देवी,जिप सदस्य सरोज देवी,सतेंद्र प्रसाद यादव,रवि कुमार डे आदि ने भी संबोधित किया। रैली के माध्यम से रैयतों ने अंचलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है, जिसमें सर्वे में हुई त्रुटि को ठीक करने, मकान, जमीन, कुंआ आदि चीजों का उचित मुआवजा तय करने के बाद ही जमीन का अधिग्रहण करने की बात कही गई है। रैली में मुख्य रूप सेजय प्रकाश सोनी, शशि गिनोडिया, सासंग मुखिया, अवधेश यादव, हेदायतुल्लाह अंसारी, बालेश्वर लोहरा, निरंजन यादव समेत बड़ी संख्या में प्रभावित रैयत शामिल थे।

### बीडीओ के औचक निरीक्षण में विद्यालय में कई खामियां उजागर

**हेरहंज।** प्रखण्ड क्षेत्र के तासु पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार के औचक निरीक्षण के क्रम में कई कमियां उजागर हुई। प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार रवि विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए। साथ ही बच्चों की उपस्थिति भी बहुत कम थी। कक्षा 1 से लेकर 5 तक बच्चे एक ही क्लास रूम में बैठे थे। 6 से 8 तक के बच्चे एक साथ बैठे थे। कक्षा 5 में सिर्फ एक विद्यार्थी ही उपस्थित था। विद्यालय में कुल 34 बच्चे उपस्थित पाए गए। विद्यालय में बच्चों का नामांकन 136 है। साथ ही दोपहर 12 बजे तक बच्चों का उपस्थिति नहीं बनाया गया था। बीडीओ अमित कुमार ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में पाया कि मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार बच्चों को नहीं दिया जाता है। बच्चों को हरी सब्जी नहीं दिया गया। बच्चों का उपस्थिति कम होना व दोपहर 12 बजे तक बच्चों का उपस्थिति नहीं बनना इससे साफ पता चलता है कि मध्याह्न भोजन की राशि का बंदरबांट किया जाता है और छुटी के समय फर्जी उपस्थिति दर्ज किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय समय से नहीं खुलता है। विद्यालय में दो शिक्षक राजदेव राम, लक्ष्मण प्रसाद उपस्थित थे। गौरतलब हो कि इससे पूर्व भी जिप अध्यक्ष टीम द्वारा हेरहंज प्रखंड के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया गया था, जिसमें कई कमियां सामने आई थीं।

## सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को किया जा रहा चिह्नित, 24 घंटे का मिला समय



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** एसडीओ अजय कुमार रजक के निर्देश पर लातेहार शहरी क्षेत्र में बुधवार नगर पंचायत और अंचल कार्यालय ने सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित करने के लिए अभियान चलाया। यह अभियान प्रखंड परिसर से शुरू होकर अम्बाटीकर चौक तक चला। अभियान के तहत सड़क का अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। 24 घंटे के अंदर हटा लेने का निर्देश दिया जा रहा है। साथ ही 24 घंटे के बाद भी यदि कोई दुकान संचालक अतिक्रमण नहीं हटाता है तो नगर पंचायत और अंचल कार्यालय द्वारा उसे हटाया जाएगा। इतना ही नहीं अतिक्रमण हटाने में जो खर्च होगा, उसे भी दुकानदार द्वारा वसूल किया जाएगा। मुख्य रूप से अभियान में दुकान के बाहर छज्जा निकालने वाले, ठेला संचालक, दुकान के बाहर सामान निकाल कर सड़क पर रखने वालों, पार्किंग का अतिक्रमण करने वालों आदि को चिन्हित किया गया और उन्हें 24 घंटे के अंदर हटाने का आदेश दिया गया। लातेहार अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग (मेन रोड सड़क) किनारे दुकानदारों द्वारा अपने दुकान के बाद सड़क का अतिक्रमण करने के कारण जिला मुख्यालय में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। यह अभियान अभी निरंतर चलेगा। सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को सूचित करने के लिए प्रचार-प्रसार और नोटिस देकर किया जा रहा है, ताकि दुकान संचालक सड़क का अतिक्रमण नहीं करें। कुछ ऐसे लोग हैं, जो प्रशासन के आदेश का पालन नहीं कर रहे है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अतिक्रमण हटाने के दौरान जो खर्च लगेगा उन्हीं के द्वारा वसूला जाएगा। अभियान में सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, अंचल कार्यालय के अमिन दीपक कुमार, सीआई चार्च गिद्द, कर्मचारी सवेश राम, नगर पंचायत से नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, जेई अमित कुमार, टैक्स कलेक्टर राजू प्रसाद गुप्ता, फिल्ड सुपरवाइजर रंधीर कपूर सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

## उद्घाटन मैच में आरएससीसी ने यूथ क्लब को 195 रनो से हराया



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उद्घाटन मैच में आरएससीसी तथा यूथ क्लब के बीच खेला गया। आरएससीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरो में 7 विकेट खोकर 317 रनों का विशाल स्कोर किया। आकाश सिन्हा ने 107, रोहित कुमार महतो ने 71, राजा बाबू ने 62 रनो का योगदान दिया। यूथ क्लब कि ओर से कृष्णा तथा ऋषभ राज ने दो-दो विकेट लिए। जबबी पारी खेलने उतरी यूथ क्लब ने 122 रन पर पूरी टीम ढ़ेर हो गयी। चन्दन कुमार 34, हिमांशु ठाकुर 22 रनों का योगदान दिया। आरएससीसी की ओर से राजा बाबू ने 3 विकेट चटकाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरएससीसी के आकाश सिन्हा को संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने दिया। मैच के अंपायर श्रवण महली, धीरेन्द्र सिंह सुरवार थे। स्कोरिंग रौनक दुबे ने किया।

## सीनियर जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन हुआ



**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में बुधवार जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन किया गया। मुख्यअतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार व संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बल्लेबाजी कर किया। मौके पर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि खिलाड़ी अपने खेल को ईमानदारी पूर्वक प्रदर्शन करें तो खेल में भी अपना भविष्य तथा रोजगार का साधन तलाश सकते हैं। जिले के खिलाड़ी क्रिकेट में बेहतर करें इसके लिए संघ बेहतर कार्य कर रहा है। मौके पर उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, अश्विनी सिंह, प्रमोद प्रसाद, आनंद सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद, रवि सिंह, शैलेश सिंह, रविंद्र सिन्हा, जुनैद समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया।

## पिपरवार जूनियर नौ विकेट से मैच जीती

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे लीग मैच में बुधवार को बीसीए जूनियर सी बनाम पिपरवार जूनियर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीसीए जूनियर सी ने 22 ओवर में सभी विकेट खोकर 148 रन पर ऑल आउट हो गई। बीसीए जूनियर सी के तरफ से रौशन कुमार 46 व सत्यम देव ने 42 रन का योगदान दिया। पिपरवार जूनियर के तरफ से गेंदबाजी करते हुए ऋषभ कुमार तीन व नैतिक दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी पिपरवार जूनियर ने मात्र 15 ओवर में एक विकेट खोकर 149 रन बनाकर पिपरवार जूनियर ने नौ विकेट से मैच जीत लिया। पिपरवार के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए विकास कुमार नाबाद 64 बॉल में 92 रन की पारी खेला। बेहतर प्रदर्शन के लिए विकास कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा, सदस्य मिथलेश कुमार राय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा, राहुल वर्धन, संतोष निराला, हरिओम केसरी सहित कई अन्य मौजूद थे।

### नेतरहाट पार्क में पर्यटकों की नो एंट्री

# लोअर घघरी, अपर घघरी भी नैना वॉटरफॉल तक पहुंच मार्ग बाधित, निराश लौट रहे पर्यटक

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** नेतरहाट राज्य और देश भर में अपने खूबसूरत प्राकृतिक वादियों के लिए प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नेतरहाट इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक घूमने आते हैं, जिनमें झारखंड के अलावा देश के विभिन्न राज्यों, विदेश तक के पर्यटक शामिल है, लेकिन जिस उत्साह के साथ पर्यटक यहां घूमने आ रहे हैं, कई जगहों पर प्रवेश वर्जित होने की वजह से पर्यटकों में निराशा देखी जा रही है। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर इन खूबसूरत प्राकृतिक वादियों को और भी संवारने का काम किया जा रहा है, जिसके लिए कई पार्क बनाए गए हैं। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। डेढ़ वर्षों के बाद भी इनका टेंडर नहीं होने से सभी पार्क व बोटिंग सुविधा बंद है।



### कोयल व्यू प्वाइंट समेत कई पार्कों में पर्यटकों की नो एंट्री

नेतरहाट में सूर्योदय व सूर्यास्त के मनमोहक नजारों के अलावा कोयल व्यू प्वाइंट पर प्राकृतिक अद्भुत नजारा भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बिंदू है। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पार्क का निर्माण कराया गया है, जिससे इसे और भी खूबसूरत बनाता है, लेकिन इसके निर्माण पूर्ण हुए एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह बंद है। यहां पर्यटकों की नो एंट्री है। इस पार्क के निर्माण से पूर्व यह पर्यटकों की काफी भीड़ होती थी। दोनों ओर से चिड़ वनों से घिरे इस पॉइंट पर ऊंचाई से प्राकृतिक वादियों के नजरों का लुफ्त पर्यटक उठाते थे। खूबसूरत वादियों के बीच सफेद चांदी सा कोयल नदी ऐसा प्रतीत होता है, जैसे प्रकृति ने कोई सिंगार किया हो। पर्यटकों का कहना है कि यहां काफी खूबसूरत सेल्फी व फोटोशूट लिए जा सकते हैं, क्योंकि यहां लिए गए फोटो में बहुत ही सुंदर व आकर्षक व्यू मिलता है।

### लेक व्यू नौका विहार पार्क पर मेन गेट बंद



लेक व्यू प्वाइंट पार्क के मेंन गेट पर पार्क बंद है का बोर्ड लगा दिया गया है। हालांकि तालाब में लेक व्यू नौका बिहार पर पैडल बोट के अलावा बैटरी मोटर से संचालित बोट लगाए गए हैं। जिनका भी संचालन बिना टेंडर के कराया जा रहा है। जिसमें स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड का रसीद काटते हुए एक बोट के लिए 300 से 500 रूपए पर्यटकों से लिया जा रहा है। इस संबंध में स्वावलंबी सहकारी समिति के अध्यक्ष अमन उरांव ने बताया कि यहां पर्यटकों को नौका विहार करने के लिए तीन लोगों को ट्रेनिंग देखकर नियुक्ति पत्र भी दिया गया था, लेकिन डेढ़ वर्षो से हम लोगों का वेतन नहीं मिला। इस कारण जीवकोपार्जन के लिए भी भारी मुसीबत हो रही थी। विभाग से बात करने पर मौखिक रूप से यहां बोटिंग कराने का आदेश मिला है। जिस पर एक दर निर्धारित करते हुए नौका विहार कराया जा रहा है, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को बैरंग वापस न लौटना पड़े और हमें भी इससे परिवार चलाने के लिए आर्थिक मदद मिल पा रही है। यहां जो भी आमदनी होती है उसमें से 1000 प्रतिमाह विभाग को भी दिया जाता है। पार्क बनाए जाने के बाद यहां बोट की व्यवस्था किए डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी जीटीडीसी द्वारा अभी तक टेंडर नहीं कराया गया। सूर्योदय पॉइंट के समीप बना पार्क जिसे इको विकास समिति को संचालन करने के लिए दिया गया था, वह भी बंद पड़ा है। विभागीय उदासीनता के कारण नेतरहाट में पर्यटन को बढ़ावा देने की सरकार की योजना पर सवाल खड़े हो रहे है। वहीं इन सभी पार्कों पर टेंडर नहीं होने से सरकार को भी नुकसान हो रहा है। नेतरहाट आने पर पर्यटक यहां की सुंदर झरनों और प्राकृतिक नजारों का लुफ्त उठाने लोअर घघरी अपर घघरी एवं नैना वॉटरफॉल जाना भी खूब पसंद करते हैं। लेकिन लोअर घघरी, अपर घघरी जाने वाले मार्ग पर वन विभाग द्वारा बैरियर लगाकर पर्यटकों की एंट्री बंद कर दी गई है। नैना वॉटरफॉल तक पहुंच मार्ग काफी जर्जर है, जहां तक पहुंचने में पर्यटकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस सड़क पर कई वाहन फंसे नजर आ सकते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि आने वाले समय में नेतरहाट में पर्यटकों की संख्या में काफी कमी आ सकती है।

## न्यूज बॉक्स

### गर्म पानी में झुलस कर बच्चा घायल

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरेगड़ा पंचायत के तस्तबार गांव में राजेंद्र भुइयां का 5 वर्षीय पुत्र गर्म पानी में गिर कर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घर में गर्म पानी करके रखा था। 5 वर्षीय बच्चा रखा पानी का बर्तन को पकड़ खींच दिया, जिससे बर्तन में गर्म पानी शरीर पर गिरने से वह गंभीर रूप से जल कर घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने घायल बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 12 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 का योजना 90% व 75%के तहत 12 लाभुकों के बीच 4 बकरी तथा 1 बकरा का वितरण किया गया, जिसमें बारियातु, गोनिया, टोटी व डाढ़ा इन सभी पंचायतों के लाभुकों को इस योजना का लाभ दी गई। प्रखंड प्रमुख प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आज 2024-25 के तहत स्वीकृत 12 लाभुकों को 4 बकरी 1 बकरा व इसके साथ में रोग से बचाव के लिए दवा का भी वितरण किया गया है। पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉ. सुशीला बागे तथा बिनोद बैठा ने कहा कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे। बकरी बकरा को अच्छा से रख रखाव, खान पान करेंगे। इसके उपस्थित लाभुकों को साथ में कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। रख-रखाव का सुझाव भी दिया गया। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख निशा सहादेव, जिप सदस्य रमेश राम व रिगन कुमार सहित अन्य लाभुक उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का टीम पहुंची ककहिया, पीड़ित ग्रामीणों के बीच वितरण किया कंबल

**कुंदा (चतरा)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन चतरा की टीम बुधवार को कुंदा के ककहिया गांव पहुंची। टीम में प्रदेश महासचिव संजय कुमार सुमन, कुंदा प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, मिथलेश सिंह, श्रीनिवास शर्मा ने गांव पहुंच कर पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना की जानकारी लिया। साथ ही ठंड को देखते हुए उन्होंने पीड़ित परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। प्रदेश महासचिव ने कहा कि एक तरफ सरकार गरीबों को आवास देकर घर बसा रही है, तो दूसरी ओर वन विभाग के कर्मियों द्वारा उसे तोड़ कर घर से बेघर कर दिया जा रहा है। पीड़ित परिवार के छोटे-छोटे बच्चे इस कड़ाके की ठंड में जीवन बेहाल स्थिति में है। यहां के गरीब परिवारों के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने ने कहा कि ककहिया गांव से संबंधित पूरी विस्तृत जांच रिपोर्ट उच्च स्तरीय पदाधिकारी के पास भेजा कर इन परिवारों को न्याय दिलाया जाएगा।

### जंगल में फेंका मिला नवजात, पुलिस ने सीडब्ल्यूसी को सौंपा

**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत रिझाडीह जंगल के झाड़ी से मिला एक नवजात पुलिस द्वारा जिले के बाल कल्याण समिति को सौंपा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी रूपेश कुमार राय ने बताया कि रिझाडीह गांव के दसाय गंझु को दो दिन पूर्व पास के जंगल में एक नवजात मिला था। जिसकी सूचना खुद दसाय गंझु ने हमें दिया था। जिसके बाद बच्चे को नियमतः कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) चतरा को सुपूर्द कर दिया गया है। वहीं सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने दूरभाष पर इस संबंध में बताया कि पुलिस से प्राप्त बच्चे को चतरा सदर अस्पताल में मेडिकल जांच और इलाज के लिए भर्ती थाना प्रभारी के देख रेख में करवा दिया गया है और नवजात सदर अस्पताल चतरा में उपचाराधीन है। नवजात को फीट घोषित करने के बाद किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत प्रावधानों के अनुरुप आगे की कार्रवाई समिति द्वारा की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ ग्रामीण दो दिन पूर्व जंगल अपने मवेशियों को चराने गए थे। तभी उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद दसाय गंझु उक्त नवजात को अपने घर ले गया और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

### उपायुक्त ने की राजस्व की समीक्षा, दिए अवश्यक दिशा निर्देश

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षा बैठक बुधवार को हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, दाखिल खारिज, दाखिल खारिज अपील, राजस्व न्यायालय, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, भारत माला परियोजना अंतर्गत रैयतों के भुगतान समेत अन्य संबंधित बिंदुओं की क्रमवार समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। चतरा शहर को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु अंचल अधिकारी चतरा को नोटिस निर्गत करते हुए कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। अवैध जमाबंदी को रद्द करने की कार्रवाई हेतु सभी अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया। ई राजस्व न्यायालय पद्धति को सुदृढ़ करने के लिए कई आवश्यक व महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर कहा पात्रता रखने वाले लाभुकों को शत प्रतिशत लाभ मिले। जिन लाभुकों द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन किया गया है और पात्रता रखते है एवं किसी कारण से उनके दस्तावेज में कुछ त्रुटियां है तो संबंधित अधिकारी या लाभुक से समन्वय स्थापित करते हुए इसका निष्पादन करना सुनिश्चित करें। इसके अलावे राजस्व से जुड़े सभी बिंदुओं पर गहनतापूर्वक समीक्षा करते हुए कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### सेविकाओ की तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**चतरा।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा पोषण भी, पढ़ाई भी विषय पर आंगनबाड़ी सेविकाओं का आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को प्रमाण पत्र वितरण के साथ संपन्न हो गया। डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में सभी छह बाल विकास परियोजना के 100-100 आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में समर अभियान के डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण में सीखे बातों को अपने आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर उसे लागू कर अपने कार्य-दायित्व का निर्वहन अच्छे ढंग से करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप अपने ड्यूटी के दौरान बच्चों को ठीक से शिक्षा देना सुनिश्चित करें ताकि सुगमतापूर्वक बच्चे चीजों को सीखें, पहचाने और समझें।

### उपायुक्त ने मनिका में किया दर्जनों योजनाओं का निरीक्षण

**मनिका (लातेहार)।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार प्रखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही दर्जनों योजनाओ का विभागवार निरीक्षण किया। निरीक्षण द्वारा उपायुक्त ने पदाधिकारियो को कई निर्देश दिया। इस दौरान पत्रकारो से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मनिका में जिले की पूरी विभागीय टीम द्वारा विकास कार्यो को गति प्रदान करने के लिए संचालित योजनाओं की भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान कई कमियां पाई गई, जिसे दूर करने के लिए पदाधिकारियो को निर्देश दिया। वर्षो से डिग्री कॉलेज में बंद पड़े लाइब्रेरी को भी बहुत जल्द संचालित करने की बात कही। इससे पूर्व उपायुक्त ने प्रखंड स्थित डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। सिंजो पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र व मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण कर सीडीपीओ के कार्य शैली पर असंतोष जताते हुए कार्यशैली मे सुधार लाने की बात कही। उपायुक्त ने मध्य विद्यालय सिंजो मे कम्प्यूटर क्लास नहीं चलने पर नाराजगी व्यक्त किया। उपायुक्त ने सिंजो में संचालित महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा जनवितरण प्रणाली के दुकान के वितरण पंजी की जांच की। उपायुक्त मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। दवा वितरण पंजी का निरीक्षण किया। चिकित्सको द्वारा मरीजों को अस्पताल से बाहर की दवा लिखने पर नाराजगी व्यक्त कि। उपायुक्त ने चिकित्सको को वैसी दवा लिखने का निर्देश दिया जो अस्पताल में उपलब्ध है। दवा वितरण पंजी मे कई गड़बड़ियां पर नाराजगी व्यक्त की। उपायुक्त ने मनिका स्थित निर्माणाधीन सामुदायिक अस्पताल को संवेदक को 31 मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर जिले के उपविकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार, सीओ नंदकुमार राम सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक को समिति ने अस्पताल में कराया भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हरमू रोड निवासी धनेश्वर ठाकुर का पुत्र घायल हो गया। जिसे जय श्रीराम समिति के सदस्य ने इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना बक्सीडीपा स्थित वन विभाग के नर्सरी के समीप देर शाम होने की बात बताई जा रही है। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित वन विभाग द्वारा संचालित नर्सरी के समीप मंगलवार देर शाम अज्ञात पिकअप वाहन के चपेट में आने से दुर्घटना हुआ। वही घायल युवक की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र के हरमू रोड निवासी धनेश्वर ठाकुर का पुत्र रोहित ठाकुर के रूप में किया गया। बताया जाता है कि अज्ञात पिकअप गाड़ी के चालक तेजी व लापरवाही से ड्राइव करते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। घटना के पश्चात पिकअप चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना पर अभिलंब जय श्रीराम समिति के विनोद प्रसाद ने दुर्घटना में घायल रोहित ठाकुर को उठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा



उपचार आरम्भ किया गया। सड़क दुर्घटना की सूचना पर समिति के अजय सोनी, ओम महतो महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तमेड़ा सहित अन्य समिति के सदस्य सदर अस्पताल पहुंच घायल युवक का इलाज करवाया।

वही विनोद प्रसाद ने कहा दुर्घटना की सूचना पर जब मैं गया तो घायल युवक को उठाने वाला कोई भी नहीं था। मैंने किसी तरह उठाकर अस्पताल पहुंचाया। साथ ही कहा आए दिन सड़क दुर्घटना होना इस स्थान पर आम हो गया है। और सड़क दुर्घटना में गम्भीर चोट के करण कई व्यक्ति का मौत भी हो चुका है। ऐसे में परिवहन विभाग को गाड़ियों पर नियंत्रण के लिये अभिलंब ठोस कारवाई का मांग किया गया है।

# सोशल ऑडिट का होना विद्यालयों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपविकास आयुक्त, दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर, राज्य सोशल यूनिट के सदस्य वशिष्ट नारायण उरांव, जिले सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामजीवन नायक, जयनाथ महतो अरविंदा कुमारी और अभिषेक भारती की उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण सत्र 2022-23 और 2023-24 का जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला परिषद सभागार, लोहरदगा में किया गया। जनसुनवाई के प्रारंभ में जिला शिक्षा अधीक्षक,लोहरदगा ने बताया कि मध्याह्न भोजन पीएम पोषण योजना अंतर्गत विद्यालयों के 40 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें किचन शेड मरम्मत, निर्माण, शौचालय मरम्मत, पानी की समस्या, विद्यालय अनुश्रवण एवं निरीक्षण, बीआरपी, सीआरपी विद्यालय मोनिटरिंग, किचेन डिवाइस आदि का निराकरण किया गया। जिन मामलों का निष्पादन जिला से संभव नहीं हो सका उसे राज्य स्तरीय सुनवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिसमें शिक्षक की नियुक्ति, भवन का निर्माण, चारदीवारी निर्माण, कुक्स के मानदेय में वृद्धि आदि। उप विकास आयुक्त,लोहरदगा ने कहा कि सोशल ऑडिट होने से विद्यालयों की स्थिति की जानकारी होती है। जिससे आगे चलकर सुधार किया जा सकता। ऑडिट की निरंतरता बनाये रखें। साथ ही उपस्थित सभी बीईईओ, बीआरपी और सीआरपी को कहे कि आप विद्यालय निरीक्षण अनुश्रवण के दौरान विद्यालय में परोसे जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच स्वयं बच्चों के बैठ कर भोजन करके करें। ताकि वास्तविक जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर सोशल यूनिट की सरस्वती देवी, ब्रजेश राम, भीखू उरांव, अभिषेक भारती, लिपिक, कुंदन कुमार, जीतेंद्र मित्तल, राम जीबन नायक, जयनाथ महतो, परवेज आलम, मंजू कुमारी, ओम प्रकाश रंजन, सहित सभी प्रखंड के बीपीओ, संबंधित सीआरपी, बीआरपी और विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।



## उपायुक्त की अगुवाई में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की हुई बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सीएसआर (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व) की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सीएसआर मद से राजकीयकृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय में पांच सौ बेंच/डेस्क की व्यवस्था एवं चहारदिवारी निर्माण, कुडू प्रखंड में ग्राम कौवाखाप में ऑयल एक्सपेलर प्लांट में 10 किलोवाट ग्रिड कनेक्टेड सोलर प्लांट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में न्यूनतम 30 किलोवाट जेनरेटर, किस्को प्रखंड में अधिष्ठापित ब्रिकेट यूनिट में मशीन मरम्मति, औद्योगिक सिलाई केंद्र किस्को में आधारभूत संरचना व मशीन का अपग्रेडेशन, सदर अस्पताल में प्वाइंट ऑफ केयर किट, सीएचसी सेन्हा में जेनरेटर, सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में शौचालय, जिला कराटे संघ हेतु मैट की व्यवस्था आदि के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश नजारत उपसमाहर्ता को दिये गये। साथ ही निदेश दिया गया कि सीएसआर मद में ससमय कोष की प्राप्ति कर ली जाय। बैठक में डीडीसी, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।



## पार्टी सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला 15 को

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश में प्रारम्भ होने वाली भाजपा का सदस्यता अभियान को लेकर लोहरदगा जिला पार्टी कार्यालय में 15 दिसम्बर को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता कार्यकर्ताओ का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से किया गया है। इसकी जानकारी भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार ने देते हुए बतलाया की कार्यशाला में जिला प्रभारी सह पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कार्यशाला में जिला के सभी पदाधिकारी,कार्यसमिति सदस्य, पूर्व सांसद/विधायक, लोहरदगा जिला में निवास करने वाले प्रदेश के पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष/महामंत्री,सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष/महामंत्री, जिला एवम मंडल स्तर के सभी संयोजक/सह संयोजक तथा निकाय चुनाव में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कार्यशाला में समय से उपस्थित रहने की अपील की है।

**कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।**

**पत्रांक :** 928 **लोहरदगा, दिनांक :** 11.12.24

**निविदा संख्या - 01**
**अति अल्पकालीन निविदा**

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु मेडिकल सामग्री एवं कार्यालय उपयोग हेतु अन्य जरूरी सामग्री की आवश्यकता है। प्रतिष्ठित निमार्ताओं / उनके अधिकृत विक्रेताओं से विभिन्न शर्तों के साथ मुहर बन्द निविदा दिनांक 17.12.2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक अथवा स्वयं निविदादाता या उनके अन्य प्रतिनिधि जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 17.12.2024 के अपराह्न 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदादाता सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्तें कार्यालय अवधि में सिविल सर्जन, लोहरदगा के कार्यालय से राष्ट्रीयकृत बैंक का रू0 1000/- (एक हजार रू० मात्र।) का बैंक ड्राफ्ट सिविल सर्जन, लोहरदगा के नाम से जमा कर दिनांक 11.12.2024 से दिनांक 16.12.2024 के संध्या 04:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। ड्राफ्ट की राशि वापस नहीं की जायेगी।

**असैनिक शल्य चिकित्सक सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।**

महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# नैंसी, अल्पना और सोनू को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, बीएस कॉलेज के रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष शशि गुप्ता, पूर्व प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता और भगवान हनुमान के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथि परिचय व स्वागत और कार्यक्रम का वृत्त प्रीति कुमारी गुप्ता ने रखो वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सोनू उरांव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भैया और अल्पना शैली उरांव व नैंसी उरांव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बहन का खिताब दिया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों और महाविद्यालय के आचार्य के बीच रस्सा कस्सी का खेल खेला गया। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि खेलकूद विद्या भारती के पांच विषयों में से प्रमुख विषय है। विद्या भारती के विद्यालयों में सर्वांगीण विकास को लक्ष्य लेकर इस तरह की गतिविधियां कराई जाती है। खेलकूद के माध्यम से भैया-बहन अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि आज के माहौल में खेलने कूदने वाले बच्चे ही स्वस्थ भी रहते हैं और आगे अपने लक्ष्य को भी जल्दी प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम का समापन मसाल निर्वाण के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमारी व धन्यवाद ज्ञापन सनोज कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, आरती भगत, सत्यम सतलज, रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## मनोहर अभिव्यक्ति का विमोचन

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभ अवसर पर महाविद्यालय से प्रकाशित होने वाली त्रैमासिक पत्रिका (जुलाई-सितंबर 2024) मनोहर अभिव्यक्ति का विमोचन किया गया।

# मनो न्याय विधिक सेवा को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नालसा, नई दिल्ली, एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा ने लीगल सर्विसेज यूनिट 'मनो न्याय' के टीम को मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 2017 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 को लेकर डालसा सभागार, लोहरदगा में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान डालसा, सचिव सह यूनिट के अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि नालसा नई दिल्ली के 2024 स्कीम के तहत गठित 'मनो न्याय विधिक सेवा टीम' का गठन पीएलवी एवं पैनल अधिवक्ताओं को लेकर हुआ है, जिसमें सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी भी सम्मिलित हैं। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष शिवकुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं सिविल सर्जन शंभू नाथ चौधरी के द्वारा किया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर चौधरी ने टीम को मनो रोगियों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनके विधिक अधिकारों को सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं पीडीजे ने इस बात पर बल दिया कि 150 से ज्यादा किस्म के मनोरोग पाए जाते हैं। लेकिन जिसमें समाज व्यक्ति को मुख्य धारा में नहीं रख पाता। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की चिकित्सीय जांच के अतिरिक्त दिव्यांग जनों के देखभाल भी टीम के द्वारा किया जाएगी, ऐसी उम्मीद है। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में डालसा सचिव सह यूनिट के अध्यक्ष राजेश कुमार एवं स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष शिवकुमार ने मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम एवं दिव्यांगजन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं उपबंधों को सविस्तार बतलाया। साथ ही इस बात पर बल दिया कि मनोनीत टीम ही अब दिव्यांग जनों एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों को विधिक सेवाएं प्रदान करेगा। प्रशिक्षण में डिप्टी चीफ उमेश कुमार, पैनल अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती, अरुण प्रसाद साहू, बिपिन बिहारी दुबे, अशोक कुमार वर्मा, पवन कुमार देवघरिया, उपस्थित थे।

**कार्यालय :– जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा**
**सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा।**

राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रमों के निवासियों को प्रथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु चलन्तम ग्राम क्लीनिक के संचालन हेतु आयुषद चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक का चयन हेतु रिक्तियों के आलोक में Walk in Interview हेतु पुनर्विज्ञापन।

विज्ञापन संख्या :–07/2024 साक्षात्कार की तिथि :–17.12.2024

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, गढ़वा के पत्रांक– 05/पी–16/2023–33 (5)ब, योजना, स्वा0, गढ़वा दिनांक– 25.05.2023 के द्वारा राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रमों के निवासियों को प्रथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित '' चलंत ग्राम क्लीनिक'' के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहाय की Walk in Interviewके आधार पर पूर्व में दो बार आयुष चिकित्सको तथा चिकित्सा सहायकों चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था किन्तु आरक्षण कोटि के अनुसार अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होने के कारण निम्नांकित पद रिक्त रह गयें है।
चलंत ग्राम क्लीनिक'' गढ़वा जिला के लिए रिक्तियों के आलोक में आयुष चिकित्सक तथा चिकितसा सहायक की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता, मानदेय एवं अन्य विवरण निम्नांकित हैः–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | कोटिवार पदों की सं0 | | मानदेय | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कोटि | रिक्त पदों की सं0 | | |
| 1 | आयुष चिकित्सक | Bachelor in Ayurved/Homoeopath/unani with working Knowledge of Computer | SC | 05 | रू 21000/– (कुल 26 कार्य दिवस) | 09:00 AM To 06:00 PM |
| | | | ST | 02 | | |
| | | | TOTAL | 07 | | |
| 2 | चयनित आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | | | |
| 3 | Walk In Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भता देय नहीं होगा। | | | | | |
| 4 | ''चलंत ग्राम क्लीनिक'' के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के द्वारा मिलकर स्वयं व्यवस्था की जाएगी। जिसके लिए 5000 (पॉच हजार) रूपया प्रतिमाह देय होगा। | | | | | |

नोट :– ''चलन्त ग्राम'' क्लीनिक के लिए चयन आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा किया जाने वाला कार्य :–

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत ''चलन्त ग्राम क्लीनिक'' में स्वास्थ्य कार्यक्रमों का कियान्वयन सुनिश्चित करना।
2. निर्धारित समयावधि में ओ०पी०डी० का संचालन
3. प्रसव पूर्व तथा प्रसवोत्तर देखभाल
4. ऐनिमिया और अन्य गैर संबारी रोग अंतर्गत उच्च रक्तचाप, मधुमेह की जांच।
5. टी०बी० एवं मलेरिया का पता लगाने के लिए बलगम एवं रक्त–पट्ट संग्रह।
6. अन्य सरकारी/गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना।
7. विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यक्रमों/योजनाओं का प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना
8. समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित कार्यों का निष्पादन

उक्त आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के चयन करने हेतु अन्य शर्तें, अहर्ता, आवेदन–पत्र इत्यादि का विवरण गढ़वा जिला के बेवसाईट www.garhwa.nic.inअथवा जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के कार्यालय के सूचना–पट्ट से उपलब्ध की जा सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी, आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के पद पर चयन के लिए सिविल सर्जन कार्यालय गढ़वा में दिनांक 17.12.2024 को पूर्वाहन 11 बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों एवं छायाप्रति (01) के साथ Walk in Interview हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 341741 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

# बीडीओ ने गांवों का भ्रमण कर योजनाओं का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से बुधवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड के भंडरा व कसपुर गांव में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। जिसमें मनरेगा योजना से बन रहे यूसुफ अंसारी, अनिल उरांव, महिर अंसारी, सनिया उरांव के मनरेगा सिंचाई कूप व कसपुर में चल रहे पीसीसी सड़क का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने अपूर्ण मनरेगा सिंचाई को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया है। साथ उन्होंने कसपुर में बन रहे पीसीसी सड़क का



निरीक्षण कर कनीय अभियंता रवि शंकर भगत को जांच कर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। मौके पर उन्होंने कहा कि विकास योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता जरूरी है। किसी भी स्थिति में गुणवत्ता पर लापरवाही स्वीकार नहीं है। विकास योजनाओं के संचालन में लापरवाही बरतने वाले लाभुक समिति पर भी कार्रवाई तय है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा सदर अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** आत्महत्या घटना की सूचना मिलने पर मुरपा ग्राम पंहुच सेन्हा थाना पुलिस घटना का जायजा लिया मकनशिक रूप से कमजोर होने के कारण युवक ने अपने ही घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया वही शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुरपा ग्राम निवासी केश्वर उराँव का 22 वर्षीय पुत्र अजय उरांव ने अपने घर में अकेला था। जिसका दिमागी हालत ठीक नही था। जिसे अजय उरांव फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया वहो घटना से परिवार



के बीच शोक का लहर दौड़ गया। जिसे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

परिजनों ने बताया कि मृतक अजय उराँव कुछ दिनों से गुमशुम रह रहा था। और मकनशिक रूप से कमजोर होने के कारण फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। साथ ही कहा कि घटना को अंजाम तब दिया गया। जब घर के सभी सदस्य खाना खा कर सो गये उसके बाद फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया।

वही सुबह सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज कर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
**(आपदा प्रबंधन शाखा)**

**अपील**

शीतलहर खतरनाक साबित हो सकती है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए निम्नलिखित सावधानियों से संबंधित **(Do's & Don'ts) -**

**सुरक्षा के उपायः–**

- स्थानीय समाचार पत्रों/रेडियो/टी0वी0 से मौसम की स्थानीय जानकारी लेते रहें तथा घर के अन्दर रहें।
- ठंड से बचाव हेतु मल्टीलेयर ठंढक का कपड़ा रखें तथा जब भी बाहर जायें तो ऊनी कपड़े पहनें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें और हमेशा जूते या चप्पल पहने रहें।
- अपने घर को गर्म रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में दरवाजा एवं खिड़कियां खुली न रखें।
- ठंढ के समय कम से कम यात्रा करें तथा वाहन चलाते समय गति नियंत्रित रखे, हेलमेट पहनें तथा हाथ में दास्ताने का उपयोग अवश्य करें।
- अगर आपका आवश्यक काम बाहर का है तो टोपी, गमछा आदि का इस्तेमाल करें और सूखे कपडों का प्रयोग करें।
- प्रर्याप्त भोजन करें, पानी को गुनगुना करके सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन करें, जैसे–मांस व मेवे, दाल जो शारीरिक ताप को बढ़ाते हैं।
- घर में बना खाद्य सामग्री का प्रयोग करें एवं भोजन करने के समय गर्म कर सेवन करें तथा शरीर को ठंढ से बचाने हेतु त्वचा पर तेल व Moisture क्रीम लगायें।
- जहाँ तक संभव हो सुबह–शाम में घर से बाहर न निकलें तथा वृद्ध एवं बच्चों पर विशेष ध्यान दें।
- अपने घर में कोयले की अंगीठी/चूल्हा/हीटर आदि का प्रयोग करते समय सावधान रहें व कमरे को हवादार रखें, ताकि जहरीले धुएँ से नुकसान न हो।
- पालतू जानवरों को घर के अन्दर बांधे तथा उनके शरीर ढकने के लिए टाट या बोरे का प्रयोग करें, जिससें ठंढ से बचाव हो सके।
- ठंढ में शराब का सेवन न करें, क्योंकि शराब के सेवन से नसें सिकुड़ती हैं।
- अपने एवं बच्चों को पर्याप्त ऊनी कपड़े पहना कर रखें।
- फसलों में हल्की सिंचाई कर दें, जिससे पाला का प्रभाव कम हो सके।
- खेती में मिश्रित फसलों का उपयोग करें तथा टमाटर, बैंगन, सरसो, अरहर आदि को पाला से बचाने हेतु खेत के किनारे धुआँ का इस्तेमाल करें।
- हवा की गति रोकने हेतु खेत के मेढ़ पर पौधों का रोपण करें, जो हवा की गति को कम करने में सहायक हो सके।
- अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।
- घर में ओ0 आर0 एस0 का पैकेट जरुर रखें तथा सभी को इस्तेमाल का तरीका बतायें।

**ठंढ लगने पर क्या करें ?**

- ठंढ लगे व्यक्ति को गर्म बिस्तर में लिटा दें। अगर कपड़े गीला हों, तो उन्हें हटा दें।
- ठंढ लगे व्यक्ति को चाय एवं गर्म पेय पदार्थ पीने के लिए दें, जिससे शरीर का तापमान बढ़ सके।
- व्यक्ति को यदि कोल्ड डायरिया हो जाय तो गर्म ओ0आर0एस0/नमक–चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके।
- ठंढ लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार ना हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाएं।
- पशुओं के चारे में पोषक तत्वों की मात्रा में वृद्धि करें तथा मौसम अनुरूप पशु शेड का निर्माण करें।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं पुलिस कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।

सावधानी बरतो, खुशहाली लाओ,
आपदाओं से अपनी जान बचाओ।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.341747 Palamu(24-25):D

12 जनवरी को आंजन धाम में होगा भव्य कार्यक्रम आयोजित

# आंजन धाम महोत्सव में शामिल होंगे वाराणसी के विद्वान ब्राह्मण



*संगीतमय सुंदरकांड पाठ, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, अखंड हरिकीर्तन का होगा आयोजन*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर लोहरदगा गुमला सिमडेगा जिले के धार्मिक व पर्यटक स्थल आंजन धाम टोटो को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए आंजन धाम समिति द्वारा आंजन धाम में तीन दिवसीय आंजन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसका शुभारंभ 12 जनवरी को एक शाम आंजन महोत्सव के साथ होगा, जिसमें काशी के आचार्यों द्वारा पूजा के बीच रुद्राभिषेक कराया जायेगा। तीन दिवसीय महाभंडारा और अखंड हरिकीर्तन के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा। यह जानकारी समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योतिषविद पंडित दिवाकर पाठक ने प्रेस कान्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि समिति बीते दो वर्षों से आंजन धाम में एक शाम आंजन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होते रहे हैं। इस बार अधिक धूमधाम से महोत्सव मनाया जायेगा। वहीं पंडित दिवाकर ने बीते माह गुमला के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा आंजन धाम की चर्चा करने पर धन्यवाद दिया। साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की प्रेस वार्ता के माध्यम से कड़ी शब्दों में निंदा की। दिवाकर पाठक ने कहा कि जिले में आंजन धाम के साथ रामरेखा धाम, टांगीनाथ धाम, मां दशभुजी मंदिर पालकोट, देवगांव गुफा, वासुदेव कोना, हीरादह, बर महादेव, रंगनाथ मंदिर, पांच पांडव पहाड़, सीरा-सीताधाम, टांगीनाथ धाम, देवाकी धाम, हापामुनी महामाया मंदिर, कोरांबे जगन्नाथ मंदिर, चंदवा गड़गांव, खकपरता शिवमंदिर, नागफेनी जगन्नाथ मंदिर, नवरत्न गढ़, कपिल नाथ मंदिर, महादेव मंडा बसिया, केतुका धाम समेत कई धार्मिक व पर्यटक स्थल है। हमारी मांग है कि सरकार उन सभी स्थलों को कॉरिडोर के रूप में विकसित कर गुमला को वैश्विक पहचान दिलायें और गुमला, लोहरदगा व सिमडेगा जिले को पर्यटक हब के रूप में विकसित करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुकेश सिंह पप्पु, उदय पंडित, अभय महतो, विजय भगत, मनीष राजगढ़िया, सुनील अग्रवाल, प्रदीप सिंह, बबलू महतो आदि शामिल थे।

# जन आरोग्य स्वास्थ्य चिकित्सा समिति का किया गया गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव के कुंदगड़ी और अरु पंचायत के अरु ग्राम में तथा झलजमीरा के गगेया में और उगरा पंचायत अन्तर्गत कोराम्बे गांव में जन आरोग्य स्वास्थय चिकित्सा समिति का गठन बिटीटी रानी देवी की अध्यक्षता में किया गया। गठित समिति में मुखिया को याध्यक्ष, सीएचओ को सचिव और चिकित्सा प्रभारी को उपाध्यक्ष बनाया गया। बिटीटी रानी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय का निर्देशानुसार सभी गांव में जन आरोग्य चिकित्सा समिति का गठन करना है। जिसका मुख्य उद्देश्य है सरकार द्वारा संचालित चिकित्सीय योजना का लाभ समिति के माध्यम से ग्रामीणों को देना तथा समय समय पर आम जनों को विभिन्न तरह की बिमारियों से बचाव के लिये दवा उपलब्ध कराना और बीपी, सुगर, मलेरिया, टीबी, रतौंधी, काली खांसी सहित अन्य सभी तरह के बीमारियों जांच कर दवा देना साथ ही मरीजों को इलाज के लिये अस्पताल पंहुचाने का व्यवस्था करना. मौके पर मुखिया राजश्री उरांव, बिटीटी रानी देवी, सीएचओ सुनीता तिर्की, एएनएम अलोमनी मिंज, प्रतिमा बाड़ा के अलावे दवेंद्र गिरी, किरण कुमारी, नासरीन खातून, सुनीता कुमारी, कुरैशा खातून सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न, उपायुक्त बोले

# योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन पर दें जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था।

बैठक में आयुष्मान भारत योजना के तहत राशन और आधार कार्ड के मिसमैच को जल्द हल करने और पीवीटीजी समुदाय के सभी ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं में सिकल सेल एनीमिया जांच को प्राथमिकता देते हुए जिले को इस दिशा में राज्य में अग्रणी बनाने का संकल्प जताया गया। ब्लड डोनेशन अभियान के तहत 1000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया और अधिकारियों को प्रेरित करने की बात कही गई। वहीं, डायलिसिस सेंटर और मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की सेवाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग की योजनाओं में पोषण ट्रैकर ऐप के अपडेट, आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण और पुनर्निर्माण, तथा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया।

आवास योजनाओं की समीक्षा के दौरान बिरसा आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और वन अधिकार योजनाओं पर चर्चा की गई। वहीं, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तहत लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर बल दिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों को समन्वय बनाकर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, परियोजना निदेशक (पीडीआईटीडीए), डीआरडीए निदेशक समेत जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## भूख और ठंड ने ली विक्षिप्त की जान



**गुमला।** गुमला प्रखंड के कुसम्बहा बाजार के पास एक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि ठंड के कारण उसकी जान गई, क्योंकि वह बिना स्वेटर या शॉल के इधर-उधर घूमता रहता था और जहां-तहां सो जाया करता था। मृतक पिछले कई महीनों से भरनो क्षेत्र में रह रहा था। वह कुछ बोलता नहीं था और अक्सर होटलों के पास खड़ा हो जाता, जहां उसे खाना मिल जाता था। बुधवार शाम ग्रामीणों ने कुसम्बहा बाजार के पास उसका शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेजा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक

## संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की गुमला जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को इंडोर स्टेडियम गुमला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष रघुनंदन उरांव ने की। इसमें विधानसभा चुनाव 2024 की समीक्षा के साथ संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**संगठन को मजबूत करने पर जोर** :बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के वरिष्ठ नेता हंदू भगत ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान मोर्चा गुमला जिले में चर्चित रहा। अब संगठन को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की हमें जनता के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना होगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन करना होगा। श्री भगत ने यह भी घोषणा की कि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और विधायक जयराम महतो का जनवरी में गुमला में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

**आंदोलनों की रणनीति तैयार** : विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक प्रत्याशी यशोदा देवी ने कहा कि मोर्चा जनता के हर मुद्दे और समस्या को लेकर सक्रिय रहेगा।

## न्यूज बॉक्स

### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की विराट साहसिक महारैली 5 जनवरी को



**गुमला।** आगामी 5 जनवरी 2025 को गुमला जिला मुख्यालय के रामनगर स्थित लिप्टस बगीचा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में साहसिक महारैली और शक्ति प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। बुधवार, 11 दिसंबर 2024 को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने विश्व हिंदू परिषद गुमला जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा, विभाग सह-संयोजक मुकेश सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता अमित कुमार समेत अन्य सदस्यों की टीम पहुंची। **हजारों भगवाधारियों के शामिल होने की संभावना** : जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने बताया कि यह आयोजन हिंदू समाज के साहस और शक्ति का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा की रामनगर स्थित लिप्टस बगीचा कार्यक्रम के लिए उपयुक्त स्थान है, क्योंकि यह शांत वातावरण और शहर के किनारे स्थित है। यहां हजारों की संख्या में हिंदू सनातनी भगवाधारी शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। राणा ने यह भी बताया कि यह आयोजन हिंदू समाज के एकजुटता और शक्ति का प्रदर्शन करेगा। कार्यक्रम स्थल निरीक्षण में शामिल अन्य सदस्यों ने आयोजन स्थल को बेहतर और उपयुक्त करार दिया और महारैली को सफल बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की।

### मजदूर अधिकारों को लेकर यूनियन की बैठक, केंद्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर जोर



**गुमला।** बुधवार को गुमला कचहरी परिसर में मजदूर यूनियन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष कामरेड महेंद्र जेक्शन उरांव ने की। मौके पर माले जिला सचिव कामरेड गजेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष महेंद्र जेक्शन उरांव ने कहा कि गुमला जिले के हर प्रखंड में प्रखंड कमेटी और ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत कमेटी का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मजदूरों के बीच संघ का सदस्यता अभियान जारी है, जिसमें मेहनतकश मजदूरों को संघ से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय सम्मेलन की तैयारीः बैठक में यह भी घोषणा की गई कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 24, 25 और 26 फरवरी 2025 को होने वाले केंद्रीय सम्मेलन में गुमला से सैकड़ों निर्माण मजदूर और अन्य मजदूर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला अध्यक्ष ने कहा की मजदूर अधिकारों के लिए कुशल, अकुशल, खेत मजदूर और असंगठित क्षेत्रों के सभी मजदूरों को संघ से जोड़ने का लक्ष्य है।

### सिसई मेन रोड में बाइक सवार नाबालिग चालक ने दो बाइकों को मारी टक्कर, 3 घायल

**सिसई (गुमला)।** सिसई मेन रोड, संगीता ऑटोमोबाइल के पास तेज गति से आ रही के टी एम 250 सी सी बाइक जे एच 01 ई जेड - 1807 सवार ने दो बाइक - हीरो स्प्लेंडर जे एच 07 ई - 7465 और टी वी एस मोपेड जे एच 07 एफ- 8686 को टक्कर मारी जिससे तीन लोग घायल हो गए। दो लोग हीरो स्प्लेंडर में सवार थे। दोनों ही सड़क पर गिरकर घायल हो गए।पहला गुमला हरवा टोली निवासी स्व सुका उराँव के 21 वर्षीय पुत्र सतीश उराँव जो वर्तमान में डाडहा सामटोली अपने नानी के घर में रहता है। उसके पैरों में चोट लगी है। दूसरा डाडहा निवासी बंधनु उराँव के 22 वर्षीय पुत्र राजेश उराँव जिसके हाथों में चोट लगी है। दोनों रिश्ते में मामा- भांजा हैं। तीसरा के टी एम बाइक में सवार सिसई महुआडीपा निवासी रामजन साहू के 14 वर्षीय पुत्र बजरंग साहू घायल हुआ है। जिसके चेहरे और पैरों में चोट लगी है। तीनों घायलों को सिसई रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहाँ पर उनका ईलाज चल रहा है। टी वी एस सवार कुदरा निवासी 58 वर्षीय शिवनारायण सिंह सुरक्षित बच गए। बताया गया कि के टी एम बाइक में सवार दोनों लड़के नाबालिग हैं। और तेज गति से बाइक चला रहे थे। जिसमें बाइक चालक 16 वर्षीय समीर साहू, पिता - राजपति साहू ब्लॉक मैदान सिसई निवासी है। उसके साथ बैठा 14 वर्षीय बजरंग साहू, पिता- रामजन साहू,सिसई महुआडीपा निवासी है। सड़क पर दुर्घटना होने के प्रमुख कारण 1) तेज गति से वाहन चलाना। 2) वाहन चलाते समय हेलमेट ना पहनना। 3) नाबालिग बच्चों के द्वारा वाहन चालन करना। जो शारीरिक और मानसिक रूप से अविकसित होते हैं। व्यस्त सड़कों पर भी दिखाने के चक्कर में तेज गति से एवं आड़े तीरछे तरीके से कटिंग मार के बाइक चलाते हैं। जो जरा सा चूक होने पर नियंत्रण खो बैठते हैं। खुद को संभाल नहीं सकते वो 200 सी सी और 250 सी सी वाली बाइकों कैसे संभालेंगे।आखिर इसका जिम्मेवार कौन होगा वो नाबालिग बच्चे या उनके अभिभावक हमारा संविधान भी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बाइक चलाने का अधिकार नहीं देता है। उसके बावजूद माता पिता अपने बच्चों के मोहपाश में ,उनके जिद में आकर इतनी उच्च सी सी वाली भारी भरकम बाइक खरीदकर दे देते हैं।

### टैंसेरा गांव निवासी सात वर्षीय मंदबुद्धि बालक हुआ लापता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के टैंसेरा गांव निवासी वीरेंद्र इन्दवार का 7 वर्षीय पुत्र आर्यन इन्दवार बुधवार की शाम 5:00 बजे घर से लापता हो गया। गुरुवार की अपराह्न 4:00 बजे उसके पिता ने गुमला थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई और पुत्र को खोजने की गुहार लगाई है। पिता ने बताया मेरा पुत्र मंदबुद्धि है वह बोल भी नहीं पता है और अपने हाथ से कुछ खा भी नहीं सकता है। उसे हम लोग घर में रस्सी से बांधकर रखते हैं। उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है। हमलोग उसे खुद से नहलाते और खाना खिलाते हैं। बुधवार की शाम स्वेटर पहनने के लिए उसे रस्सी से खोला इसके बाद उसे समोसा भी खिलाया।

## अभाविप ने की छात्रवृत्ति फॉर्म की तिथि बढ़ाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभविप) के कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला की इकाई ने प्रादेशिक विश्वविद्यालय संयोजक कुणाल शर्मा के नेतृत्व में जिला कल्याण पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाने और कॉलेज लॉगिन की समस्या का समाधान करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कॉलेज लॉगिन बंद होने के कारण कॉलेज प्रशासन छात्रवृत्ति आवेदन को सत्यापित नहीं कर पा रहा है, जिससे कई गरीब और आदिवासी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा। जिला कल्याण पदाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस समस्या को रांची में होने वाली बैठक में उठाया जाएगा और समाधान के प्रयास किए जाएंगे। कॉलेज इकाई अध्यक्ष ज्योतिष राम और मंत्री खुशबहाल महतो ने कहा की कार्तिक उरांव कॉलेज में सुदूर क्षेत्रों से गरीब और आदिवासी छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं। इनमें से कई छात्र पूरी तरह से छात्रवृत्ति पर निर्भर हैं। किसी भी छात्र की शिक्षा आर्थिक समस्याओं के कारण बाधित नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष श्रुति कुमारी मिश्रा, एनएसएस प्रमुख सोनाली कुमारी केसरी, कार्यकर्ता टीना कुमारी, रुचिका गुप्ता, खुशी कुमारी, खेल संयोजक राघवेंद्र कुमार, सहित लोग शामिल थे।

## अभिभावक गोष्ठी आयोजित, छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय भरनो के प्रांगण में बुधवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाध्यापिका वरदानी टोप्पो ने किया। उन्होंने विद्यालय के विकास और शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि आगामी मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। एचएम वरदानी टोप्पो ने अभिभावकों को सुझाव दिया कि विद्यालय की पढ़ाई के बाद वे कम से कम एक घंटा अपने बच्चों के साथ अध्ययन में बिताएं। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति, मोबाइल का विद्यालय में उपयोग न करने, और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाइक या स्कूटी न देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ₹बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना और उनके विद्यालय जाने की पुष्टि करना अभिभावकों की जिम्मेदारी है, जिससे किसी अनहोनी को टाला जा सके। गोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों ने भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपने सुझाव साझा किए। इस अवसर पर बच्चों ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सभी अभिभावकों का अभिनंदन किया।

गोष्ठी के दौरान यह संदेश दिया गया कि अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। एचएम वरदानी टोप्पो ने सभी उपस्थित अभिभावकों से गोष्ठी में साझा की गई बातों का पालन करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय उपस्थितिः कार्यक्रम में एमएच वरदानी टोप्पो, राजलक्ष्मी बड़ा, सुमित्रा कांता कुजूर, नुझत परवीन, संगिता लकड़ा, रंजनी कुजूर, एडलिन टोप्पो, अजीता शालिनी टोप्पो सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे। इस आयोजन ने शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद बढ़ाने और छात्रों की प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।

### कुपोषण मुक्त पंचायत बनाने के लिए मझगांव में बैठक आयोजित

**गुमला।** गुमला जिले के डुमरी मुख्यालय अंतर्गत मझगांव पंचायत भवन में पंचायत मुखिया ज्योति बहेर देवी की अध्यक्षता में कुपोषण मुक्त पंचायत बनाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत के कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करने के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहियाओं से सहयोग मांगा गया। मुखिया ने घोषणा की कि 16 दिसंबर को डाहकुल गांव में एमसीडी कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पंचायत से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में पंचायत सेवक सोमनाथ साहू, कल्याण पदाधिकारी अशोक गुप्ता, सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाएं, एनएम, नर्स, और अन्य पंचायत कर्मी उपस्थित थे। उपस्थित लोगों में रामपती देवी, प्रफुल्लित कुजूर, लीलावती एक्का, फूलमनी किस्पोट्टा, सुषमा, एलिजाबेथ खेस, और कुसुम शामिल थे। बैठक का उद्देश्य पंचायत को कुपोषण मुक्त बनाना और जनहितकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था।

### कार्तिक उरांव बीएड संकाय में भारतीय भाषा महोत्सव आयोजित

# सांस्कृतिक विविधता और संरक्षण का संदेश देता है



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** कार्तिक उरांव बी.एड. संकाय में भारतीय भाषाओं की समृद्धि और विविधता को समर्पित भारतीय भाषा महोत्सव का आयोजन गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस महोत्सव का उद्देश्य भारतीय भाषाओं की सांस्कृतिक धरोहर और उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शमसुन निहार ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा की भारतीय भाषाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं, और इन्हें संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विभिन्न भारतीय भाषाओं के अद्वितीय सौंदर्य और उनकी सांस्कृतिक पहचान को प्रदर्शित करने के लिए अनेक रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। हिंदी, नागपुरी, खड़िया, बांग्ला और अंगिका सहित अन्य भाषाओं में काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिताएं और नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को आकर्षित किया। एक विशेष प्रदर्शनी में भारतीय भाषाओं की लिपियों, साहित्य, और उनके ऐतिहासिक योगदान को प्रदर्शित किया गया। प्रोफेसर मंती कुमारी और डॉ. दीपक प्रसाद ने भाषाओं के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा की भारतीय भाषाएं हमारी सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर का अनमोल खजाना हैं। प्रत्येक भाषा में कला, परंपरा और साहित्य का विशेष स्थान है। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक में भाषाई एकता का संदेश दिया गया, जबकि अन्य प्रतियोगिताओं ने प्रतिभागियों को अपनी भाषाओं की समृद्ध परंपराओं से जोड़े रखने का अवसर प्रदान किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजन की सफलता के लिए विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा की भविष्य में इस महोत्सव को और व्यापक बनाया जाएगा।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

नगर पंचायत, लातेहार के ज्ञापांक 2944 दिनांक 06.12.2024 द्वारा जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी लातेहार के माध्यम से PR NO 341674 Urban Development (24-25)_D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खुली डाक आमंत्रण सूचना सं0 12/2024–25 के आम सूचना में दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 16.12.2024 प्रकाशित हुई है, जिसे 19.12.2024 पढा एवं समझा जाय, तथा उक्त प्रकाशित आम सूचना के नियम एवं शर्त की कंडीका 02 पर आवेदन जमा करने की तिथि 14.12.2024 प्रकाशित हुई ,जिसे 18.12.2024 पढा एवं समझा जाय, शेष नियम एवं अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 341780 (Urban Development)24-25*D



**OFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
e-mail :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

**Short Tender Notice e-Procurement Notice**

Tender Reference No.-**UDHD/MMC/18/2024-25** Date :- **11/12/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of Indoor Stadium Complex in ward no. 23 at Medininagar |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 4,73,77,734/- |
| 3 | Time of Completion | 18 Month |
| 4 | Bid Security* (Rs.) | 4,73,777/- |
| 5 | Cost of Document (Rs) | 10,000/- |
| 6 | Date of Publication of Tender on Website | 13/12/2024 AT 10:00 AM |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | 13/12/2024 AT 10:00 AM |
| 8 | Pre-bid meeting | 20/12/2024 AT 12: 30 PM |
| 9 | Last Date/Time of Submission of Bids | 27/12/2024 AT 02:00 PM |
| 10 | Date Of Bid Opening | 28/12/2024 AT 02:00 PM |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | e-Procurement Cell Municipal Commissioner –Cum- Administrator Medininagar Municipal Corporation |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

**Note- Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through** http://jharkhandtenders.gov.in **Any change can be seen on Website *http:// jharkhandtenders.gov.in Any other information can be seen on*** http://jharkhandtenders.gov.in

Municipal Commissioner –Cum- Administrator
PR 341748 District(24-25)#D Medininagar Municipal Corporation



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

**–:आम सूचना:–**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण में भाग लेने वाले सभी संवेदको द्वारा प्रस्तुत बैंक ड्राफ्ट/राष्ट्रकृत का बैंक ड्राफ्ट, यू–कैन, चरित्र प्रमाण–पत्र, आयकर रिर्टन वर्त्तमान बित्तीय वर्ष, पैन कार्ड, प्राधिकार पत्र इत्यादि कागजात का होने के पश्चात हीं परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
नोटः–बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के नाम से होना अनिवार्य हैं।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 341745 Building(24-25)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड सं0–11/2020, दिनांक–17.02.2020 के प्रा0 अभियुक्त 1. सुदेश जी उर्फ शशिकांत जी उर्फ आरिफ जी उर्फ सुदेश गंझु, पिता हिरा सिंह सा0 केदल थाना मनातु जिला पलामू 2. छोटु सिंह उर्फ निवास सिंह पिता उरीन सिंह सा0 दुबैया माडन थाना पांकी जिला पलामू, झारखण्ड के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज :– 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसी :– 6203069537

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO.341758 Police(24-25):D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(विकास-शाखा)**

**विज्ञापन**

दिनांक 30.08.2022 को DMFT की शासी परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में लोहरदगा जिले में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला DMFT मद से निम्नांकित पद पर अनुभवी एवं योग्य Athletics/Physical Trainer/Army/Police Recruitment Trainer की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति की जानी है :–

| | | |
|---|---|---|
| Coaches / Instructors / Trainers | | Consolidated pay of Rs. 25,000/- (Twenty-five thousand) per month purely on contractual basis for a 10 month term. The term of contract appointments may be subsequently extended for a spell of 10 months each year depending upon performance. |
| 1 | Athletics / Physical Trainer / Army / Police Recruitment Trainer | 01 No. |

चयनित Athletics/Physical Trainer/Army/Police Recruitment Trainer को सर्वप्रथम 10 माह के लिए संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जायेगा तथा 10 माह के कार्यकलापों के मूल्यांकन के पश्चात् संतोशजनक पाए जाने पर ही अगले 10 माह हेतु कार्यावधि विस्तार दिया जायेगा। इच्छुक अनुभवी उम्मीदवार विहित प्रपत्र में अपना वांछित सभी प्रमाण पत्र प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, DRDA कार्यालय, जिला परिषद भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा PIN 835302 के नाम से दिनांक 23.12.2024 तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के माध्यम से अपराहन् 5.00 बजे तक भेजा जा सकता है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
**नोटः**– आवेदन–पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति से संबंधित योग्यता सहित विस्तृत जानकारी https://www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 341762 Lohardaga (24-25)_D

अच्छी तथा बुरी, दोनों प्रकार की आदतों को शक्ति प्राप्त करने में समय लगता है। शक्तिशाली बुरी आदतों को उनकी विपरीत अच्छी आदतों द्वारा हटाया जा सकता है यदि अच्छी आदतों का धैर्यपूर्वक विकास किया जाये। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**



संपादकीय

# अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस का औचित्य और भारत

बैंगलुरु के एक युवा अभियंता ने अपनी पत्नी और ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर आत्म हत्या कर ली और शर्त रखी कि उसके हत्यारों को सजा न हो तो अस्थियाँ गटर मेन बहा दी जाएं। इस दुखद सच्चाई से बदल रही दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस मनाए जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है क्योंकि महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। पुरुष दिवस दुनिया के 30 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'सकारात्मक पुरुष रोल मॉडल' है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाता है, साथ ही पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और लैंगिक समानता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दिन पुरुषों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाली चचाओं और कार्यों को बढ़ावा देने, सकारात्मक रोल मॉडल को प्रोत्साहित करने और अधिक समावेशी समाज की वकालत करने का अवसर प्रदान करता है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाए। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि फर्जी केसों में पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। आज सेना सहित मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार में महिलाएं महत्वपूर्ण पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस दिवस को मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है। दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं।

# टीबी उन्मूलन : राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए जरूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से टीबी को खत्म करने का स्पष्ट आह्वान किया। उनके नेतृत्व में टीबी की देखरेख का एक नया मॉडल अपनाया गया और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए अनेक नये तरीके अपनाने का बीड़ा उठाया। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के निष्कर्षों ने अब तक अपनाए गए चिकित्सकीय उपचार की प्रभावशीलता को स्वीकार किया। इसने 2015 से 2023 तक भारत में टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की - जो वैश्विक स्तर पर देखी गई गिरावट की दर से दोगुनी है। इतना ही नहीं, देश में 25.1 लाख रोगियों का निदान किया गया, जिससे देश में उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो 2015 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 85 प्रतिशत हो गई है।



**जगत प्रकाश नड्डा**
लेखक माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं।

प्रधानमंत्री की कल्पना से प्रेरित होकर, 7 दिसंबर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन रणनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी कोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100- दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे। यह पहल कमजोर आबादी तक सक्रिय रूप से पहुंचकर और उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करके हर टीबी रोगी की जल्द पहचान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। जनभागीदारी की सच्ची भावना में, हम सभी - निर्वाचित प्रतिनिधि, स्वास्थ्य चिकित्सक, नागरिक समाज, कॉरपोरेट और समुदाय - ने अभियान को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए सहयोग किया है। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्रिय सहयोग से, यह नया अभियान भारत की टीबी उन्मूलन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित होगा।

## टीबी उन्मूलन के लिए भारत का सामाजिक दृष्टिकोण

विस्तारित निदान प्रयासों को पूरा करने और टीबी रोगियों के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ में सहायता करने के लिए, भारत ने पोषण सहायता योजना : निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) की अवधारणा बनाई और उसे क्रियान्वित किया। अप्रैल 2018 से, हमने एनपीवाई के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1.16 करोड़ लाभार्थियों को ₹3,295 करोड़ वितरित किए हैं। टीबी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवंबर 2024 से मौजूदा ₹500 से दोगुना करके ₹1,000 प्रति माह कर दिया गया है। एक और महत्वपूर्ण पहलू - टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जन भागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस?य ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षय मित्रों को प्रेरित किया है।



## टीबी को खत्म करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देना

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने उपचार की सफलता दर में सुधार के लिए बेडाक्विलाइन और डेलामैनिड जैसी नई दवाएँ पेश की हैं। दवा-प्रतिरोधी वैरिएंट वाले रोगियों के लिए उपचार पूरा करने में चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने बीपीएएलएम-उपचार, जिसमें चार-दवा संयोजन शामिल हैं, को अपनाने की अनुमति दी है जो मौजूदा उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी है। जबकि हमारे पास पारंपरिक 19-20 महीने के उपचार के साथ-साथ 9-11 महीने का छोटा उपचार उपलब्ध है, बीपीएएलएम उपचार के साथ रोगी अब केवल छह महीने में उपचार पूरा कर लेंगे!

हमने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए जमीनी स्तर पर उन्नत उपकरण उपलब्ध हों। इसे सक्षम करने के लिए, हमने अधिक कुशल और सटीक निदान उपकरण झ मौलीक्यूलर परीक्षण किए। 2014-15 में कुछ सौ मशीनों से, अब हमारे पास सभी जिलों में 8,293 मौलीक्यूलर निदान मशीनें उपलब्ध हैं।

वास्तव में, 'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों का क्षेत्र-परीक्षण किया गया है और उन्हें शुरू किया गया है। हम न केवल जिला और ब्लॉक स्तर पर टीबी का पता लगाने में लगने वाले समय को कम करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि परीक्षण और उपचार की लागत में भी भारी कमी ला सके हैं। हमारे स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी मिल चुकी है और दुनिया भर में उनका उपयोग किया जा रहा है। इन पहलों ने भारत को वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में एक सच्चे नेता के रूप में स्थापित किया है।

हमें इस बात पर भी गर्व होना चाहिए कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 2018 से लगातार दुनिया भर में टीबी अनुसंधान के शीर्ष सार्वजनिक वित्तपोषकों में से एक रहा है। हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्सा परीक्षणों सहित नए उपकरण तेजी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे।

## भविष्य के बारे में सोचना

टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

आपकी बात

# प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण भगवान श्री राम

प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण वाल्मीकि द्वारा रचित श्री रामचरितमानस के किष्किन्धा कांड में देखा जा सकता है। जब वानर सेना - भगवान राम और हनुमान के नेतृत्व में वानरों की एक टीम - माता सीता को बचाने के लिए लंका पहुंचने के लिए हिंद महासागर के तट पर पहुंची, तो उन्हें समुद्र पार करना था - लगभग असंभव कार्य। इस समय प्रेरणा सबसे प्रभावी विशेषता थी। श्लोकों के अनुसार, समूह के सभी सदस्य हनुमान की प्रशंसा करने लगे, जो अपनी क्षमताओं और शक्तियों के साथ उन्हें मजबूत और प्रोत्साहित करने के लिए वहां थे, जिन्हें वे अपने पिछले गलत कामों के कारण भूल गए थे। हनुमान की प्रशंसा बढ़ गई, जिससे उन्हें कार्य पूरा करने में मदद मिली। जैसा कि निम्नलिखित उद्धरण हैः भालुओं के राजा ने हनुमान की ओर रुख किया: सुनो, पराक्रमी हनुमान। आप कैसे हैं माँ? आप आत्मा के पुत्र हैं, आप अपने पिता के समान शक्तिशाली हैं। वे ज्ञान, समझ और आत्मा के भंडार हैं। जब हनुमान ने ये शब्द सुने तो वे पहाड़ पर बड़े हो गए, उनका शरीर सोने की तरह चमक रहा था और दूसरे पर्वतराज (सुमेरु) की तरह वैभव से भरा हुआ था और वे बार-बार सिंह की तरह दहाड़ते हुए कहते थे, मैं आसानी से खारे समुद्र में गिर सकता हूं और रावण के सैनिकों को मार सकता हूं और यहां त्रिकुटी नामक पहाड़ी को नीचे ला सकता हूं। यदि त्रिकुट को गलती से त्रिकुट कहा जाता है, तो इसका मतलब है कि वह पर्वत जिस पर लंका की स्थापना की गई थी। यहां त्रिकुट का अर्थ है तीन सींग वाला पर्वत। (रामचरितमानस, किष्किंधा कांड, दोहा- 29)। उपरोक्त उद्धरण में प्रेरणा को शरीर को ऊपर उठाने के रूप में दिखाया गया है जब हनुमान की शक्ति समुद्र के ऊपर उड़ने जैसे असंभव कार्य को करने से प्राप्त की जा सकती है। हनुमान के लिए लंका तक उड़ना भी संभव है। हालाँकि उपरोक्त अंश प्रेरणा की सामान्य और मनोवैज्ञानिक अवधारणा पर जोर देता है जो दिखाता है कि सुदृढीकरण एक सुदृढ़ कारक के रूप में कैसे कार्य करता है जो इसे असंभव बनाता है। अभिव्यक्ति के साधन के रूप में राजनीतिक जवाबदेही महिला सुरक्षा के साथ-साथ चलती है। भूमिका संघर्षों के बीच संतुलन। यह केवल प्रेरणा की बात नहीं है बल्कि एक महान नेता होने का अच्छा व्यवहार भगवान राम ने हासिल किया है।उसका 14 साल का वनवास के बाद, अयोध्या से लौटने के बाद माता सीता द्वारा दी गई अग्नि परीक्षा (अग्नि परीक्षा) के बारे में लोगों में बहुत बड़ी गलत धारणा है। अरण्य कांड, दोहा 23 के उद्धरणों से यह स्पष्ट है कि अग्नि परीक्षा एक प्रयोग नहीं था बल्कि वनवास के दौरान माता सीता को दुर्घटनाओं से दूर रखने के लिए शुरूआत में एक सोची-समझी रणनीति थी।




**संजय गोस्वामी**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अलग बात

# आर्थिक कारणों से अन्नदाताओं के बगावती तेवर

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। नाबार्ड की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। 4.476 करोड़ किसान परिवारों की मासिक औसत आय मात्र 13,661 रुपये है। जो प्रति दिन की आय 150 रुपये से भी कम है। जिसके कारण अधिकांश किसान परिवार आर्थिक तंगी के सबसे भयावह दौर से गुजर रहे हैं। किसान खेती के अलावा पशुपालन, मजदूरी और अन्य माध्यम से जो थोड़ी किसानों को आय होती है। उसी से वह किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। छोटे किसानों की हालत मजदूरों से भी गई बीती हो गई है। नाबार्ड की रिपोर्ट के अनुसार खेती से किसानो की औसत मासिक आय केवल 1,677 रुपये है। किसानों के पास जरुरी संसाधन और कोई बचत नहीं है। हर छोटे किसान के ऊपर कर्ज का भार है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है, कि 91,231 रुपये का औसत कर्ज देश के किसान परिवारों पर है। भारत मे केवल 9.1% किसान परिवार कर्ज से मुक्त हैं। लघु सीमांत किसान छोटे किसान सभी कर्ज के भार से दबे हुए हैं। खेती की लागत पिछले 10 वर्षों में बेतहासा बढ़ने, उपज के उचित दाम नही मिलने और कर्ज के बोझ से किसानों और उनके परिवार का जीवन जीना कठिन हो गया है। देश के 55.4% किसान परिवार कर्ज के भारी बोझ से दबे हुए हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकारी नीतियों में सुधार की जरूरत है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू करना आवश्यक है। तीन वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है। किसान सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार ने जो वायदे किए थे, उससे केन्द्र सरकार मुकर गई है। निहत्ये किसानों पर जिस तरीके से पुलिस बल का प्रयोग किया जा रहा है। उसके कारण किसान नाराज होकर अब आर पार की लड़ाई लड़ने सड़कों पर उतर रहे हैं। बैंक और सहकारी समितियां द्वारा डिफाल्टर होने पर किसानों से ब्याज पर दंड ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज पर तुरंत रोक लगाने की व्यवस्था सरकार को करना होगी। इसके अलावा, कृषि के लिए आधुनिक तकनीकों और सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी हो गया है। केंद्र एवं राज्य सरकारें किसानों और कृषि के लिये सही नीतियाँ बनाकर उन्हें लागू कराएं, तभी किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। जीवन जीने के लिए कृषि क्षेत्र का मजबूत करना सरकारों की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। किसानों के साथ जो धोखाधड़ी सहकारी समितियां और सूदखोरों द्वारा की जा रही है। इस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है।



**सनत जैन**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

सुखी वैवाहिक जीवन के लिए सर्वप्रथम एवं सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है आत्मिक एकता - आध्यात्मिक आदर्शों एवं उद्देश्यों में समानता और उन्हें अध्ययन, प्रयास एवं आत्म-अनुशासन के द्वारा प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक इच्छुकता से कार्यान्वित करना।

# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना

सबसे बड़ी वस्तु जिसकी कामना पति या पत्नी अपने जीवनसाथी के लिए कर सकते हैं, वह है आध्यात्मिकता; क्योंकि आत्मा के विकसित हो जाने से समझ, धैर्य, विचारशीलता और प्रेम के दिव्य गुण प्रकाशित होते हैं। परन्तु प्रत्येक को यह याद रखना चाहिए कि आध्यात्मिक विकास की इच्छा को दूसरों पर थोपा नहीं जा सकता। प्रेम को अपने जीवन में जीये और आपकी अच्छाई आपके सभी प्रियजनों को प्रेरणा देगी। जब तक पति-पत्नी विवाह के वास्तविक ऊँचे उद्देश्य को ध्यान में नहीं रखते तब तक वे शायद कभी भी एक साथ वास्तविक सुखी जीवन का आनन्द नहीं ले पाएँगे। यदि विवाह को आदर्श स्वरूप देना है तो अति कामुकता, अति घनिष्ठता, शालीनता का अभाव, शंकालुवृत्ति, अपमानजनक भाषा या कार्य, बच्चों या अतिथियों के सामने वाद-विवाद, सनकीपन, और अपने जीवन साथी पर परेशानियों का बोझ डालना या क्रोध उतारना, इन सबसे बचना चाहिए। सुखी वैवाहिक जीवन के लिए सर्वप्रथम एवं सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है आत्मिक एकता - आध्यात्मिक आदर्शों एवं उद्देश्यों में समानता और उन्हें अध्ययन, प्रयास एवं आत्म-अनुशासन के द्वारा प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक इच्छुकता से कार्यान्वित करना। आत्मिक एकता वाले विवाहित युग्ल किसी अन्य इच्छित आधार के अभाव में भी वैवाहिक जीवन को सफल बनाने में समर्थ होते हैं।




श्री श्री परमहंस योगानंद

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**बेहद्दी मैदान में, हद बंदी का खेल।**
**शुरू हुआ तब से हुई, ये दुनिया बेमेल।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

व्यंग्य की बात

# टमाटर का लफड़ा और चिंताराम

इधर कुछ दिनों से चिंताराम को मुफ़्त में सलाह देने का भूत सवार हो गया है। वे धीरे-धीरे सलाह देने में 'महापंडित' बन गए हैं। महाशय किसी को भी सलाह दे मारते हैं, ऐसे वक्त में बेचारे अपने पराए का जरा भी भेद-भाव नहीं रखते हैं। वे भाईचारा की लाज रखते हुए, निकट के इष्ट -मित्रों को अपने दिए सलाह का अनुपालन होने या न होने का समय-समय पर खोज-खबऱ भी लेते रहना लाजिमी समझते हैं। यह शाश्वत सत्य है कि सलाह देना हर कोई जानता है;और सलाह देते समय वह अन्तयामी बन जाता है मानों उस समस्या का सबसे अच्छा हल या कहें अंतिम उपाय वह ही बता रहा हो और कुछ दूजा हो ही नहीं सकता।



**नवीन कुमार 'नवेंदु'**
बानो, सिमडेगा, झारखंड।

इधर कुछ दिनों से टमाटर आदतन रसोई का जायका बिगाड़ कर रख दिया है। उधर चिंताराम जी ने टमाटर पीड़ित लोगों के दर्द पर मरहम का लगाने का महाभियान का श्रीगणेश कर दिया। दुनिया भी अजीब है,जब कोई चीज सस्ती हो जाती है तो उसकी ओर सीधे मुंह से देखती भी नहीं है, दाम बढ़ते ही उसके पीछे लट्टू हो जाती है। यों कहें, दाम में ही दम होता है और भले ही खरीदने वाले बेदम होने लगते हैं। मांग और पूर्ति का नियम अपना रंग दिखाने लगता है। और फिर क्या! टमाटर का जो रंग लाल है, वह और लाल हो जाता है।

अरे भाई! टमाटर का उत्पादन घट गया तो खाना बंद दो न! टमाटर कोई अमृत नहीं है कि इसे खाकर तुम अमर हो जाओगे। अगर अमर हो जाओगे तो देश की आबादी और बढ़ जाएगी। हमारा देश घोर संकट में पड़ जाएगा। ऐसे ही तो हर जगह भीड़ लगी रहती है।

एक बार चाय की दुकान पर मेवालाल से अपने चिंताराम जी जा टकराए। मेवालाल की तबीयत नरम देखकर उन्होंने कहा-भाई साहब !आपने अपनी हालत ऐसी क्यों बना रखी हैं? कुछ लेते क्यों नहीं?

मेवालाल ने चिंताराम से कहा -लूं तो क्या लूं? कुछ समझ में आता ही नहीं?

चिंताराम ने जम्हाई लेते हुए कहा-टमाटर खाइए और मस्त रहिए!

मेवालाल ने कहा-टमाटर का दिमाग सातवें आसमान पर है। हम जैसे आम आदमी की औकात उससे आंखें मिलाने की है ही नहीं।

चिंताराम ने मेवालाल से कहा-खरीद नहीं सकते हैं तो टमाटर ही बेचना शुरू कर दीजिए। आपकी पांचों उंगलियां घी में होगी। टमाटर भी आपके चरणों में रहेगा। फिर आपका स्टेटस भी बढ़ जाएगा। आप अपने नाम के साथ टमाटरवाला पूँछला लगा सकते हैं। कहा भी गया है करो नौकरी सरकारी या बेचो तरकारी! मेवालाल ने गंभीर मुद्रा बनाते हुए कहा- अरे! भाई, सरकारी बाबुओं पर मेरा मुँह मत खुलवाओ। वे काम करते हैं छंटाक भर और उन्हें चाहिए मेहनताना पसेरी में। वे सरकार के दामाद जो ठहरे। महंगाई भत्ता कितनी बढ़ेगी, बस उसे जोड़ते रहना इनका काम रह गया है। वेतन आयोग बनते रहे हर दस साल में और तनखाह रॉकेट की भांति आसमान पर चढ़ते रहे। सरकार ने इन्हें एक तरह से मंहगाई-प्रूफ बनाकर रख छोड़ा है। टमाटर के दाम बढ़ने का असर इन पर असर होता ही नहीं । सुनने में आया है कि आजकल लोग अपना काम निकालने के लिए बाबुओं को नजराने में टमाटर भी देने लगे हैं। चिंताराम ने टमाटर वाली अपनी बातों पर जोर देते हुए कहा - इसीलिए तो कहता हूँ भाई! टमाटर की दुकान खोलकर आप अपनी किस्मत चमकाइए। फिर देखना चित्त भी आपकी और पट भी आपकी होगी। मुनाफा तो होगा ही और आपके गाल भी टमाटर जैसे लाल हो जाएंगे। मेवालाल ने कहा-आज के दौर में हम जैसे अदने आदमी को अपने गालों को लाल करने का हक ही नहीं है,भाई साहब! मलाई खानेवाले के गालों पर लाली होती है।




चिंताराम ने कहा-मुझे तो लगता है कि जब तक आम चुनाव न हो जाएँ, टमाटर का रंग ऐसे ही लाल रहेगा। अगर टमाटर सस्ता हो भी जाए तो जनता को प्याज रूलाने लगा।

आम जनता की ज़िंदगी ऐसे ही रोने- धोने में कटती रहती है। उनकी आंखों के आंसुओं को देखने वाला कोई नहीं है। बस, उन्हें अपने वोट देने का अख्तियार है। वोट के बाद उनका हाथ कट जाता है। मेवालाल ने गहरी सांसें लेते हुए कहा-देश के वैज्ञानिक भले ही चांद पर पहुंच जाएं मगर हम-आप आलू-प्याज के चक्कर में ही पड़े रहेंगे। चिंताराम ने भी हामी भर दी।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया स्कैमर्स से बचाएगा साइबर थाना

**एजेंसी। महाकुंभनगर (आईएएनएस)**




महाकुंभ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी योगी आदित्यनाथ सरकार पहली बार इतने व्यापक स्तर पर महाआयोजन का डिजिटलीकरण करने जा रही है। डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए भी व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए मेला क्षेत्र में साइबर थाने की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर लोगों को झांसा देना संभव नहीं हो पाएगा। खास बात है कि इस बार देश-विदेश से इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बुलाई गई है। यहां प्रदेश के चुनिंदा साइबर एक्सपर्ट्स पहुंच चुके हैं, जो 45 करोड़ श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ 2025 को अब तक का सबसे भव्य और दिव्य आयोजन बनाने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। यह टीम एक स्थान पर लैपटॉप और कंप्यूटर से तो सक्रिय है ही, इसके अलावा इनकी मोबाइल टीम भी काम कर रही है, जो बड़ी संख्या में फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया के फेक अकाउंट से संबंधित मामलों को मोबाइल पर ही सॉल्व कर रहे हैं। जो लोग एआई, फेसबुक, एक्स या इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों से पैसे मांगते हैं, उन पर भी साइबर एक्सपर्ट नजर रख रहे हैं। शिकायत मिलते ही उन पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इनके अलावा फर्जी वेबसाइट और लिंक के जरिए धोखाधड़ी करने वालों पर भी सख्ती की जाएगी। महाकुंभ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा में साइबर एक्सपर्ट की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड में है।

### प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बुलाई गई

मेला के दौरान 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिनकी सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर मेले के अधिकारी विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्हें साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम महाकुंभनगर बुला ली गई है। महाकुंभनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी बताते हैं कि फेक और डार्क वेबसाइट और सोशल मीडिया के शातिरों से श्रद्धालुओं की हर तरह से हिफाजत करने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए पूरे प्रदेश के अनुभवी अफसरों को महाकुंभनगर में बुलाया गया है। आते ही साइबर सेल के एक्सपर्ट अपनी पोजिशन ले चुके हैं। सबसे खास बात यह है कि महाकुंभ में एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं किया जा सकेगा। ठगों के फर्जी तरीके से तैयार किए गए लिंक के हथियार नष्ट कर दिए जाएंगे। महाकुंभनगर की साइबर एक्सपर्ट की टीम ने तेजी से काम करते हुए ऐसी संदेहास्पद 44 वेबसाइटों को अपने रडार पर ले लिया है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को बड़े पैमाने पर जागरूक किया जा रहा है। उन्हें महाकुंभ मेले से संबंधित जानकारी के लिए 1920 नंबर भी जारी किया गया है। इसके साथ सरकारी वेबसाइट (जिनमें gov.in लगा हो) का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा फर्जी वेबसाइटों की सूचना भी थाने में दी जा सकती है, जिस पर साइबर थाना तुरंत कार्रवाई करेगा। इसके साथ ही देश-विदेश से महाकुंभ में आने वाले 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम दिन-रात काम कर रही है।

## पीएम कल करेंगे महाकुंभ से जुड़ी 167 परियोजनाओं का लोकार्पण

**एजेंसी। प्रयागराज (हि.स.)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संगम की रेती पर 13 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेजी से हो रही है। महाकुंभ से जुड़ी 167 परियोजनाओं का प्रधानमंत्री जनसभा स्थल से लोकार्पण करेंगे। जिन योजनाओं का लोकार्पण होना है, उनकी लगभग 5 हजार 3 सौ 97 करोड़ की लागत है। यह जानकारी बुधवार को अपर मेलाधिकारी महाकुंभ विवेक चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज जिले में महाकुंभ से जुड़ी स्थायी परियोजनाओं लोकार्पण करने से पूर्व प्रधानमंत्री संगम नोट पर तैयार हो रही जेटी पर संतो के संग मां गंगा की पूजा अर्चना करके महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराने के लिए मां गंगा का आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद सभी अखाड़ों के संतों से मुलाकात करके वार्ता करेंगे। उसके बाद प्रधानमंत्री संगम नोज बने पंडाल पहुंचेगे, जहां जनसभा को संबोधित करेंगे।उन्होंने बताया कि जिन स्थाई परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे, उनमें प्रमुख बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, अक्षयवट कॉरिडोर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, नागवासुकी कॉरिडोर, नया यमुना रेलवे पुल, जीटी जवाहर ओवर ब्रिज समेत अन्य लगभग 5397 करोड़ की परियोजनाएं शामिल हैं।

## एनआईए ने पंजाब व हरियाणा में की नौ स्थानों पर छापेमारी

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**




गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ मामले की जांच की गई

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ मामले की जांच करते हुए बुधवार को पंजाब और हरियाणा में नौ स्थानों पर तलाशी ली। मामले से जुड़े संदिग्धों के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर आज सुबह से ही यह कार्रवाई की गई। इनमें पंजाब में आठ और हरियाणा में एक स्थान शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक यह अभियान उन व्यक्तियों और नेटवर्क को लक्ष्य करके चलाया जा रहा है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे आतंकवादी समूहों से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों का समर्थन करते हैं। ये कार्रवाई क्षेत्र में गैंगस्टरों और आतंकवादी संगठनों के बीच बढ़ते सहयोग को संबोधित करने के लिए एजेंसी द्वारा उठाए गए कदमों का हिस्सा है। पिछले महीने एजेंसी ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में नौ स्थानों पर व्यापक तलाशी ली थी, जिसमें दविंदर बंबीहा सिंडिकेट के सहयोगियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गृह मंत्रालय के निर्देशों के तहत शुरू की गई एनआईए जांच के अनुसार कुछ गैंगस्टर और आतंकवादी संगठन देश के भीतर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने को लेकर धन जुटाने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रहे हैं।

## धनखड़ सरकार में व्यवधान के लिए खुद जिम्मेदार : खड़गे

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर निशाना साधते हुए उन्हें सरकार का सबसे बड़ा प्रवक्ता बताया। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आईएनडीआईए ब्लॉक की तरफ से आयोजित एक प्रेस वार्ता में खड़गे ने कहा, राज्यसभा में व्यवधान का सबसे बड़ा कारण खुद सभापति जगदीप धनखड़ हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उपराष्ट्रपति देश में दूसरा सबसे बड़ा संवैधानिक पद है। देश के इतिहास में यह पहला मौका है जब उपराष्ट्रपति को हटाने के लिए कोई प्रस्ताव लाया गया है। वह हमेशा निष्पक्ष और राजनीति से परे होते हैं और हमेशा उन्हें नियमों के अनुसार सदन को चलाना होता है। लेकिन, आज सदन में नियमों से ज्यादा राजनीति चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जगदीप धनखड़ राज्यसभा के सभापति के तौर पर 'हेडमास्टर की तरह स्कूलिंग' करते हैं। विपक्ष की ओर से जब भी नियमानुसार महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए जाते हैं, तो सभापति योजनाबद्ध तरीके से चर्चा नहीं होने देते। बार-बार विपक्षी नेताओं को बोलने से रोका जाता है। उनकी निष्ठा संविधान की बजाय सत्ता पक्ष के प्रति है।

### सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

# खूब हुई तकरार, नहीं चली राज्यसभा

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**




राज्यसभा में बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच एक बार फिर आज तकरार हुई और कार्यवाही हंगामे की भेट चढ़ गई। सदन में दिन में ग्यारह बजे कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोंक शुरू हो गई, जिसके कारण पहले सदन की कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

उच्च सदन में बुधवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सूचीबद्ध दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए पांच नोटिस मिले हैं। सभापति ने नोटिस देने वाले सदस्यों में से एक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास का नाम लिया। उसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष की ओर से सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की आलोचना की। उन्होंने जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस के संबंधों पर सवाल उठाया। उन्होंने इस बात को भी स्पष्ट किया कि सोनिया गांधी के साथ जॉर्ज सोरोस का नाम सत्ता पक्ष की ओर से नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया की ओर से जोड़ा गया है। उन्होंने कठोर शब्दों में कहा कि विपक्ष को शर्म आनी चाहिए कि वे ऐसे व्यक्ति से जुड़े हैं, जो देश के खिलाफ काम करता है। विपक्षी भारत विरोधी ताकतों के साथ काम करते हैं और फिर सभापति के खिलाफ नोटिस देते हैं।

सभापति का समर्थन करते हुए रिजिजू ने हंगामे के बीच कहा कि 72 साल में एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति बना है। उन्होंने संसद और संविधान की गरिमा को बनाए रखा है। विपक्ष उपराष्ट्रपति पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी सदस्य सभापति के पद का सम्मान नहीं कर सकते तो वे सदन के लायक नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और देश को बताना चाहिए सोरोस और उनके बीच क्या संबंध है? कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष संविधान के प्रति निष्ठा रखता है, जबकि सत्ता पक्ष के लोग बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा, ये लोग संविधान के हत्यारे हैं। इस बीच सदन में हंगामा होने लगा, जिसके बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

राज्यसभा की बैठक शुरू होने के तुरंत बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर देश को अस्थिर करने की कोशिश में अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस का साथ देने का आरोप लगाया और चर्चा की मांग की। उन्होंने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के लिए भी कांग्रेस की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह विपक्षी दल द्वारा 'कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और सोरोस के बीच संबंधों' के मुद्दे से ध्यान हटाने का प्रयास है।

नड्डा ने कहा कि पिछले दो दिनों से हमारे लोग यह मुद्दा उठा रहे हैं कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का जॉर्ज सोरोस के साथ क्या संबंध है। सोरोस और सोनिया गांधी के बीच क्या संबंध है? उन्होंने कहा कि यह देश की संप्रभुता और आंतरिक और बाह्य सुरक्षा से संबंधित है।सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे को उठाते हुए नड्डा ने कहा कि वे अध्यक्ष के खिलाफ आरोप लगाकर वास्तविक मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद फिर सदन में हंगामा होने लगा। हंगामा होते देख उपसभापति ने सदन की कार्यवाही को गुरुवार पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### 1700 से अधिक कृषि स्टार्टअप को 122 करोड़ से ज्यादा का फंड हुआ है जारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, नवाचार और कृषि उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत पिछले पांच वर्षों में 1,700 से अधिक कृषि स्टार्टअप को 122 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जारी किया गया। भारत के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी लोकसभा में अपने लिखित उत्तर में कहा कि 2019-20 से 2023-24 तक की अवधि में 1,708 कृषि स्टार्टअप को 122.50 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी की गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह धनराशि केंद्र सरकार की ओर से पांच नॉलेज पार्टनर्स (केपीएस) और 24 आरकेवीवाई एग्री बिजनेस इंक्यूबेटर्स (आर-एबीआईएस) के माध्यम से जारी की गई, जो कि इस कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट करते हैं।

### लोकसभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक 2024 ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बुधवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक 1905 के रेलवे बोर्ड अधिनियम और 1989 के रेलवे विधेयक को एकीकृत करेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज विधेयक पर पिछले दिनों हुई चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड और रेलवे से जुड़े विधेयक को एकीकृत करने से रेलवे का विकास और कार्यदक्षता बढ़ेगी। विधेयक के माध्यम से कानूनी ढांचे का सरलीकरण होगा।

### महिला हेल्पलाइन में 81.64 लाख से ज्यादा महिलाओं को दी गई सहायता

**नई दिल्ली।** महिला हेल्पलाइन के माध्यम से देश भर में अबतक 81.64 लाख से ज्यादा महिलाओं की मदद की गई है। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्रीसावित्री ठाकुर ने बुधार को एक प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा में दी। उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन का लक्ष्य सार्वजनिक और निजी दोनों जगहों पर महिलाओं को 181 नंबर के माध्यम से साल भर, चौबीसों घंटे आपातकालीन और गैर-आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि महिला हेल्पलाइन योजना 1 अप्रैल, 2015 को शुरू की गई थी। यह मिशन शक्ति के तहत संबल वर्टिकल का एक घटक है।

### दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री भाजपा का होगा : मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को पूरा भरोसा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों में दिल्ली की कमान होगी। उनके मुताबिक 'आम आदमी पार्टी का जहाज डूब' रहा है और जनता चाहती है कि सरकार भाजपा की ही बने। मल्होत्रा ने कहा, दिल्ली में अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा। क्योंकि, आम आदमी पार्टी (आप) के भीतर अराजकता है और उनका जहाज डूबता हुआ दिख रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा, उन्होंने 31 विधायकों में से 15 पूर्व विधायकों को टिकट देने से मना कर दिया है। मनीष सिसोदिया जैसे प्रमुख नेता, जो शिक्षा मॉडल के चैंपियन होने का दावा करते हैं, वो वास्तव में एक तृतीय श्रेणी का मॉडल है। इनके कई नेताओं ने मौजूदा सीट को छोड़ कर दूसरी सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। सीलमपुर विधायक अब्दुल रहमान के कांग्रेस में शामिल होने पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा- यह फेरबदल अवसरवादी व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है, जो किसी भी कीमत पर सत्ता को प्राथमिकता देते हैं।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़ एक नक्सली ढेर, दो जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुनगा के वन क्षेत्र में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। इस दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया, जिसमें डीआरजी के दो जवान घायल हो गए। दोनों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है।बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि घायल जवानों- मंगलू कुड़ियम और योगेश्वर सोरी का इलाज बीजापुर जिला अस्पताल में जारी है। दोनों जवानो की स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सली के शव के साथ मौके से 9 एमएम. पिस्टल, जिन्दा आईईडी, 6 नग रिमोट स्विच एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत गरीब कारीगरों को 1,751 करोड़ रुपये का लोन अप्रूव : केंद्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, बैंकों ने 31 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लोहार, राजमिस्त्री, कुम्हार, बढ़ई और दर्जी जैसे गरीब कारीगरों को 1,751 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ने उधारकर्ताओं (विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में) के सामने आने वाली चुनौतियों को दूर करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए ऋण के आसान प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के लिए अलग-अलग उपाय किए। केंद्रीय मंत्री द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 2.02 लाख से अधिक खाते खोले गए हैं, जिनमें कुल स्वीकृत ऋण राशि 1,751.20 करोड़ रुपये है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें।

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा।

**मिथुन :** पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**कर्क :** मितव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**सिंह :** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कन्या :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे।

**मकर :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**कुंभ :** हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

## हिंदुओं पर अत्याचार रोकने के लिए सरकार करे पहल : अजय राय

**एजेंसी। वाराणसी (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी अत्याचार की कड़ी निंदा की। यहां तक कि उन्होंने भारत सरकार से कार्रवाई की मांग भी की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि केंद्र सरकार बांग्लादेश के राजदूत को बुलाकर चेतावनी दे कि ऐसी घटनाएं तुरंत रुके। पीएम मोदी को तुरंत कदम उठाना चाहिए। वे नई राफेल लाए हैं, उसे उड़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरी सरकार में ऊपर से लेकर नीचे तक सुविधा शुल्क चल रहा है। इस कारण लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है। राज्य में घटनाएं बढ़ रही हैं। पूरी सरकार भ्रष्ट हो चुकी है। संभल के बाद अब जौनपुर की अटाला मस्जिद को लेकर विवाद मामले में उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल मंदिर-मस्जिद करके अपनी राजनीति कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था नहीं है।

### 'पीएम आयुष्मान योजना' से संतुष्ट हैं : लाभार्थी

**महराजगंज।** केंद्र सरकार की 'प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना' के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज में पिछले 15 दिनों से शिविर लगाए जा रहे हैं। जिले में अब तक 17 हजार 720 कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। 'प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना' के लाभार्थी विंध्यलाल श्रीवास्तव ने कहा कि आज ही हमारा आयुष्मान कार्ड बना है। इस योजना का लाभ मिलेगा। सालाना 5 लाख रुपये का इलाज करा सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम गरीबों के लिए यह शानदार योजना शुरू की है।

### कांग्रेस के लोग नाटक करने में माहिर : रामेश्वर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और राज्यसभा सांसद रामेश्वर तेली ने बुधवार को कांग्रेस पर सदन नहीं चलने देने का आरोप लगाया। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा, कांग्रेस नाटक करने में माहिर है। इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि कांग्रेस ने इस देश को बेचा है। आप खुद ही देख सकते हैं कि कांग्रेस के शासनकाल में कितने घोटाले हुए हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग नाटक करते रहेंगे। लेकिन, मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सदन चलता रहेगा। सदन में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। उन्होने कहा, सभापति नियमों के अनरूप ही सदन को चलाते हैं, जिसे कांग्रेस के लोग नहीं देख पा रहे हैं, इसलिए यह लोग सदन की कार्यवाही में बाधा पैदा करने के मकसद से हंगामा कर रहे हैं। कांग्रेस के लोग नाटक करते रहेंगे। ये लोग हर रोज अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएंगे। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे सभापति अनुभवी हैं। उन्हें सदन को चलाने का अनुभव है। वह नियमों के अनुरूप सदन चलाते हैं।

### केजरीवाल व दिल्ली की सीएम आतिशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की मुलाकात

# 'वोटर्स के नाम हटाने' के 3000 पन्नों के सबूत सौंपे

**सीईसी को लिखा पत्र, किसी भी विधानसभा क्षेत्र में आगे वोटर न हटाए जाएं**

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से मुलाकात कर दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं के नाम हटाने पर चिंता जताते हुए 3,000 पन्नों के सबूत सौंपे। केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) को पत्र लिखकर भी कहा है कि हाल ही में वोट हटाने के विवाद के चलते चुनाव प्रक्रिया की ईमानदारी बनाए रखने के लिए किसी भी विधानसभा क्षेत्र में आगे वोटर न हटाए जाएं। चुनाव आयुक्त से मुलाकात के बाद पत्रकारों से केजरीवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा वोटरों को निशाना बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने का 'षडयंत्र' रचा जा रहा है। उन्होंने कहा, आज, हमने चुनाव आयोग को 3,000 पन्नों का एक डोजियर सौंपा है, जिसमें यह बताया गया है कि बीजेपी कैसे वोटरों के नाम हटवाने की साजिश कर रही है, विशेषकर गरीबों, पूर्वांचलियों, अनुसूचित जातियों और दलितों को निशाना बनाकर। उदाहरण के तौर पर, शाहदरा में भाजपा के एक कार्यकर्ता ने 11,000 वोटरों की सूची दी थी, ताकि उनके नाम हटाए जा सकें। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भी इन आवेदन पत्रों पर चोरी-छिपे काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने आगे बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने हमारी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। केजरीवाल ने बताया कि आयोग ने बताया कि अब यदि कोई व्यक्ति 5 से ज्यादा वोट हटवाने की आवेदन देता है, तो एसडीएम को उसकी जांच करने के लिए जाना होगा। चुनाव आयोग यह भी विचार कर रहा है कि फर्जी आवेदन देने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

इससे पहले, आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर आगामी विधानसभा चुनावों में हार के डर से सात निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भारी मात्रा में आवेदन जमा करने का आरोप लगाया। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के साथ यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने दावा किया, जब भाजपा अरविंद केजरीवाल को रोकने और उन्हें चुनाव में हराने में असमर्थ रही, तो अन्य तरीकों से जीतने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों और समर्थकों ने मतदाता सूची से 22,000 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए बड़े पैमाने पर आवेदन प्रस्तुत किए। सिसोदिया ने कहा, यह एक चिंताजनक मुद्दा है, जो यह उजागर करता है कि किस प्रकार 22,000 मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं, जो कि भाजपा द्वारा रची गई एक संभावित साजिश है। यह तथ्य और भी खतरनाक है कि निर्वाचन आयोग इन आवेदनों पर विचार कर रहा है। भाजपा को शायद लगा होगा कि वे इस निर्वाचन क्षेत्र में हार जाएंगे और उनके पास वहां पर्याप्त समर्थक नहीं हैं, यही वजह है कि वे मतदाताओं का नाम हटवाने की रणनीति में लगे हुए हैं। सात निर्वाचन क्षेत्रों के नाम सूचीबद्ध करते हुए और प्राप्त 'फर्जी' आवेदनों का विवरण प्रदान करते हुए, चड्ढा ने कहा, हमने पाया कि पार्टी से जुड़े लोगों ने मतदाताओं के नाम हटवाने के लिए अधिकतम आवेदन प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा, इससे यह सवाल उठता है कि चुनाव से ठीक दो महीने पहले इन नामों को हटाना क्यों जरूरी है? इतनी बड़ी संख्या में नामों को हटाने के पीछे कौन है? नियम यह है कि एक व्यक्ति एक दिन में नाम हटाने के लिए 10 से अधिक आवेदन नहीं दे सकता।

# आईसीसी रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक नंबर-1 पर

## ट्रेविस हेड, कामिंडु मेंडिस और टेम्बा बावुमा को भी फायदा

एजेंसी । मुंबई

आईसीसी रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने ही देश के जो रुट को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को जारी रैंकिंग में ट्रेविस हेड, कामिंडु मेंडिस और टेम्बा बावुमा को भी फायदा हुआ है। बैटर्स की टॉप-10 लिस्ट में इंडियन विकेटकीपर ऋषभ पंत को 3 पायदान का नुकसान हुआ है। बॉलर्स रैंकिंग में पेसर जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले स्थान पर है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को एक स्थान का फायदा हुआ है, अब वह चौथे स्थान पर पहुंच गए है। भारतीय स्पिनर्स रविचंद्रन अश्विन पांचवें और रवींद्र जडेजा छठे स्थान पर है। आईसीसी की ओर से जारी नई टेस्ट रैंकिंग में अब इंग्लैंड के हैरी ब्रूक नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। इससे पहले वे दूसरे स्थान पर थे। अब उनकी रेटिंग बढ़कर 898 की हो गई है। दूसरे पायदान पर जो रूट है। उनकी रेटिंग 897 की है। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन 812 की रेटिंग के साथ तीसरे और भारत के यशस्वी जायसवाल 811 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर बने हुए हैं।

**ट्रेविस हेड को 6 स्थान का फायदा :** भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार सेंचुरी लगाने का फायदा ट्रेविस हेड का मिला है। उन्होंने एक साथ 6 स्थानों की छलांग मारी है। वह अब 781 की रेटिंग के साथ नंबर पांच पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वह अब 759 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा भी तीन पायदान ऊपर आ गए हैं। वह अब 753 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर पहुंच गए हैं।



### स्टार्क को 3 स्थान का फायदा

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले मिचेल स्टार्क को 3 स्थान का फायदा हुआ है। अब ऑस्ट्रेलियाई पेसर 14वें स्थान से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, उनकी 746 की रेटिंग है। जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं।

### पंत को भी झेलना पड़ा नुकसान

न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को तीन स्थानों का नुकसान हुआ है। वह अब 729 की रेटिंग के साथ नंबर 8 पर चले गए हैं। भारत के ऋषभ पंत को भी 3 स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 724 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर खिसक गए हैं। पाकिस्तान के साउद शकील की रेटिंग भी 724 की है, इसलिए वे भी पंत के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं।



**आईसीसी टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग**

| रैंक | प्लेयर | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | इंडिया | 890 |
| 2 | कागिसो रबाडा | सा. अफ्रीका | 856 |
| 3 | जोस हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 851 |
| 4 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 816 |
| 5 | रविचंद्रन अश्विन | इंडिया | 797 |
| 6 | रवींद्र जडेजा | इंडिया | 786 |
| 7 | नाथन लायन | ऑस्ट्रेलिया | 779 |
| 8 | प्रभाथ जयसूर्या | श्रीलंका | 768 |
| 9 | मैट हेनरी | न्यूजीलैंड | 764 |
| 10 | तोमान अली | पाकिस्तान | 759 |

**आईसीसी टेस्ट बैटर्स रैंकिंग**

| रैंक | प्लेयर | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | हैरी ब्रूक | इंग्लैंड | 898 |
| 2 | जो रुट | इंग्लैंड | 897 |
| 3 | केन विलयम्सन | न्यूजीलैंड | 812 |
| 4 | यशस्वी जायसवाल | इंडिया | 811 |
| 5 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 781 |
| 6 | कामिंडू मेंडिस | श्रीलंका | 759 |
| 7 | तेम्बा बावुमा | सा. अफ्रीका | 753 |
| 8 | डेरिल मिचेल | न्यूजीलैंड | 729 |
| 9 | ऋषभ पंत | इंडिया | 724 |
| 10 | सऊद श कील | पाकिस्तान | 724 |

## डबल्स कोच किम भारतीय बैडमिंटन टीम के साथ दूसरे कार्यकाल के लिए लौटे

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने मलेशियाई डबल्स विशेषज्ञ टैन किम हर को दूसरी बार राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने के लिए नियुक्त किया है। पहली बार भारत में अपने कार्यकाल के दौरान, टैन ने चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार, उनका ध्यान 2026 एशियाई खेलों और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मजबूत डबल्स पार्टनरशिप और बेंच स्ट्रेंथ विकसित करने पर रहेगा।

## मिताली सी ए की टीम ने 3 विकेट से जीता टूर्नामेंट

**रांची ।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में पावर क्लब बनाम मिताली सी ए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पावर क्लब की टीम ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 223 रन बनाया। राहुल ने 105 व सरफराज ने 22 बनाया। अजय ने तीन विकेट लेकर 52 रन दिया।

वहीं विनोद ओर जाहिद ने 2-2 विकेट लिये। 223 रनों का पीछा करने उतरी मिताली सी ए टीम ने 35 ओवर में ही सात विकेट पर 224 रन बना लिया। अजय ने 35 व अनमोल ने 27 रन बनाये। राहुल ने दो विकेट लेकर 42 रन दिया। आकाश ने दो विकेट लेकर 34 रन दिया। मिताली सी ए की टीम ने तीन विकेट से जीत दर्ज की।



## मंधाना के शतक पर भारी पड़ा गार्डनर का पंजा ऑस्ट्रेलिया ने किया भारत का सूपड़ा साफ

एजेंसी । मुंबई

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीम पर्थ के वाका स्टेडियम में आमने-सामने हैं। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी वनडे में भारतीय टीम को 299 रनों का टारगेट दिया है। भारत की ओर से तीतास साधु (1)* और रेणुका सिंह (1*) बल्लेबाजी कर रही हैं। स्मृति मंधाना (105) ने शतक जमाया। हरलीन देओल के बल्ले से 39 रन निकले। अरुंधति रेड्डी (5), ऋचा घोष (2) और मिन्नू मणि (8) दहाई अंक में नहीं पहुंचीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (12) और जेमिमा रोड्रिग्स (16) सस्ते में आउट हुईं। दीप्ति शर्मा और साइमा ठाकोर का खाता नहीं खुला। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 298 रन जुटाए। एनाबेल सदरलैंड (110) ने शतक जबकि कार्यवाहक कप्तान ताहलिया मैकग्राथ (56) ने अर्धशतक ठोका। अरुंधति रेड्डी ने चार विकेट चटकाए। दीप्ति शर्मा को एक विकेट मिला। टॉस गंवाकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियई टीम ने ठीक-ठाक शुरुआत की। फोबे लिचफील्ड (25) जॉर्जिया वोल (26) ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। अरुंधति ने 11वें ओवर में दोनों को पवेलियन भेजा। अरुंधति ने 15वें ओवर में एलिस पेरी (4) और 17वें ओवर में बेथ मूनी (10) का शिकार किया। 78 रन पर चार विकेट गंवाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को सदरलैंड ने संभाला। उन्होंने एशले गार्डनर (50) के संग पांचवें विकेट के लिए 96 रनों की पार्टनरशिप की। दीप्ति ने यह साझेदारी 34वें ओवर में गार्डनर को आउट कर तोड़ी।

### स्मृति मंधाना ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

### 4 शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास भी कुछ बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका है। बुमराह टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट लेने से सिर्फ 15 विकेट दूर हैं। बुमराह के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 विकेट हासिल करने के लिए सिर्फ 6 विकेट चाहिए। बुमराह ने अपने सभी टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में खेले हैं, इसलिए अगर वह आठ विकेट ले लेते हैं, तो वह कपिल देव (51) को पीछे छोड़कर ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। मोहम्मद सिराज भी टेस्ट क्रिकेट में 100 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने से सिर्फ 11 विकेट दूर हैं।



## गाबा में बन सकते हैं कई बड़े रिकॉर्ड, भारतीय खिलाड़ी हासिल करेंगे बड़ी-बड़ी उपलब्धि

एजेंसी । मुंबई

ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा मैच 10 विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 की बढ़त बना ली है। तीसरा टेस्ट गाबा में शनिवार से खेला जाएगा। पर्थ में खेले गए पहले मैच में भारत ने दमदार प्रदर्शन किया था लेकिन दूसरे मैच में गुलाबी गेंद के सामने भारतीय खिलाड़ी फीके नजर आए। तीसरे टेस्ट के दौरान भारत के कुछ खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 2020-21 में गाबा में हुए टेस्ट के दौरान भारत की जीत के हीरो रहे थे। अगर पंत अगले मैच में 220 रन बना लेते हैं तो वह टेस्ट में 3000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।



## बिहार ओलंपिक एसोसिएशन ने एक सदस्यीय जांच पैनल गठित करने पर आईओए प्रमुख को कानूनी नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** बिहार ओलंपिक संघ (बीओए) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी.टी. उषा को कानूनी नोटिस भेजा है और इसे "प्रशासनिक अतिरेक" करार दिया है। यह नोटिस बिहार सहित कुछ राज्यों के शासन ढांचे की जांच के लिए एकल सदस्यीय जांच आयोग की नियुक्ति को लेकर है। आईओए अध्यक्ष ने कथित शिकायतों के आधार पर 2 दिसंबर को तेलंगाना, बिहार और राजस्थान के लिए अलग-अलग जांच आयोग बनाए थे। बिहार के लिए मुक्केबाजी महासंघ के सचिव हेमंत कुमार कलिता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया।

## जब तक अश्विनी खेलती रहेंगी, मैं उनके साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध हूं : तनीषा क्रास्टो

एजेंसी । नई दिल्ली

युवा भारतीय शटलर तनिषा क्रास्टो ने खुलासा किया है कि उन्होंने 35 वर्षीय एश्विनी पोनप्पा के साथ युगल जोड़ी बनाने की प्रतिबद्धता जताई है, जब तक कि वह बैडमिंटन खेलना जारी रखती हैं। तनीषा और अश्विनी ने हाल ही में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला डबल्स का खिताब फिर से जीत लिया। यह उनका पेरिस ओलंपिक के बाद दूसरा टूर्नामेंट था। इस जोड़ी ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल के सेमीफाइनल तक भी सफर तय किया। तनीषा मिक्स्ड डबल्स में भी ध्यान दे रही हैं और ध्रुव कपिला के साथ उनकी जोड़ी जम रही है। दोनों ने पिछले साल सैयद मोदी टूर्नामेंट से साथ खेलना शुरू किया और इस बार फिर उसी टूर्नामेंट में सेमीफाइनल तक पहुंचे। आने वाले टूर्नामेंट की योजना के बारे में तनीषा ने आईएएनएस से बताया, "अभी मैंने मिक्स्ड डबल्स शुरू किया है और ज्यादा उम्मीद नहीं रख रही हूं क्योंकि हाल ही में ध्रुव के टखने में गंभीर चोट लगी थी। उन्होंने सैयद मोदी से पहले ही ठीक होकर वापसी की। हालांकि, हमने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें अभी और आराम की जरूरत है, इसलिए मैं ज्यादा दूर तक नहीं सोच रही हूं।





### केपीएमजी की 'उद्यमशीलता का लोकतंत्रीकरण' रिपोर्ट में भारत को लेकर किया गया है दावा

# 30 मिलियन से ज्यादा महिला स्वामित्व वाले नए उद्यम स्थापित करने की क्षमता

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में 30 मिलियन से ज्यादा महिला-स्वामित्व वाले नए उद्यम स्थापित किए जा सकते हैं। ये दावा उद्यमिता को लेकर सामने आई एक रिपोर्ट करती है। 'उद्यमशीलता का लोकतंत्रीकरण' नाम से कंसल्टिंग फर्म केपीएमजी की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला-स्वामित्व वाले नए उद्यमों से देश में 150 से 170 मिलियन अधिक नौकरियां पैदा हो सकती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में निवेश से कई गुना ज्यादा लाभ मिल सकता है, क्योंकि उनके दोबारा निवेश करने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसके अलावा, भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप में वेंचर कैपिटल फंडिंग को बढ़ावा देने से लैंगिक समानता बढ़ सकती है। यह महिला संस्थापकों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने, नौकरियां पैदा करने और बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था में योगदान करने में भी सक्षम बना सकता है।

बेंगलुरु में टीआईई ग्लोबल समिट 2024 में केपीएमजी के क्लाइंट और मार्केट पार्टनर अखिलेश टुटेजा ने कहा, भारत के 20 प्रतिशत से ज्यादा एमएसएमई स्टार्टअप महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यम हैं और इनमें से 45 प्रतिशत टियर-2 और टियर-3 शहरों से आए हैं। इस बीच, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सरकार द्वारा समर्थित 1,52,139 स्टार्टअप में से लगभग आधे में अब कम से कम एक महिला निदेशक (लगभग 73,151 स्टार्टअप) हैं। यह देश में नवाचार और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महिलाओं के महत्व को दर्शाता है। सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए कई प्रमुख योजनाएं भी लागू की हैं। इनमें वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के माध्यम से 149 महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप में निवेश किए गए लगभग 3,107 करोड़ रुपये शामिल हैं। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम ने अप्रैल 2021 में अपनी शुरुआत के बाद से 1,278 महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए 227.12 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दी है। मंत्रालय ने कहा कि स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी योजना ने महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए 24.6 करोड़ रुपये के ऋण की गारंटी दी है। विशेष रूप से, 2016 में शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल भी देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने में एक गेम-चेंजर रही है। भारत के टेक इकोसिस्टम में 600 से अधिक जिलों में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन जिलों में आधे से अधिक स्टार्टअप महिलाओं के नेतृत्व में चल रहे हैं।



▸ नए उद्यमों से पैदा हो सकती हैं 150 से 170 मिलियन अधिक नौकरियां

## भारत में एमएसएमई में महिलाओं की तेजी से बढ़ रही भागीदारी

▸ टियर 2 और 3 शहरों से शुरू होने वाले स्टार्टअप की संख्या में उछाल

**नई दिल्ली।** भारत में एमएसएमई में अब 20.5 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है। बुधवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 45 प्रतिशत स्टार्टअप अब टियर 2 और 3 शहरों से शुरू हो रहे हैं, जो क्षेत्रीय उद्यमशीलता विकास की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। केपीएमजी इन इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में 1,000 से अधिक इनक्यूबेटर रिसोर्स, मेंटरशिप और फंडिंग तक पहुंच की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी) और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी पहल महिलाओं और कम आय वाले उद्यमियों को सशक्त बना रही हैं, स्थानीय विकास और भविष्य की महिला नेतृत्व को बढ़ावा दे रही हैं।

केपीएमजी इन इंडिया के ऑफिस मैनेजिंग पार्टनर-बेंगलुरु सुप्रीत सचदेव ने कहा, भारत में उद्यमिता का लोकतंत्रीकरण केवल एक ट्रेंड नहीं है, बल्कि सस्टेनेबल आर्थिक विकास की दिशा में एक शक्तिशाली आंदोलन है। सचदेव ने कहा कि डायवर्स और इंक्लूसिव उद्यमशीलता इकोसिस्टम को बढ़ावा देकर, हम एक अधिक लचीली और इनोवेटिव अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम (एसवीईपी) जैसे कार्यक्रम ग्रामीण समूहों को व्यवसाय सहायता, फंडिंग और सूचना सेवाएं प्रदान कर गैर-कृषि उद्यम स्थापित करने में सहायता करते हैं। अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) और निजी क्षेत्र की पहल के तहत सरकार समर्थित इनक्यूबेटर भी राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान कर उद्यमिता को लोकतांत्रिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम, जो अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा है, ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद लचीलापन प्रदर्शित करते हुए जीडीपी वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा, बड़ी टेक कंपनियों के एकाधिकार जैसी चुनौतियां भी हैं, जो स्टार्टअप विकास को सीमित करती हैं और फंडिंग असमानताएं हैं, टियर 2 और 3 शहरों के उद्यमियों को फंडिंग हासिल करने में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में प्रतिस्पर्धा में पारदर्शिता और निष्पक्षता की वकालत करने, समान तकनीक पहुंच नीतियों को लागू करने और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने और एंजेल नेटवर्क और इनक्यूबेटर को टियर 2 और 3 शहरों तक बढ़ाने का सुझाव दिया गया।

## सेंसेक्स में 16 अंक की मामूली बढ़त

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी के पीएसयू बैंक, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। वहीं, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और रियलिटी सेक्टर में खरीदारी रही। निवेशक अभी नवंबर के सीपीआई (कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स) डाटा का इंतजार कर रहे हैं, जो कि भारत सरकार द्वारा गुरुवार को रिलीज किया जाएगा। सेंसेक्स कारोबार के अंत में 16.09 अंक या 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के बाद 81,526.14 पर सिमट गया। वहीं, निफ्टी 31.75 अंक या 0.13 प्रतिशत की बढ़त के बाद 24,641.80 स्तर पर बंद हुआ।

## संजय ने आरबीआई के 26वें गवर्नर के रूप में संभाला कार्यभार

**मुंबई/नई दिल्ली ।** संजय मल्होत्रा ने बुधवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के 26वें गवर्नर के तौर पर बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। मल्होत्रा ने छह साल तक आरबीआई के गवर्नर रहे शक्तिकांत दास की जगह ली है। इस मौके पर मल्होत्रा ने आरबीआई की विरासत को कायम रखकर इसे आगे ले जाने का वादा किया। संजय मल्होत्रा ने आरबीआई गवर्नर का पदभार संभालने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वे आरबीआई की विरासत को कायम रखेंगे और इसे आगे ले जाएंगे।



## केला खाइए, कई बीमारियों को दूर भगाइए

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केला हर सीजन में मिलता है। यह कई तरह के विटामिंस व मिनरल्स से भरपूर होता है। खाने में स्वादिष्ट होता है। केला में तीन तरह की नेचुरल शुगर सुक्रोज, फ्रुक्टोज, ग्लूकोज मौजूद होता है, जो फाइबर के साथ मिलकर काम करता है। केला खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है। कई शोध में ये बात साबित हो चुकी है कि दो केला खाने से 90 मिनट का वर्कआउट करने की एनर्जी मिलती है, इसीलिए एथलीटों के लिए ये पसंदीदा फल है। वैसे तो सेब के बारे में कहा जाता है कि रोजाना एक सेब खाकर आप डॉक्टर से दूर रह सकते हैं, लेकिन केला भी एक ऐसा फल है जो इस मामले में सेब की बराबरी करता है। इसलिए कई डाक्टर कहते हैं कि रोज एक केला खाकर आप डॉक्टर से दूर रह सकते हैं।

जिनोवा शाल्बी हॉस्पिटल, मुंबई की डायटीशियन फौजिया अंसारी ने बताया नियमित रूप से फलों का सेवन करने से बॉडी हेल्दी रहती है और संक्रमण से बचाव होता है। फलों में शामिल केला सिर्फ बॉडी को एनर्जी नहीं देता, बल्कि बॉडी को फिट भी रखता है। ये कई बीमारियों से बचाव करता है, इसलिए इस फल का सेवन रोजाना करना चाहिए। न्यूरोलॉजिस्ट, मेडिसिन व न्यूरोलॉजी (एम्स दिल्ली) में डॉ प्रियंका सहरावत का कहना है कि रोज एक केला खाकर भी आप डॉक्टर से दूर रह सकते हैं।

### केला ऐसे करता है बीमारियों से बचाव

- केला एक ऐसा फल है, जो बेहतरीन प्रीबायोटिक है। ये आंत की सेहत को दुरुस्त करता है और आंत में गुड बैक्टीरिया बढ़ाने में मदद करता है।
- केले में पोटेशियम प्रचुर मात्रा में होता है। पोटेशियम शरीर के लिए जरूरी खनिज है। पोटेशियम से भरपूर केला ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। यह शरीर में सोडियम के प्रभाव को बैलेंस करता है और दिल की सेहत में सुधार करता है। इसका सेवन करने से हार्ट अटैक व स्ट्रोक के खतरे से बचा जा सकता है।
- केले का सेवन करने से आपकी गट हेल्थ दुरुस्त रहती है। केला फाइबर का बेहतरीन स्रोत है, जो पाचन को दुरुस्त करता है। इसका सेवन करने से पाचन से जुड़ी परेशानियां दूर होती है।
- केले को चबाना आसान है, जिसकी वजह से इसका सेवन बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों के लिए भी उपयुक्त है। इसका सेवन करने से क ज का इलाज होता है और पाचन दुरुस्त रहता है।
- रोज एक से दो केले का सेवन करने से आपका मूड भी दुरुस्त रहता है। इसमें आपकी मानसिक स्थिति सुधारने के गुण भी मौजूद होते हैं।
- केला रोज खाने से हड्डियां मजबूत रहती हैं और मांसपेशियां हेल्दी रहती हैं। इसका सेवन करने से स्किन की रंगत में भी निखार आता है। आप रोजाना दो केले खाएं, आपकी सेहत दुरुस्त रहेगी।

## जेएसएससी सीजीएल के मुद्दे पर सदन गरम

# मांडू विधायक निर्मल महतो सदन के बाहर धरने पर बैठे




### हजारीबाग में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की हो जांच : निर्मल महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन सदन के बाहर जेएसएससी सीजीएल का मुद्दा गरमाया। सदन के बाहर आजसू के मांडू विधायक निर्मल महतो धरने पर बैठे थे। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच करने की मांग की। साथ ही हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की भी जांच कराने की मांग उठायी। उन्होंने कहा कि सरकार नौकरी दे, ना की लाठी दे। मांडू विधायक ने पिछली बार का 25 लाख और इस बार के घोषणा के अनुसार, 12 लाख को मिलाकर कुल 37 लाख नौकरी सरकार से देने की मांग की। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल के जारी रिजल्ट को रद्द करने और छात्रों पर लाठी चार्ज करने वाले अफसरों पर कर्रवाई की मांग की।

### छात्रों पर हुए लाठीचार्ज सरकार की विफलता : प्रदीप प्रसाद



भाजपा के हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को सरकार की विफलता बताया।

### छात्रों के साथ गलत हुआ है : विधायक नीरा यादव



कोडरमा विधायक नीरा यादव ने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हर लोगों का अधिकार है, छात्रों के साथ गलत हुआ है।

### सीजीएल मामले को सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया : जयराम



विधायक जयराम महतो ने कहा कि छात्र आक्रोशित है, वह धरने पर बैठेंगे ही। उन्होंने कहा कि सदन में सीजीएल का मुद्दा उठाते हुए सरकार को पहले ही एक प्रतिनिधिमंडल को छात्रों के पास भेजने का अनुरोध किया था। लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

### सरकार मामले की जांच करेगी : जयमंगल सिंह



कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह ने कहा कि विपक्ष क्या कहती है, इससे फर्क नहीं पड़ता। जनता क्या कहती है, उससे फर्क पड़ता है। अगर जनता कह रही है तो आने वाले समय में मुख्यमंत्री ठोस कदम उठायेंगे। आने वाले समय में हमें यह भी देखना है कि बिना किसी आधार के कार्रवाई ना करें। पिछली बार भी देखा गया कि जेपीएससी के अध्यक्ष पर कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ और उन्होंने खुद से पद से इस्तीफा दे दिया। अधिकारियों की मॉरल को डाउन नहीं करें। क्योंकि अधिकारियों से ही हमें काम लेना है। आने वाले समय में सरकार जांच करेगी। रह गयी सीबीआई जांच की तो हमारी राजकीय एजेंसी इतनी सक्षम है कि दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

### चीजों को बाधित करना विपक्ष की पुरानी आदत : प्रदीप यादव



सत्ता पक्ष की ओर से प्रदीप यादव ने कहा कि तथ्य सामने आयेंगे तो सरकार जांच से पीछे नहीं हटती है। खामखा चीजों को बाधित करना और कोर्ट में घसीटना विपक्ष की पुरानी आदत हो गयी है। बहाली में किस तरह से बाधा पहुंचाये या सरकार को कहें कि यह बहाली नाकाम रही, यही विपक्ष का काम रह गया है।

### नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटा राजद

**रांची।** विस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद राजद पूरे जोश में है। राजद झारखंड में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए विस्तृत सदस्यता अभियान शुरू करने जा रहा है, वहीं आने वाले दिनों में होने वाले संभावित नगर निकाय चुनाव में राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं की जीत सुनिश्चित करने के लिए भी पार्टी ने काम करना शुरू कर दिया है। झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय रांची में प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर सभी जिला अध्यक्षों और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक हुई। इस बैठक में हेमंत सरकार में राजद कोटे से विधायक बने संजय प्रसाद यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, उपाध्यक्ष अनीता यादव भी शामिल हुए।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी युवक को 10 साल की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग को बहला-फुसलाकर जबरन यौन बनाने वाले बालिग दोस्त ने द्वारा पांच साल बाद फोटो वायरल करने की धमकी देकर दोबारा दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार युवक आशुतोष कुमार सिंह उर्फ आशुतोष सिंह को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 6 महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में 7 दिसंबर को दोषी पाया था। अभियुक्त सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के रवि स्टील, आनंद नगर रोड नंबर-3 निवासी है। पहली बार उसने नवंबर 2017 में कांके थाना क्षेत्र में रहनेवाली नाबालिग के साथ उसके घर में घुसकर जबरन यौन संबंध बनाया था। साथ ही फोटो बना ली थी। अभियुक्त फोटो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता के साथ चार साल बाद दोबारा शारीरिक संबंध स्थापित करने में सफल रहा। धमकी दी कि इसका खुलासा नहीं होना चाहिए, नहीं तो फोटो वायरल कर देंगे।




### गोलक बिहारी महतो के निधन पर शोक व्यक्त किया

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के कांके के आवास जाकर उनके पिता गोलक बिहारी महतो के निधन पर दुख व शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने दिवगंत आत्मा की चिरशांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

### धान खरीद मामले में किसानों को ठगा जा रहा है : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किसानों से राज्य सरकार द्वारा वादा के अनुरूप धान की खरीदी नहीं किए जाने पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन फिर से अपने पुराने चाल चरित्र का ही अनुसरण कर रही है। श्री मरांडी ने कहा कि वोट लेने के लिए इंडी गठबंधन ने बहुत गारंटियों की बात की थी, लेकिन लगता है ये सिर्फ चुनावी बातें ही रह जाएगी। मरांडी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। श्री मरांडी ने सीएम हेमंत से अनुरोध किया कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें। साथ ही, किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें।



### चावल का वितरण 5 से बढ़ाकर 7 किलो किया जाए : डॉ इरफान

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद इन दिनों राज्य सरकार के मंत्रीगण अपने-अपने विभाग की समीक्षा करने में जुटे हैं। इसी क्रम में बुधवार को झारखंड सचिवालय में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मैराथन बैठक की। जिसमें विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी और राज्य के विभिन्न विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह विभाग गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों से सीधा जुड़ा है। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डीजीपी ने किया एमओयू पर साइन

# पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को व्यक्तिगत दुर्घटना पर मिलेगा एक करोड़ का बीमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय में बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता की उपस्थिति में झारखंड पुलिस और बैंक ऑफ इंडिया के बीच रक्षक सैलरी पैकेज के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। झारखंड पुलिस की तरफ से अनुराग गुप्ता और बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से रांची फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस विशेष सैलरी पैकेज के तहत पुलिसकर्मियों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

गौरतलब है कि झारखंड राज्य का अग्रणी, बैंक ऑफ इंडिया सम्पूर्ण झारखंड में स्थित 550 से भी अधिक शाखाओं के माध्यम से पुलिस सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना और मृत्यु बीमा एक करोड़, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी आंशिक विकलांगता पर 25 लाख, वायुयान दुर्घटना पर 2 करोड़, सामान्य मृत्यु पर 10 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो आश्रित बच्चों की उच्चतर शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त न्यूनतम ब्याज दर पर पर्सनल ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### वित्तीय सुरक्षा व सुविधाएं प्रदान करेगा

ये सभी विशेष बीमा सुविधाएं, बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा रक्षक सैलरी पैकेज के तहत खाता धारक को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यह एमओयू झारखंड पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें वित्तीय सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगा।

### चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता की सजा बरकरार

**रांची।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता सुखदेव नगर के न्यू किशोरगंज, आनंद नगर निवासी प्रदीप कुमार प्रजापति की पत्नी सोनी देवी की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने अपीलकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उसकी सजा की पुष्टि कर दी है। सोनी देवी को न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की अदालत ने शिकायतवाद संख्या 1702/23 मामले में दोषी पाकर बीते 21 जुलाई को एक साल की सजा और 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया था। जेएम कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। इस पर सुनवाई के पश्चात अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी।

## पृष्ठ एक के शेष

**अभिभाषण की महत्वपूर्ण...**

- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- राज्य में 60,000 पदों पर शिक्षकों, 15,000 पदों पर प्रधानाध्यापकों, विभिन्न कार्यालयों में 2,500 पदों पर लिपिकों और विभिन्न थानों में 10,000 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी।
- क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 10,000 पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।
- राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जाएगा।
- राज्य में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन किया जाएगा।
- राज्य सरकार की सभी नियुक्तियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाएंगे।
- राज्य की सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि के रूप में 2,500 रुपये हर महीने दिए जाएंगे।
- आंगनबाड़ी सेविका, आंगनबाड़ी सहायिका, रसोइया, पोषण सखी, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया आदि के मानदेय में हमारी सरकार ने सम्मानजनक वृद्धि की है। इस कार्यकाल में इनके मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वार्षिक वृद्धि की जाएगी।
- राज्य में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी राखी मंडल की महिलाओं को 15,000 करोड़ रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- सक्रिय महिला, समन्वयक कार्यक्रम पदाधिकारी, जेएसएलपीएस से जुड़े सभी कर्मियों के मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वृद्धि की जाएगी।
- प्रत्येक ग्राम संगठन की 0 प्रतिशत ब्याज दर पर 15-15 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराया जाएगा।
- राज्य के सभी जरूरतमंद परिवारों को 15 लाख रुपये के अनुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ा जाएगा।
- राज्य के सभी गरीब व्यक्ति को प्रति महीने 7 किलोग्राम चावल और 2 किलोग्राम दाल उपलब्ध कराया जाएगा।
- अबुआ आवास योजना के तहत 25 लाख से अधिक गरीब परिवारों को सुविधायुक्त तीन कमरों का सुंदर आवास चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा।
- आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों के मध्याह्न भोजन में सभी बच्चों को प्रति दिन अंडा या फल दिया जाएगा।
- रांची सहित राज्य के अन्य शहरों में वर्षों पूर्व बनाए गए घरों के नक्शों का नियमितीकरण किया जाएगा।
- वन विभाग के अंतर्गत इको टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का निर्माण करते हुए राज्य के वन क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए आवश्यक अवसंरचनाओं का निर्माण एवं संचालन किया जाएगा।
- राज्य कर्मियों की पुरानी पेंशन को सुरक्षित रखते हुए उनके एनपीएस खाते में जमा राशि को केंद्र सरकार से वापस लाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।
- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति की जाएगी।
- राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में बहुद्देशीय स्टेडियम सह खेल प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के साथ-साथ प्रत्येक प्रमंडल में 1-1 स्पोर्ट्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जाएगा।
- राज्य में फुटबॉल, हॉकी एवं तीरंदाजी जैसे खेलों में उपलब्ध प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के क्षमता विकास के लिए तीन बहुद्देशीय प्रशिक्षण संस्थानों का निर्माण किया जाएगा।
- राज्य में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी।

**जेपीएससी अध्यक्ष की...**

कि जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए उचित कार्रवाई कर रही है। ऐसे में जेपीएससी अध्यक्ष का रिक्त पद जैसे ही भरा जाएगा, नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई तत्काल शुरू हो जाएगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा।


**कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के शहरी झुग्गी बस्तियों में आवासित लोगों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित "अटल मुहल्ला क्लिनिक" के संचालन हेतु चिकित्सक (आयुष) चिकित्सक (MBBS) का चयन के लिए Walk In Interview हेतु विज्ञापन**

विज्ञापन संख्या 08/2024 — साक्षात्कार की तिथि– 17/12/2024

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–5/पी0–65/2021–32(5)ब, योजना, स्वा0, गढ़वा दिनांक–25.05.2023 के द्वारा शहरी झुग्गी बस्तियों में आवासित लोगों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित "अटल मुहल्ला क्लिनिक" के संचालन हेतु चिकित्सक (आयुष) की Walk In Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएं प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर चयन किया जाना है।

"अटल मुहल्ला क्लिनिक", गढ़वा के लिए चिकित्सक (आयुष) एवं चिकित्सक (MBBS) की सेवा प्राप्त करने हेतु आवश्यक अर्हता, परिलब्धि एवं कार्यावधि निम्नांकित है :–

| क्रम सं० | पद का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | कोटिवार पदों की संख्या (कोटि) | (संख्या) | मानदेय | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सक (आयुष) | Bachelor in Ayurved / Homoeopath / Unani (BAMS/BHMS/BUMS) Degree in any recoganised institution | UR | 01 | रूपये 20,000/– प्रतिमाह | 08:00 AM to 12:00 PM or 04:00 PM to 08:00 PM |
| | | | SC | 01 | | |
| | | | Total | 02 | | |
| 2 | चिकित्सक (MBBS) | Bachelor of Medicine, Bachelor of Surgeory or MBBS Degree in any recoganised institution approved by MCI/NMC | UR | 02 | अनुमानित मासिक परिलब्धि 36,400/–, Rs. 1400 x 26 days | 08:00 AM to 12:00 PM or 04:00 PM to 08:00 PM |
| | | | Total | 02 | | |

- Walk In Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- चिकित्सक (आयुष) एवं चिकित्सक (MBBS) द्वारा भविष्य में नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
- उपरोक्त क्रमांक 1 एवं 2 के लिए अधिकतम् 67 वर्ष(सिविल सर्जन से निर्गत मेडिकल फिटनेश प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है, मेडिकल फिटनेश प्रमाण–पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा)।नोट – "अटल मुहल्ला क्लिनिक" के लिए चयनित चिकित्सक (आयुष) एवं चिकित्सक (MBBS) विभागीय निर्देशानुसार कार्य दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

उक्त चिकित्सक (आयुष) एवं चिकित्सक (MBBS) का चयन हेतु अन्य शर्त्ते, अर्हता, आवेदन–पत्र इत्यादि की विवरणी गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर अथवा जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा कार्यालय के सूचना–पट्ट से प्राप्त की जा सकती है।

इच्छुक अभ्यर्थी, चिकित्सक (आयुष) के पद पर चयन के लिए सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा में दिनांक–17.12.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे सभी शैक्षणिक एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों के सहित विहित प्रपत्र में आवेदन के साथ Walk In Interview में उपस्थित हो सकते हैं। शैक्षणिक एवं अन्य वांछित मूल प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति (1 प्रति में) साथ लायेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 341740 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा (समाज कल्याण)**

दूरभाष संख्या :–06526-295011 /फैक्स संख्या :–295011 email :– awc4.monitoring@gmail.com

**आम सूचना**

निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड राँची के पत्र संख्या–3083/स0क0 दिनांक–03.12.2024 द्वारा लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के आँगनवाड़ी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन हेतु माह–जनवरी, 2025 में निर्धारित आम सभा की तिथिवार विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 स0 | परियोजना का नाम | पंचायत का नाम | आँगनवाड़ी केन्द्र का नाम | पद का नाम | चयन की तिथि | आम सभा का स्थल | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भण्डरा | मसमानो | बुड़का बड़का टोली | सहायिका | 07.01.2025 | आँ0 केन्द्र बुड़का बड़का टोली | 11:00 Am |
| 2 | भण्डरा | जमगाई | जमगाई–1 | सहायिका | 08.01.2025 | आँ0 केन्द्र जमगाई–1 | 11:00 Am |
| 3 | भण्डरा | नरौली | नगजुआ टीकरा टोली | सहायिका | 09.01.2025 | आँ0 केन्द्र नगजुआ टीकरा टोली | 11:00 Am |
| 4 | भण्डरा | आकाशी | कुम्हरिया मिया टंगरा टोली | सहायिका | 10.01.2025 | आँ0 केन्द्र कुम्हरिया मिया टंगरा टोली | 11:00 Am |
| 5 | भण्डरा | नरौली | चरिमा सिया टोली | सहायिका | 11.01.2025 | आँ0 केन्द्र चरिमा सिया टोली | 11:00 Am |
| 6 | भण्डरा | नरौली | चरिमा–1 | सहायिका | 13.01.2025 | सामुदायिक भवन चरिमा | 11:00 Am |
| 7 | भण्डरा | भण्डरा | पझरी | सेविका | 15.01.2025 | आँ0 केन्द्र पझरी | 11:00 Am |
| 8 | किस्को | खरकी | छेछरा नवाडीह | सहायिका | 03.01.2025 | आँ0 केन्द्र छेछरा नवाडीह | 11:00 Am |
| 9 | किस्को | बेटहठ | हेसापीढ़ी | सहायिका | 03.01.2025 | अखड़ा के समीप | 01:00 Pm |
| 10 | किस्को | रोरद | ओनेगड़ा नक्टी टोली | सहायिका | 06.01.2025 | रा0कृत प्रा0 विद्यालय, रोरद पेशरार | 11:00 Am |
| 11 | किस्को | रोरद | रोरद छापर टोली | सहायिका | 06.01.2025 | रा0कृत प्रा0 विद्यालय, रोरद पेशरार | 01:00 Pm |
| 12 | किस्को | पेशरार | मेरम | सहायिका | 09.01.2025 | आँ0 केन्द्र मेरम | 11:00 Am |
| 13 | किस्को | पेशरार | पुलुंग | सहायिका | 09.01.2025 | आँ0 केन्द्र पुलुंग | 01:00 Pm |
| 14 | किस्को | रोरद | पुतरार चटकपुर | सहायिका | 13.01.2025 | आँ0 केन्द्र पुतरार चटकपुर | 11:00 Am |
| 15 | किस्को | रोरद | गोमिया | सहायिका | 13.01.2025 | आँ0 केन्द्र गोमिया | 01:00 Pm |
| 16 | किस्को | हिसरी | बरवाटोली | सहायिका | 16.01.2025 | सामुदायिक भवन | 11:00 Am |
| 17 | किस्को | हिसरी | छोट चोरगाई नवाडीह | सहायिका | 16.01.2025 | आँ0 केन्द्र छोट चोरगाई नवाडीह | 01:00 Pm |
| 18 | किस्को | आरेया | महुगाँव टोंगरी टोली | सहायिका | 22.01.2025 | आँ0 केन्द्र महुगाँव टोंगरी टोली | 11:00 Am |
| 19 | किस्को | देवदरिया | लावादाग | सहायिका | 24.01.2025 | स्कूल प्रांगन | 11:00 Am |
| 20 | किस्को | देवदरिया | जोबांग चेरवाटांड | सहायिका | 24.01.2025 | आँ0 केन्द्र जोबांग चेरवाटांड | 01:00 Pm |
| 21 | किस्को | देवदरिया | बहावार | सहायिका | 30.01.2025 | अखड़ा के समीप | 11:00 Am |
| 22 | सेन्हा | तुईमू | हुड़मुड़ | सहायिका | 16.01.2025 | आँ0 केन्द्र हुड़मुड़ | 11:00 Am |
| 23 | सेन्हा | तुईमू | रनकुली | सहायिका | 17.01.2025 | आँ0 केन्द्र रनकुली | 11:00 Am |
| 24 | सेन्हा | तुईमू | तुडूर | सहायिका | 18.01.2025 | आँ0 केन्द्र तुडूर | 11:00 Am |
| 25 | सेन्हा | तुईमू | निन्दी | सहायिका | 20.01.2025 | आँ0 केन्द्र निन्दी | 11:00 Am |
| 26 | सेन्हा | तुईमू | चाँड़ी | सहायिका | 21.01.2025 | आँ0 केन्द्र चाँड़ी | 11:00 Am |
| 27 | सेन्हा | तुईमू | हुन्दी | सहायिका | 22.01.2025 | आँ0 केन्द्र हुन्दी | 11:00 Am |
| 28 | सेन्हा | तुईमू | जोभी टोली | सहायिका | 24.01.2025 | आँ0 केन्द्र जोभी टोली | 11:00 Am |
| 29 | सेन्हा | तुईमू | लोटा चुआँ | सहायिका | 25.01.2025 | आँ0 केन्द्र लोटा चुआँ | 11:00 Am |
| 30 | सेन्हा | तुईमू | दुधा पाट | सहायिका | 25.01.2025 | आँ0 केन्द्र दुधा पाट | 02:00 Pm |
| 31 | सेन्हा | हेसाग | चपाल | सहायिका | 27.01.2025 | आँ0 केन्द्र चपाल | 11:00 Am |
| 32 | सेन्हा | हेसाग | बतरू | सहायिका | 28.01.2025 | आँ0 केन्द्र बतरू | 11:00 Am |
| 33 | सेन्हा | हेसाग | गढ़कसमार साईन टोली | सहायिका | 29.01.2025 | आँ0 केन्द्र गढ़कसमार साईन टोली | 11:00 Am |
| 34 | सेन्हा | तोड़ार | सेरेंगहातु बडका टोली | सहायिका | 30.01.2025 | आँ0 केन्द्र सेरेंगहातु बडका टोली | 11:00 Am |
| 35 | सेन्हा | तोड़ार | बरही गम्हार टोली | सहायिका | 30.01.2025 | आँ0 केन्द्र बरही गम्हार टोली | 02:00 Pm |
| 36 | सेन्हा | मुर्की तोड़ार | मन्हे मुस्लिम टोली | सहायिका | 31.01.2025 | आँ0 केन्द्र मन्हे मुस्लिम टोली | 11:00 Am |

PR.NO.341714 Lohardaga(24-25):D — जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

**-:निविदा शुद्धि पत्र:-**

एतद द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना–19/2024–25 जन सम्पर्क विभाग के PR 340387 (Building) 24-25:D से प्रकाशित जिसकी परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–13.12.2024 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–14.12.2024 है के क्रमांक सं0–05 को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारण से स्थागित किया जाता है।

बाकी अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.341724 Building(24-25):D

